जबलपुर
बुधवार, 15 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष-7
वर्ष : 19, अंक : 15
पृष्ठ : 14 , मूल्य : 3 .00 रुपये


मौसम
अधि. 40
न्यून. 25


# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


नौ काउंटर लगाए गए

**कुबेरेश्वरधाम पर आज से होगा रुद्राक्ष वितरण**



सीहोर। चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में शिव महापुराण के अभिमंत्रित रुद्राक्ष का वितरण आज बुधवार से किया जाएगा।

### उत्तरप्रदेश के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के महोबा में जनसभा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संबोधन

# गठबंधन करना ही है तो डूबते जहाज में क्यों बैठ रहे हो भैया जिन्होंने पूरी कांग्रेस को डुबो दिया उनसे गठबंधन कर रहे हो

सीएम डॉ. यादव ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर कसा तंज / मुख्यमंत्री डॉ. यादव 14 से 19 मई तक निरंतर राज्यों के भ्रमण पर रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मंगलवार को उत्तरप्रदेश के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के महोबा में जनसभा में पहुंचे। उन्होंने समाजवादी प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि डूबते जहाज से गठबंधन कर लिया। उन्होंने कहा कि इनके पिता जी ने मोदी को सरकार बनाने के लिए शुभकामनाएं दी थीं। जबकि बेटे ने डूबते जहाज से गठबंधन कर लिया।





**स्व. मुलायम सिंह को दिया धन्यवाद**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव उत्तरप्रदेश की हमीरपुर लोकसभा की चरखारी विधानसभा के पनवाड़ी गांव में चुनावी सभा को संबोधित किए। उन्होंने कहा कि गठबंधन करना ही है तो डूबते जहाज में क्यों बैठ रहे हो भैया। जिन्होंने पूरी कांग्रेस को डुबा दिया उनसे गठबंधन कर रहे हो। गठबंधन करना ही है तो चलती हुई गाड़ी से करो। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. मुलायम सिंह को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुभकामनाएं प्रेषित की थीं और कहा था कि आपकी सरकार बन रही है।

**मुख्यमंत्री पांच राज्यों में जनसभा व रोड शो में होंगे शामिल**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव मप्र में लोकसभा निर्वाचन में निरंतर सक्रिय रहे। उन्होंने प्रदेश में चार चरणों में हुए मतदान के सुचारू रूप से पूर्ण होने के बाद अब अन्य राज्यों में संगठन के प्रचार के लिए निकले हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव 14 से 19 मई तक निरंतर राज्यों के भ्रमण पर रहेंगे। डॉ. यादव 14 मई को भोपाल से खजुराहो होते हुए उप्र के महोबा पहुंचें। वहां हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लिए और जन सभा को संबोधित किए। वे मंगलवार को शाम नई दिल्ली पहुंचेंगे। इसके बाद वे रोड शो और स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल हुए।*









**खबर संक्षेप**


**12वीं के एग्जाम में फेल हुए छात्र ने किया सुसाइड**

**इंदौर।** सोमवार को सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट घोषित किया है। असफल होने पर बारहवीं के छात्र ने जहरीला पदार्थ खाकर सुसाइड कर लिया। इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। छात्र का नाम आर्यन है। आर्यन ने अपना रिजल्ट चेक करने करने के बाद डिप्रेशन में था। सोमवार को उसने खुद को बाथरूम में बंद कर लिया था।



**कोर्ट के खिलाफ टिप्पणी अब आईएमए को फटकार**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापन केस में मंगलवार को बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण को राहत मिल गई। बेंच ने कोर्ट के खिलाफ की गई टिप्पणियों के लिए आईएमए के प्रेसिडेंट डॉ अशोकन को भी फटकार लगया कि आप आईएमए के प्रेसिडेंट हैं, आपने सार्वजनिक रूप से माफी क्यों नहीं मांगी?



नामांकन के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- काशी के मेरे परिवारजनों का हृदय से आभार

# दशाश्वमेध घाट पर पूजा, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आरती, पुष्य नक्षत्र में 'नमो' का नामांकन



पीएम मोदी ने लिखा-काशी के साथ मेरा रिश्ता अनूठा, अभिन्न और अतुलनीय है। मैं कह सकता हूं कि इसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने लिखा काशी के मेरे परिवारजनों का हृदय से आभार।

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तीसरी बार वाराणसी लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस मौके पर करीब एक दर्जन राज्यों मुख्यमंत्री, भाजपा के तमाम वरिष्ठ नेता और अन्य लोग मौजूद रहे। इससे पहले उन्होंने सुबह गंगा के तट पर दशाश्वमेध घाट पर पूजा अर्चना के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आरती भी की और काल भैरव के दर्शन किए।

पीएम मोदी के पास कुल 3 करोड़ 2 लाख 6 हजार 889 रुपए की संपति है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा विशेष रूप से मौजूद रहे।



नामांकन के लिए एक डगर पर दिखे दिग्गज....

## पीएम मोदी के नामांकन में दिखी एनडीए की एकजुटता

नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, राजस्थान के भजनलाल शर्मा, महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे, हरियाणा के नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले आदि की मौजूदगी रही।



पीएम ने जिला अधिकारी से किया नमस्कार फिर भरा नामांकन

**पीएम के पास 4 सोने की अंगूठियां हैं लेकिन न कार है न घर है**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नामांकन के समय अपना चुनावी हलफनामा भी दाखिल किया जिसमें उन्होंने अपने पास मौजूद संपत्ति की जानकारी दी है। एफिडेविट के मुताबिक, पीएम नरेंद्र मोदी के पास नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट्स भी हैं जिनकी कीमत 9,12,398 रुपए है। पीएम ने अपने हलफनामे में सोने की चार अंगूठियां होने की भी जानकारी दी है। 45 ग्राम सोने की कीमत वाली इन अंगूठियों की वैल्यू करीब 2,67,750 रुपए है। उनके पास कुल 3 करोड़ 2 लाख 6 हजार 889 रुपए की संपति है। पीएम नरेंद्र मोदी के पास अपना खुद का कोई घर और कार भी नहीं है। उनके पास कुल 52,920 रुपए कैश हैं। वहीं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की गांधीनगर शाखा में 73,304 रुपए जमा है। जबकि वाराणसी ब्रांच में सिर्फ 7000 रुपए जमा हैं। पीएम मोदी ने हलफनामे में पिछले 5 साल की आय की भी जानकारी दी है। 2018-19 में उन्होंने आईटीआर में अपनी आय 11,14,230 रुपए दिखाई थी।*

**दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का केजरीवाल पर हमला**



## ईमानदारी की सौगंध खाने वाला बड़ा भ्रष्टाचारी निकला

मुख्यमंत्री निवास में एक बहन के साथ ऐसा व्यवहार उनका अपमान करना जनता कैसे सहन करेगी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि ये केजरीवाल नहीं करप्शनवाल बन गए हैं। केजरी करप्शनवाल, इस आदमी ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। यह तो ईमानदारी की सौगंध खाते आना वाला सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी निकला। यह बात कहते हुए शर्म आती है। उन्होंने कहा कि अभी पता चला है कि स्वाति मालीवाल के साथ इन्होंने क्या किया है। मुख्यमंत्री निवास में एक बहन के साथ ऐसा व्यवहार उनका अपमान करना जनता कैसे सहन करेगी।

**भारत विश्व गुरु बनेगा कोई ताकत नहीं रोक सकती**

*शिवराज ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा। दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी, पिद्दी-पिद्दी से देश हमें डराते थे। ये इंडी गठबंधन वालों को हो क्या गया है। बोले पाकिस्तान वालों के पास परमाणु बम है। उन्होंने कहा कि हमारे पास भी 56 इंच वाले प्रधानमंत्री हैं। हम किसी को छेड़ेंगे नहीं, यदि हमें किसी ने छेड़ा तो उसे हम छोड़ेंगे नहीं। ये अलग भारत है। उन्होंने कहा कि भारत सबके साथ शांति का व्यवहार करना चाहता है। लेकिन देश के दुश्मन स्वीकार नहीं है। शिवराज ने कहा कि देखिए अरविंद केजरीवाल भी इंडी गठबंधन के साथ हो गए। ये पहले एक दूसरे को दिन रात गाली देते थे।*

## अब तिहाड़ जेल को भी मिली बम से उड़ाने की धमकी



जेल के डीजी के पास ईमेल आया, पुलिस अधिकारियों में मचा हड़कंप

**नई दिल्ली।** देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ईमेल के जरिये बम से उड़ाने की धमकी भरे मेल आने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पहले दिल्ली के अस्पतालों में मेल आने के बाद अब तिहाड़ जेल को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जेल के डीजी के पास ईमेल आया है। तिहाड़ जेल को बम की धमकी भरा मेल आने के बाद पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है।

## आप ने तोड़ी चुप्पी, केजरीवाल के पीए पर अब होगा एक्शन



स्वाति मालीवाल से अभद्रता मामले में संजय सिंह ने मीडिया को दी जानकारी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के मामले में आम आदमी पार्टी ने करीब 30 घंटे बाद चुप्पी तोड़ी। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल के पीए ने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ अभद्रता की और सीएम ने इसका संज्ञान लेकर एक्शन लेने को कहा है। सोमवार सुबह स्वाति मालीवाल ने पीसीआर को कॉल करके कहा था कि सीएम आवास पर उनके साथ मारपीट की गई।


## अब उपभोक्ता अदालत नहीं जा पाएंगे क्लाइंट



कोर्ट ने कहा-वकील उपभोक्ता संरक्षण कानून के दायरे में नहीं आते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि वकीलों की 'खराब सेवा' के लिए उपभोक्ता अदालत में केस नहीं चलाया जा सकता है। वकील उपभोक्ता संरक्षण कानून के दायरे में नहीं आते हैं। जस्टिस बेला एम त्रवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच ने कहा कि फीस देकर कोई भी काम करवाने को कंज्यूमर प्रोटेक्शन ऐक्ट की 'सेवा' के दायरे में नहीं रखा जा सकता।

## तालाब में डूबने से दो भाइयों समेत तीन बच्चों की मौत



छतरपुर के रावपुर गांव में हादसा, इलाके में हाहाकार और मातम पसरा

**छतरपुर।** छतरपुर में सोमवार को तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। इनमें दो सगे भाई थे। शाम तक तीनों के शवों को बाहर निकाला गया। तीनों तालाब में नहाने गए थे। यह बच्चे घर में खेलने का कहकर निकले थे। जानकारी के मुताबिक, जिले की चंदला विधानसभा के रावपुर गांव में सोमवार दोपहर को विजय (8), केशरीलाल (4) और रितिक (पांच) घर से खेलने निकले थे।

बारिश के चलते पूरे प्रदेश में सामान्य से नीचे पारा

## एक दर्जन जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे, 2 से 4 डिग्री तक तापमान में गिरावट

प्रदेश में औसत दिन का पारा 40 डिग्री, कल के बाद बढ़ेगी तपिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के अधिकांश जिलों में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। मंगलवार को करीब एक दर्जन जिलों में ओले गिरे, जबकि डेढ़ दर्जन से अधिक जिलों में बारिश, बौछारों से गर्मी पर अंकुश रहा। पूरे प्रदेश में दिन और रात के तापमान में लगातार दूसरे दिन सामान्य से नीचे दर्ज हुआ है। अधिकांश जिलों में दिन और रात के तापमान में गिरावट रही, जबकि कुछ जिलों में पारा 2 से 4 डिग्री तक गिरा है। बुधवार को भी आधा दर्जन जिलों में ओले गिरने के साथ ही एक दर्जन से अधिक जिलों में बारिश होगी।



शहर में शाम को तेज हवाएं चलीं, बीएचईएल क्षेत्र का दृश्य

**आज यहां बारिश, ओले का अलर्ट**

झाबुआ, धार, रतलाम, उज्जैन, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्ना जिलों में कहीं-कहीं ओले गिरेंगे। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, रीवा, नर्मदापुरम संभागों के जिलों के साथ ही गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, श्योपुरकलां, अनूपपुर, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ आदि जिलों में कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश होगी।

**यहां तेजी से गिरावट**

रतलाम में सर्वाधिक 4 डिग्री की गिरावट के साथ पारा 37 डिग्री पर रहा। नरसिंहपुर, टीकमगढ़, शिवपुरी, धार आदि जिलों में 2 डिग्री तक गिरा। भोपाल में एक डिग्री बढ़कर 39.7 डिग्री रहा।






## वाराणसी में पीएम मोदी की लोगों से अपील

# दीया जलाकर, थाली-घंटी बजाकर लोगों को बूथ तक लाएं बूथ प्रबंधन के साथ ही पन्ना प्रभारियों को दिया जीत का मंत्र

*पीएम मोदी ने वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और बूथ प्रबंधन के साथ ही जीत का मंत्र भी दिया। रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में भाजपा के कई मंत्री और कार्यकर्ता समेत बनारस के प्रबुद्ध वर्ग के लोग मौजूद रहे। पीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मतदान का दिन किसी उत्सव के दिन की तरह बनाना है।*

एजेंसी ▶▶ वाराणसी।

पीएम नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव के लिए तीसरी बार अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान पीएम के साथ सूबे के मसीएम योगी आदित्यनाथ, भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत तमाम नेता मौजूद रहे। पीएम मोदी ने वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और बूथ प्रबंधन के साथ ही जीत का मंत्र भी दिया।

रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में बीजेपी के कई मंत्री और कार्यकर्ता समेत बनारस के प्रबुद्ध वर्ग के लोग मौजूद रहे. इस दौरान पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से अपील की कि दस बजे के पहले दिया जला कर थाली बजा कर घंटी बजा कर भारत माता की जय बोलते हुए लोगों को मतदान केंद्र तक जरूर लाएं और ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान करने के लिए कहे. पीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मतदान का दिन किसी उत्सव के दिन की तरह बनाना है।



### मतदान केंद्र को बताया लोकतंत्र का मंदिर

पीएम मोदी ने कहा कि मतदान केंद्र लोकतंत्र का मंदिर है। ऐसे में हर किसी को यहां आकर अपने मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर पहले से ज्यादा मतदान होना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। पीएम ने कहा कि हर बूथ पर पहले से 370 वोट ज्यादा होना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। मेरी जीत जरूरी नहीं है पर हर बूथ की जीत ही लोकतंत्र की जीत है। पीएम ने कहा कि उनकी जीत जरूरी नहीं बल्कि हर बूथ की जीत ही लोकतंत्र की जीत है। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में एक चुनाव का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि श्रीनगर में हुआ मतदान लोकतंत्र की जीत है। अगर वहां ऐसा मतदान हुआ है तो देश का मतदान 100 प्रतिशत होना चाहिए।

### सरकार की योजनाओं को जनजन तक पहुंचाएं

पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठन की मजबूत इकाई हमारे पन्ना प्रमुख और हमारी बूथ समिति है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की अपनी जिम्मेदारी है कि वो सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान दें, साथ ही अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को जागरूक करें।

### पन्ना प्रमुख और बूथ समिति संगठन की मजबूत इकाई

रूद्राक्ष में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि संगठन की मजबूत इकाई हमारे पन्ना प्रमुख व हमारे बूथ समिति हैं। आप लोग अपनी जिम्मेदारी के तहत सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान दें। अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक करें।

## बंगाल में भाजपा टीएमसी में बवाल

### घोष की कार पर किया पथराव, जवान घायल

**कोलकाता।** बर्धमान-दुर्गापुर लोकसभा क्षेत्र के कुछ इलाकों में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई।



कालना गेट में भाजपा के उम्मीदवार दिलीप घोष को उस समय विरोध का सामना करना पड़ा, जब वह कुछ शिकायतें मिलने के बाद एक मतदान केंद्र पर जा रहे थे। तृणमूल समर्थकों ने उनका रास्ता रोक लिया और 'वापस जाओ' के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेता के काफिले पर भी पत्थर फेंके गए और इसके चलते कुछ कारें क्षतिग्रस्त हो गईं।

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे पहुंचे महाराजगंज

### एनडीए का डबल इंजन फेल हो गया

**महाराजगंज।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक चुनावी जनसभा में भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग डबल इंजन सरकार की बात करते हैं,



जिसमें इनका एक इंजन फेल हो गया और दूसरा इंजन डिरेल हो गया। हमारी सरकार ने नेहरू जी और इंदिरा जी के शासनकाल में विकास का काम किया। हम पीएम मोदी और सीएम योगी के खिलाफ नहीं, विचारधारा के लिए लड़ रहे हैं। मोदी सरकार अमीरों के साथ है। हमारी सरकार मनरेगा लेकर आई।उन्होंने कहा कि यहां के भाजपा प्रत्याशी ने आपके लिए कोई काम नहीं किया है। महाराजगंज जिला मुख्यालय रेल लाइन से नहीं जोड़ा गया।

## हैंडमेड पेपर पर बनी तस्वीर लेकर खड़ी थी बच्ची पीएम की पड़ी नजर, मंगाकर दी 'शाबाशी'

*वाराणसी। पीएम मोदी का रोड शो तुलसी द्वार से होकर गुजर रहा था। वहां अदिति अग्रवाल पहले से ही हैंडमेड पेपर पर पीएम मोदी की बनाई चित्र लेकर खड़ी थीं। वेकाफी उत्साहित थीं। इस पर जब पीएम की नजर पड़ी तो अपने वाहन से ही पूछा, क्या आपने यह पेंटिंग बनाई है? इस पर अदिति ने हां कहा। पीएम ने शाबाशी का ईशारा किया और अपने सुरक्षाकर्मियों से वह पेंटिंग मंगाई।*

### झारखंड के नेता नोटों के पहाड़ उगा रहे

### नक्सल-आतंक खत्म करेंगे, चोरों को चैन से सोने नहीं दूंगा

*पीएम मोदी गिरिडीह में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के राज में नक्सली सिर उठाते थे। भाजपा सरकार ने नक्सलियों को ठिकाने लगा दिया। मोदी को टकराना आता है। झारखंड में नक्सलियों का दायरा सिकुड़ गया है। आतंक हो या नक्सलवाद मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में इन पर बहुत बड़ा प्रहार करने का संकल्प ले चुका है। नक्सवाद ने कई मांओं के सपने कुचल दिए है।पीएम ने कहा कि झारखंड के नेता नोटों के पहाड़ उगा रहे हैं। अफसर, नौकरों के यहां से पैसे निकल रहे हैं। ये जो भी करते हैं शाही परिवार के इशारे पर। ये पैसा मंत्रियों के यहां पहुंच रहा हूं। ये तो शुरुआत है।*

### बिरनी प्रखंड में लगे जय श्री राम के नारे

बिरनी प्रखंड के पेशम पंचायत में जनसभा कहा मैं सीधे काशी से आपके बीच आ रहा हूं। मुझे आने में विलंब हुआ, आप सब मुझे क्षमा करें। वे कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में सभा को संबोधित किया। पीएम मोदी को सुनने के लिए झारखंड के गिरिडीह स्थित बिरनी प्रखंड के पेशम पंचायत में भारी संख्या में लोग पहुंचे है।` जय श्री राम के नारे लगाए गए।

## बंगाल की जनसभा में शाह का दीदी पर पलटवार

# वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठ को कर रहीं समर्थन

कोलकाता। लोकसभा चुनावों के लिए पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि भाजपा पहले चार चरणों में ही 270 सीटें जीतेगी। शाह ने बनगांव की रैली में कहा कि अभी तक देश की 380 लोकसभा सीट पर चुनाव हो चुके हैं, उनमें से मोदी जी 270 सीट जीतेंगे। एक दिन पहले बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने कहा था कि भाजपा सिर्फ 195 सीटें जीत पाएगी। इंडिया अलायंस 315 सीटें जीतेगा। शाह ने कहा कि दीदी वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठ होने देती हैं, लेकिन सीएए का विरोध कर रही हैं।ममता दीदी कभी भी सीएए लागू होने से नहीं रोक सकतीं। वे झूठ बोल रही हैं कि सीएए के तहत नागरिकता के लिए जो भी अर्जी करेगा। उसे तकलीफ आएगी। मतुआ समाज के लोगों को मैं आश्वस्त करने आया हूं कि किसी को कोई तकलीफ नहीं आएगी। नागरिकता भी मिलेगी और देश में सम्मान के साथ जी भी पाओगे। दुनिया की कोई ताकत मेरे शरणार्थी भाइयों को भारत का नागरिक बनने से रोक नहीं सकती।



### विक्टिम कार्ड नहीं खेल सकते केजरीवाल...

शाह ने कहा है कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल 2 जून को तिहाड़ जेल में फिर जाएंगे। उन्हें गिरफ्तारी के कारणराज्यों में सहानुभूति मिलेगी?शाह ने कहा, केजरीवाल विक्टिम कार्ड नहीं खेल सकते। अदालत ने उनके दावे को खारिज कर दिया है।

### किसी को नहीं छोड़ा जाएगा

शाह ने कहा कि बनगांव की सभा में कहा कि चिटफंड घोटाले वाले, शिक्षक भर्ती घोटाले वाले, नगरपालिका भर्ती घोटाले वाले, राशन घोटाले वाले, गाय और कोयला तस्करी करने वाले व पैसे लेकर सवाल करने वालों को जेल जाने की तैयारी कर लेनी चाहिए। किसी को छोड़ा नहीं जाएगा।

## अमेठी में प्रियंका ने किया प्रचार

### रिश्ता बनाने में स्मृति को लगेंगे 40 साल

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी इन दिनों पार्टी के चुनावी सभाओं में जुटी हैं और उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं। अमेठी में उन्होंने




नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा सांसद स्मृति इरानी को लेकर कहा वे अपने राजनीतिक मकसद के साछ अमेठी आई थी। उन्हें रिश्ता बनाने में 40 साल लगेगा। प्रियंका ने कहा कि वह गांव-गांव में जा रही हैं। जब छोटे थे तब भी आते थे। चाहे हम सांसद रहें या ना रहें इससे हमारा कोई ताल्लुक नहीं है। जनता और नेता के बीच एक आदर का रिश्ता था। वो अब नहीं निभाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### आईटीओ स्थित सीआर बिल्डिंग में भीषण आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आईटीओ स्थित सीआर बिल्डिंग में मंगलवार दोपहर आग लग गई। इमारत में



अफरा-तफरी मच गई। बिल्डिंग में मौजूद 4-5लोग जान बचाने के लिए खिड़की से निकल कर छज्जे पर पहुंच गए। इमारत में इनकम टैक्स का कार्यालय है। दमकल कर्मियों ने सीढ़ी लगाकर लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। दमकल की 21 गाड़ियां जुटी रहीं।

### होर्डिंग गिरने से मृतकों की संख्या 14 तक पहुंची

**मुंबई।** आंधी-तूफान की वजह से मुंबई के घाटकोपर में एक 100 फीट लंबा होर्डिंग ढहने से मरने



वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई।43 घायलों का अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जबकि 31 घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। एक घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा जिमखाना के पास सोमवार की शाम साढ़े बजे के करीब हुआ था।

### भीमा कोरेगांव मामले में नवलखा को जमानत

**नई दिल्ली।** भीमा कोरेगांव हिंसा मामले में आरोपी गौतम नवलखा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली



है। शीर्ष अदालत ने नवलखा को जमानत देने के लिए बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश पर लगी रोक को हटा दी है। हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ नवलखा की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही थी। फैसला न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने किया।

## सिसोदिया पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में ईडी के वकील ने कहा

# आप को भी बनाएंगे आरोपी और पूरक आरोप पत्र करेंगे दाखिल

*केजरीवाल की मुश्किलें नहीं हो रहीं कम*

### आबकारी केस से जुड़े सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में बहस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट में आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर वकीलों में जोरदार बहस हुई। आबकारी केस से जुड़े सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई की।

इस दौरान मनीष सिसोदिया की ओर से वकील दयान कृष्णन पेश हुए और उन्होंने अपनी दलीलें रखी. वकील दयान कृष्णन ने कहा कि ट्रायल कोर्ट की टिप्पणी के अनुसार आरोपियों की ओर से मुकदमे में देरी करने के लिए एक संगठित प्रयास किया गया था। मैं पूछता हूं, इसका आधार क्या है?वहीं ईडी के वकील जुहैब हुसैन ने बताया कि आम आदमी पार्टी को भी इस मामले में आरोपी बनाया जाएगा और पूरक आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा।



### सिसोदिया के वकील बोले-केस में नहीं हो रही प्रगति

सिसोदिया के वकील ने कहा कि ईडी ने 540 पन्नों के दस्तावेज रिकॉर्ड में दर्ज करने आवेदन दायर किया। यह आवेदन पहली शिकायत के एक साल से ज़्यादा समय बाद और चौथी सप्लीमेंट्री चार्जशीट के 4 महीने बाद दायर किया गया। अब छठी सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की गई है, उनका आरोप था कि मामले में कोई प्रगति नहीं हो रही है।

### ईडी के वकील ने पेश की ये दलील

ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने सिसोदिया की जमानत खारिज करने के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि नए सिरे से दायर की गई जमानत याचिका की जांच गुण-दोष के आधार पर की जानी चाहिए। हुसैन ने सत्येंद्र जैन की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी हवाला दिया।

### गुण-दोष के आधार पर हो विचार

हुसैन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले को गुण-दोष के आधार पर तय करने का विवेकाधिकार नहीं छीना है। यह महज इसलिए जमानत का स्वतः मार्ग नहीं है। मैं दिखाऊंगा कि ट्रायल कोर्ट के पूर्ववर्ती जज और इस ट्रायल कोर्ट को अलग-अलग आरोपियों के खिलाफ कैसे टिप्पणियां करनी पड़ीं।

### कविता की सुनवाई टली

आबकारी नीति मामले में



मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जेल में बंद के. कविता सहित अन्य के खिलाफ ईडी द्वारा दायर सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेने को लेकर सुनवाई टल गई। कोर्ट 20 मई को सुनवाई करेगा। इस मामले में ईडी अब तक कुल सात चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इनमें से एक मुख्य चार्जशीट है और छह अन्य सप्लीमेंट्री चार्जशीट हैं।

## मद्रास हाईकोर्ट ने दिए निर्देश

# 'उत्तराधिकार प्रमाणपत्र' के लिए गलत जानकारी दी तो होगी जेल



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास हाईकोर्ट ने राजस्व प्रशासन आयुक्त को निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि अगर किसी ने भौतिक तथ्यों को छिपाकर या गलत जानकारी देकर कानूनी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग के लिए आवेदन किया है तो उस पर मुकदमा दर्ज करने के लिए पूरे तमिलनाडु के सक्षम राजस्व अधिकारियों को निर्देश जारी करें। न्यायमूर्ति एसएस सुब्रमण्यम ने यह निर्देश एम मारान्नान द्वारा दायर एक याचिका का निपटारा करते हुए दिया।

मारान्नान ने कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया था, जिसे मेट्टुपालयम, कोयंबटूर के तहसीलदार ने खारिज कर दिया था। इसी आदेश को चुनौती देने के लिए मारान्नान ने हाईकोर्ट का रुख किया।

### पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट ने कहा

### सीबीआई में स्टाफ की कमी, पूर्ति करें



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के तहत आने वाली प्रमुख जांच एजेंसी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में स्टाफ की भारी कमी है। इससे उसकी जांच की गति प्रभावित हो रही है। यह कबूलनामा खुद सीबीआई ने पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट में किया है। पिछले दिनों सीबीआई ने हाई कोर्ट को सौंपे हलफनामे में कहा कि वह 'कर्मचारियों की भारी कमी' का सामना कर रही है। इसके बाद कोर्ट ने हरियाणा सरकार को अपने अधिकारी सीबीआई में प्रतिनियुक्ति पर भेजने का निर्देश दिया है।

## कल से उत्तर-पश्चिम भारत में गर्मी करेगी फिर बेहाल

# देश के कई राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

### मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की, बारिश की भी गतिविधियां चलेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के कई हिस्सों में हुई बारिश से लोगों को चिलचिलाती गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली है, लेकिन अब फिर से गर्मी की तपिश बढ़ने की आशंका है।

भारतीय मौसम विभाग ने 16 मई से उत्तर-पश्चिम भारत में फिर से हीटवेव का दौर शुरू होने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग की मानें तो गुरुवार से पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान के अलग-अलग स्थानों में उष्ण लहर की संभावना है।



### गरज-चमक के साथ बारिश की भी संभावना

आईएमडी के अनुसार देश के कुछ हिस्सों में 15 मई तक गरज-चमक के साथ बारिश की गतिविधियां चालू रहेंगी। हालांकि, उसके बाद उत्तर-पश्चिम भारत के मौसम का मिजाज फिर से बदलने की उम्मीद है क्योंकि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार के अधिकांश हिस्सों, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और विदर्भ का मौसम लगभग शुष्क हो सकता है और इन क्षेत्रों में तापमान में वृद्धि होने की आशंका है।

### पूर्वी और मध्य भारत में चलेंगी धूलभरी आंधियां

दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में 17 मई तक तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं पूर्वी और मध्य भारत के कुछ इलाकों में आज धूल भरी आंधी चलने की आशंका है। इसके अलावा आज मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

### कहीं भारी बारिश तो कहीं गरज के साथ पड़ेंगी बौछारें

अगले 24 घंटे के दौरान, दक्षिणी ओडिशा, आंध्र प्रदेश के उत्तरी तट, तटीय कर्नाटक और केरल में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ कुछ भारी बारिश की संभावना है। वहीं पश्चिमी हिमालय सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में हल्की छिटपुट बारिश हो सकती है। इसके अलावा तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, मध्य महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, सिक्किम, लक्षद्वीप और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम वर्षा संभव है। पूर्वी गुजरात में छिटपुट बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

## दो हादसों में 13 लोगों की मौत

# नर्मदा नदी में डूबे सात युवक हापुड़ में भिड़ंत से 6 की मौत

एजेंसी ▶▶ नर्मदा

गुजरात के पोइचा गांव में घूमने आए लोगों के लिए मंगलवार का दिन काल का गाल बन गया। 7 युवकों के नर्मदा



नदी में डूबने की सूचना मिलते ही तट पर मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई।

पुलिस ने बताया कि पोइचा गांव में 6लड़कों और एक आदमी के नर्मदा नदी में डूबने की आशंका है। नदी में उतारने के बाद यह लोग काफी गहराई में चले गए और अब तक इनका कोई पता नहीं चला है।

### हाई-वे पर बेकाबू कार दूसरी दिशा में ट्रक से भिड़ी

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। सोमवार देर रात एक कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। एक गंभीर घायल है। कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त कार से शवों को निकाला। नेशनल हाईवे 09 पर अल्लाहबख्शपुर टोल प्लाजा के पास एक कार बेकाबू होकर डिवाइडर पार दूसरी तरफ पहुंच गई। जिसे तेज रफ्तार ट्रक ने चपेट में ले लिया।




आउटरीच कार्यक्रम 'समाधान अभियान' के तहत

# अब चीन सीमा से सटे इलाकों में खुलेंगे प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, पूर्व सैनिक करेंगे केंद्रों का संचालन

1. एवोकाडो, संतरे, कीवी और फलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा
2. पेंशन, स्वास्थ्य देखभाल, पुनर्वास सहित कई मुद्दों पर की चर्चा
3. उद्यमिता मॉडल के लिए उपलब्ध कार्यक्रमों के बारे में दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम लोगों तक जन औषधि केंद्र के जरिए लोगों को सस्ती और उपयोगी दवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसे में अब सीमा क्षेत्रों में भी जन औषधि केंद्र खोलने की योजना है। केंद्र सरकार उत्तर-पूर्वी राज्य सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापित करेगी, जिनका संचालन पूर्व सैनिक करेंगे।

इसी सिलसिले में भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव ने चीन सीमा पर सिक्किम से लगे क्षेत्रों का दौरा करके पूर्व सैनिकों से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का जायजा लिया है। केंद्र सरकार के इस फैसले को पूर्व सैनिकों की स्वास्थ्य सुविधा को और अधिक मजबूत करने के रूप में देखा जा रहा है।

### विभिन्न प्रतिष्ठानों का किया दौरा

*भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव ने भारतीय सेना के 17 माउंट डिवीजन का दौरा किया और जीओसी मेजर जनरल अमित कबथियाल ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सचिव ने ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक, स्पर्श सुविधा केंद्र व सेवानिवृत्त सैनिक सुविधा केंद्र सहित विभिन्न रक्षा प्रतिष्ठानों का दौरा करके उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने पूर्व सैनिकों के साथ बातचीत करके पेंशन, स्वास्थ्य देखभाल व उनके पुनर्वास सहित अन्य मुद्दों के बारे में पूछताछ की। समाधान अभियान के तहत पूरे क्षेत्र से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लिया, जहां उनसे संबंधित कई मुद्दों पर उन्हें सहायता प्रदान की गई।*



### सामान्य सेवा केंद्रों का भी संचालन करेंगे पूर्व सैनिक

*पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव डॉ. नितेन चंद्रा ने सोमवार भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के आउटरीच कार्यक्रम 'समाधान अभियान' के एक हिस्से के तहत सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने पूर्व सैनिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि राज्य सैनिक बोर्ड और जिला सैनिक बोर्डों को पूरे क्षेत्र में सामान्य सेवा केंद्र और प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। डॉ. नितेन चंद्रा ने बताया कि सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों में खुलने वाले प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों का संचालन पूर्व सैनिक करेंगे।*




### स्वास्थ्य रोडमैप पर चर्चा

डॉ. नितेन चंद्रा ने गंगटोक में सिक्किम के मुख्य सचिव वीबी पाठक से मुलाकात करके पूर्व सैनिकों के लिए स्वास्थ्य रोडमैप पर चर्चा की। इस बैठक के दौरान चर्चा की गई कि राज्य बागवानी विभाग की सहायता से पूर्व सैनिकों के सहकारी समूहों को क्षेत्र में एवोकाडो, संतरे, कीवी और फलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। महानिदेशक (पुनर्वास) मेजर जनरल एसबीके सिंह ने पूर्व सैनिकों के कौशल व दक्षताओं को बढ़ाने और उनके पुनर्वास के लिए उद्यमिता मॉडल के लिए उपलब्ध विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया।


## खबर संक्षेप

### इजराइल हमले में भारतीय सैनिक शहीद



**येरुशलम।** दक्षिणी गाजा के रफाह शहर के खान यूनिस इलाके में हुई गोलीबारी से संयुक्त राष्ट्र के एक कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि एक अन्य कर्मचारी जख्मी हो गया। मृतक कर्मचारी की पहचान भारतीय नागरिक के रूप में की गई है। उनका नाम भारतीय सेना से रिटायर्ड हो चुके कर्नल वैभव अनिल काले बताया गया है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक के मुताबिक, 46 वर्षीय वैभव अनिल काले एक महीने पहले ही यूएन के लिए काम करने गाजा आए थे।

### गेट्स फाउंडेशन से मेलिंडा ने दिया इस्तीफा



**वॉशिंगटन।** दुनिया के शीर्ष अरबपतियों में शुमार बिल गेट्स की पूर्व पत्नी मेलिंडा गेट्स ने बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन की सह-अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। मेलिंडा गेट्स का गेट्स फाउंडेशन में आखिरी दिन 7 जून होगा। मेलिंडा गेट्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर अपने इस्तीफे की जानकारी दी। मेलिंडा ने लिखा कि मैंने और बिल ने मिलकर एक कमाल का संगठन बनाया है, जो दुनियाभर में असमानता से निपट रहा है।

### भारत के बिना बांग्लादेश का विकास असंभव



**ढाका।** बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद ने अपने देश में चल रहे बॉयकॉट इंडिया अभियान को असफल करार दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की मदद के बिना बांग्लादेश का विकास संभव नहीं है। हसन महमूद बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ अवामी लीग पार्टी के संयुक्त महासचिव भी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर भारतीय उत्पादों का बहिष्कार करने के अभियान को असफल करार दिया है।

रूस-यूक्रेन युद्ध पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर का बड़ा खुलासा

# भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकालने के लिए पीएम ने दोनों देश के नेताओं से बात की थी



एजेंसी ▶▶ मुंबई

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार को मुंबई में मीडिया हाउस के संपादकों से बातचीत में बताया कि दो साल पहले रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से फोन पर बात कर यह सुनिश्चित किया था कि युद्ध प्रभावित इलाकों में से भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकाला जा सके। जयशंकर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने खार्किव और सुमी से भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकालने के लिए पुतिन को दो बार और जेलेंस्की को एक बार कॉल किया था। पीएम मोदी ने पुतिन से पूछा कि आप सुरक्षित क्षेत्र पर कैसे फायरिंग की सकते हैं।

*विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बताया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से फोन पर बात कर यह सुनिश्चित किया था कि युद्ध प्रभावित इलाकों में से भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकाला जा सके।*

**खार्किव से छात्रों को निकालने में पुतिन को फोन कर रुकवाई थी फायरिंग**

**सुमी शहर से छात्रों को निकालने में पुतिन को दो बार और जेलेंस्की को एक बार कॉल किया था**

**दिल्ली से भेजे थे दो रूसी वॉलंटियर्स**

### केन्या में बाढ़ पीड़ितों के लिए भारत ने भेजी राहत सामग्री

केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने केन्या में बाढ़ पीड़ितों के लिए सहायता सामग्री भेजने को लेकर जानकारी साझा की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए 40 टन दवाओं, चिकित्सा आपूर्ति और अन्य उपकरणों से युक्त एचएडीआर सामग्री का दूसरा हिस्सा केन्या के लिए रवाना हो गया है। भारत एक एतिहासिक साझेदारी के लिए खड़ा है।

### सुमी ऑपरेशन बड़ा और कठिन था

*जयशंकर ने बताया कि सुमी ऑपरेशन बड़ा ऑपरेशन था। सुमी शहर में हमने बसें भेजीं। हमें पता था कि छात्र निकल जाएंगे और उस दौरान कोई फायरिंग नहीं होगी। जैसे ही छात्र बस में चढ़े, फायरिंग शुरू हो गई। रूस ने कहा कि यूक्रेन ने फायरिंग शुरू की है और यूक्रेन ने कहा कि रूस ने फायरिंग शुरू की है। तो हमारे छात्र वापस चले गए। इसके बाद हमने दिल्ली से दो रूसी वॉलंटियर्स भेजे। इन वॉलंटियर्स ने कहा कि वे छात्रों से मिलेंगे और उन्हें बाहर निकालेंगे। इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने पुतिन और जेलेंस्की दोनों को फोन किया और उन्हें बताया कि हमने ये रास्ता बनाया है और उन्हें छात्रों को वहां से निकालना है।*

### सुरक्षित क्षेत्र बनाया था


जयशंकर ने कहा कि खार्किव वाले घटनाक्रम में छात्रों ने सुरक्षित जगह पहुंचना शुरू कर दिया, लेकिन तभी किसी गलतफहमी की वजह से रूसी सेना ने उस जगह पर फायरिंग शुरू कर दी। तब पीएम मोदी ने पुतिन को फोन किया और उन्हें बताया कि हमारे लोगों ने एक सुरक्षित क्षेत्र जोन बनाया है और मोदी ने पुतिन से पूछा कि आप सुरक्षित क्षेत्र पर फायर कैसे कर सकते हैं। इसके बाद पुतिन ने कहा कि इसे लेकर वे कुछ करेंगे। दो-तीन घंटे बाद हमें मैसेज मिला कि फायरिंग रुक गई है।

### रूस-यूक्रेन जंग को दो साल पूरे

*बता दें, फरवरी 2024 में रूस-यूक्रेन जंग को दो साल पूरे हो गए। अमेरिका के आंकड़ों के मुताबिक जंग में अब तक रूस के 1 लाख 20 हजार और यूक्रेन के 42 हजार सैनिक मारे जा चुके हैं। यूक्रेन के पांच बड़े शहरों पर रूस का कब्जा है।*

इजराइल-हमास युद्ध पर यूएन में भारत बोला

# दोनों सभी अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय कानून का करें सम्मान



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत ने इजराइल और हमास के बीच के चल रहे युद्ध में संघर्ष कर रहे नागरिकों और उनकी मौत की कड़ी निंदा की। यूएन में भारत की प्रतिनिधि ने कहा कि यह संकट अस्वीकार है।संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने फिलिस्तीन पर 10वें यूएनजीए आपातकालीन सत्र में पहुंची। उन्होंने कहा कि इजराइल और हमास के बीच के संघर्ष के कारण जान-माल की हानि हुई।

### हमास का हमला निंदनीय

*रुचिरा कंबोज ने कहा कि इजराइल पर हमास का हमला भी निंदनीय है। आतंकवाद और बंधक बनाने का कोई औचित्य ही नहीं है। इजराइल में आतंकवादी हमले चौंकाने वाले थे। भारत हमेशा से ही आतंकवाद के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भारत सभी बंधकों की रिहाई मांग करता है, वह भी बिना शर्त। उन्होंने बताया कि गाजा में मानवीय स्थिति गंभीर है। स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए गाजा के लोगों को मानवीय सहायता दी जानी चाहिए।*




केंद्र ने लिट्टे पर लगा प्रतिबंध फिर

# गृह मंत्रालय ने संगठन को देश की सुरक्षा के लिए बताया खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




केंद्र सरकार ने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगाए गए प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ा दिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1967 की धारा 3 की उप धारा (1) और (3) को लागू करते हुए प्रतिबंध लगाया। मंत्रालय ने अधिसूचना में बताया कि लिट्टे अभी भी उन गतिविधियों में शामिल है, जो देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए खतरा हैं।

### 14 मई को 1992 को लगाया था प्रतिबंध


*मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया कि लिट्टे समर्थक जनता के बीच अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा दे रहे हैं। ये विशेष रूप से तमिलनाडु में लिट्टे के लिए समर्थन को जुटा रहे हैं। इससे भारत की क्षेत्रीय अखंडती पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। भारत ने 14 मई को 1992 में को लिट्टे पर प्रतिबंध लगाया था। उसके बाद से इस प्रतिबंध को बढ़ाया जा रहा है। इससे पहले यूरोपीय संघ, कनाडा और अमेरिका ने भी इस संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया था।*

सरकार ने माइक्रोसॉफ्ट के साथ की साझेदारी

# डिजिटल अरेस्ट करने वाले 1000 ठगों की ब्लॉक की स्काइप आईडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने देश में तेजी से बढ़ी रही डिजिटल अरेस्ट और ब्लैकमेल की घटनाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सरकार ने 1,000 स्काइप आईडी को ब्लॉक किया है। इसके अलावा इस तरह के स्कैम में शामिल कई हजार सिम कार्ड भी ब्लॉक हुए हैं। सरकार ने इसके लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी की है। यह कार्रवाई भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की ओर से की गई है। गृह मंत्रालय के तहत आई4सी साइबर अपराध से निपटने में समन्वयक का काम करता है।



### धोखेबाजों के सोशल मीडिया किए ब्लॉक

*आई4सी ने माइक्रोसॉफ्ट की मदद से ब्लैकमेलिंग और डिजिटल अरेस्ट जैसी गतिविधियों में शामिल 1,000 से अधिक स्काइप आईडी को भी ब्लॉक कर दिया है। स्काइप पर यह कार्रवाई इसलिए हुई है क्योंकि डिजिटल अरेस्ट के मामलों में स्काइप का ही इस्तेमाल किया गया है।*




प्रोजेक्ट भीष्म के तहत पहली बार किया गया परीक्षण

# वायुसेना ने हवा में गिराया 'अस्पताल', एक साथ 200 लोगों का इलाज संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना ने बुधवार को आगरा में जहाज से पोर्टेबल हॉस्पिटल भीष्म को एयरड्रॉप किया। यह अपनी तरह का पहला ऐसा परीक्षण है, जिसमें एयर फोर्स ने जब हॉस्पिटल क्यूब्स को जहाज से नीचे गिराया। आपातकालीन परिस्थितियों में ये पोर्टेबल हॉस्पिटल बेहद काम आ सकते हैं और इन्हें जहाज से एयरड्रॉप करके कहीं भी इस्तेमाल किया जा सकता है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए प्रोजेक्ट भीष्म को स्वास्थ्य मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। भीष्म प्रोजेक्ट (बैटलफील्ड हेल्थ इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर मेडिकल सर्विसेज) के तहत न केवल भारत में, बल्कि विदेश में भी प्राकृतिक आपदाओं, मानवीय संकटों या शांति और युद्ध के समय में भी तेजी से तैनाती के लिए डिजाइन किया गया है। ताकि इस दौरान तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए भीष्म पोर्ट्बल हॉस्पिटल्स का इस्तेमाल किया जा सकता है।



- आपदाओं में त्वरित चिकित्सा प्रदान करने में सक्षम
- पोर्टेबल हॉस्पिटल क्यूब्स में तमाम चिकित्सा सुविधाएं

### कहीं भी आसानी से ले जा सकेंगे

*भीष्म पोर्टेबल हॉस्पिटल क्यूब्स में तमाम तरह की चिकित्सा सुविधाएं हैं। इन्हें इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इन्हें वायु, भूमि और समुद्र में आसान से ले जाया जा सके। प्रत्येक क्यूब में सर्जिकल सुविधाएं, डायग्नोस्टिक टूल्स और रोगी के देखभाल से संबंधित सुविधाएं शामिल हैं। पोर्टेबल हॉस्पिटल क्यूब्स का विकास और परीक्षण भारतीय वायु सेना, भारतीय स्वास्थ्य सेवा संस्थानों और डिफेंस टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स ने मिल कर किया है।*

**हर माहौल में मिलेगी सुविधा**

इस मोबाइल क्यूब हॉस्पिटल में 200 लोगों का इलाज किया जा सकता है। इन मॉड्यूलर मेडिकल यूनिट्स को दूरस्थ या आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तेजी से तैनात करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो चुनौतीपूर्ण माहौल में भी चिकित्सा सहायता देने में मदद करते हैं। इसे आपातकालीन मानवीय संकट के दौरान जरूरतमंद क्षेत्रों में चिकित्सा संसाधनों की तेजी से तैनाती कर सकता है।


प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में परिवार सहित मतदान किया।


उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मंदसौर में सिंचाई विभाग स्थित बूथ क्रमांक 56 में परिवार सहित मतदान किया।


कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण यादव ने मतदान किया।


इंदौर में प्रत्याशी शंकर लालवानी ने मतदान किया।


रतलाम से भाजपा प्रत्याशी अनीता चौहान ने अपने ग्रह ग्राम डोबलाझीरी में मतदान किया।


धार की भाजपा प्रत्याशी सावित्री ठाकुर ने ग्राम तारापुर स्थित बूथ क्रमांक 135 पर मतदान किया।


खरगौन के भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह पटेल ने बड़वानी के बूथ 183 पर परिवार सहित मतदान किया।


खंडवा से भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल ने बुरहानपुर के मतदान केंद्र 206 पर परिवार सहित मतदान किया।


मतदान के लिए कतार में लगे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आशीष सिंह।

### एक करोड़ 63 लाख 70 हजार से अधिक मतदाताओं में से 71.72 फीसदी ने की वोटिंग

# चौथे व अंतिम चरण में 2019 के मुकाबले करीब पांच प्रतिशत कम हुआ मतदान

- करीब 30 फीसदी मतदाता घरों से वोट डालने नहीं निकले
- ग्रामीण इलाकों में ज्यादा संख्या में लोगों ने किया मतदान

## मतदान में इंदौर ने किया निराश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मप्र में चौथे व अंतिम चरण के 8 लोकसभा क्षेत्रों में सुबह से ही मतदान का रूझान शतत बढ़ा। मतदाताओं में मतदान को लेकर अच्छी खासी जागरूकता देखी गई। सबसे अच्छी स्थिति जनजातीय बाहुल्य जिलों रही। इन जिलों में पुरूष व महिलाओं के मतदान प्रतिशत में ज्यादा अंतर नहीं रहा। शहरी इलाकों की अपेक्षा ग्रामीण इलाकों में ज्यादा संख्या में लोग घरों से मतदान के लिए निकले। मतदान की सबसे खराब स्थिति इंदौर जैसे जागरूक शहर में हुआ। यह चौकानें वाला था। चूंकि इंदौर को देश का सबसे स्वच्छ शहर का तमगा मिला है, पर मतदान में फिसड्डी साबित हुआ है।

प्रदेश में चौथे चरण के 8 लोकसभा क्षेत्रों में एक करोड़ 63 लाख 70 हजार से अधिक मतदाताओं को मतदान करना था, इसमें से करीब 71 फीसदी मतदाताओं ने ही अपने मत का उपयोग किया। करीब 30 फीसदी मतदाता किसी कारण से अपने घरों से मतदान करने नहीं निकले। हालांकि युवा मतदाताओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह रहा। जगह-जगह युवा मतदाताओं ने लाइनों में लगकर मतदान किया है। इसी तरह महिला मतदाताओं में भी मतदान के प्रति खासा रूझान रहा। जनजातीय क्षेत्रों में खासकर रतलाम, मंदसौर, धार, झाबुआ, देवास आदि क्षेत्रों में मतदाताओं का रूझान देखते बन रहा था। बड़ी संख्या में मतदाताओं ने वोट डाले। जनजातीय क्षेत्रों में आदिवासी युवतियों खासकर पहली बार के मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। इसकी तस्वीरे चुनाव आयोग ने भी अपने सोशल मीडिया पर जारी किया है। चुनाव आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं का फोटो व वीडियो भी जारी कर लोगों को बताया कि किस तरह से दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

### 2024 तथा 2019 में हुए मतदान का आंकड़ा

| संसदीय क्षेत्र | सुबह 11 बजे | एक बजे | शाम 3 बजे | शाम 5 बजे | शाम 6 बजे | 2019 में मतदान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| देवास | 35.83 | 52.11 | 63.08 | 71.53 | 74.86 | 79.46 |
| उज्जैन | 34.25 | 49.71 | 60.83 | 70.44 | 73.03 | 75.40 |
| मंदसौर | 34.13 | 50.39 | 61.58 | 71.76 | 74.50 | 77.84 |
| रतलाम | 34.04 | 51.13 | 62.78 | 70.61 | 72.86 | 75.66 |
| धार | 32.62 | 49.37 | 60.18 | 67.55 | 71.50 | 75.25 |
| इंदौर | 25.01 | 38.60 | 48.04 | 56.53 | 60.53 | 69.29 |
| खरगोन | 33.52 | 51.48 | 63.84 | 70.80 | 75.79 | 77.82 |
| खंडवा | 31.87 | 48.15 | 59.87 | 68.21 | 70.72 | 76.80 |

इस बार के चुनाव का औसत (प्रतिशत में) 71.72 फीसदी

वर्ष 2019 के मतदान का औसत (प्रतिशत में) 75.95 फीसदी

### मामूली फेरबदल संभावित

*चुनाव आयोग के शाम 6 बजे के आंकड़ों के अनुसार 2019 के मुकाबले इस बार लगभग 5 फीसदी कम मतदान हुआ है। अंतिम चरण के उक्त 8 लोकसभा क्षेत्रों में पिछले 2019 में 75.95 फीसदी मतदान हुआ था। इस बार यह आंकड़ा करीब 5 फीसदी कम होकर 71.72 पर आकर रूक गया। आयोग के अनुसार इसमें मामूली फेरबदल संभावित है, किंतु आंकड़ों को देखे तो इंदौर में निराशाजनक प्रदर्शन हुआ है।*

### चौथे चरण के मतदान की अंतिम जानकारी 71.72 प्रतिशत हुआ मतदान

#### आठ संसदीय क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की स्थिति

**भोपाल।** मप्र लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में प्रदेश के आठ लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि सभी आठ लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में (अंतिम जानकारी अनुसार) 71.72 प्रतिशत मतदान हुआ है। उन्होंने बताया कि लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्र.-21 देवास (अजा) में 74.86 प्रतिशत, क्र.-22 उज्जैन (अजा) में 73.03 प्रतिशत, क्र.-23 मंदसौर में 74.50 प्रतिशत, क्र.-24 रतलाम (अजजा) में 72.86 प्रतिशत, क्र.-25 धार (अजजा) में 71.50 प्रतिशत, क्र.-26 इंदौर में 60.53 प्रतिशत, क्र-27 खरगौन (अजजा) में 75.79 प्रतिशत एवं क्र.-28 खंडवा में 70.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।

---

# पुलिस ने एक होटल और मैरिज गॉर्डन से 6 हजार 600 ग्राम कोकीन और 2100 एमडीएमए जब्त किया

### पांच तस्करों की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ कर जानकारी जुटाने में जुटी पुलिस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

रायपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ निजात अभियान के तहत बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक होटल और मौरिज गॉर्डन से 6 हजार 600 ग्राम कोकिन और 2100 एमडीएमए जब्त कर पांच अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस से बचने के लिए नेटफ्लिक्स के वेब-सीरिज 'मनी हाईस्ट' के किरदारों की तरह अपने नाम रखे थे। पुलिस ने खम्हारडीह थाने क्षेत्र के धोतरे मैरिज गार्डन और मंदिर हसौद के सैमरॉक ग्रीन होटल से आरोपियों को धर दबोचा। एमडीएमए और कोकिन के साथ एक अंतरराज्यीय



और एक महिला सहित कुल 4 आरोपी को अरेस्ट किया है।

पुलिस आरोपियों के खिलाफ खम्हारडीह थाने में अपराध क्रमांक 205/24 धारा 21, 22 नारकोटिक्स एक्ट का केस दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस धोतरे मैरिज गार्डन एवं सैमरॉक ग्रीन होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को भी खंगालने में लगी है। आरोपी आयुष अग्रवाल के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में मारपीट, आरोपी चिराग शर्मा के विरूद्ध थाना न्यू राजेन्द्र नगर में मारपीट और महिला आरोपी कुसुम हिंदुजा के खिलाफा थाना खम्हारडीह में थाना 295 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस केस का मुख्य सरगना है आयुष अग्रवाल है, जिसे प्रोफेसर के नाम से जाना जाता है। दिल्ली निवासी महेश सिंग खडगा एमडीएमए और कोकिन के सप्लाई का काम करता था। चिराग और महिला पैडलर आरोपी थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 17 अलग -अलग छोटे जिप पॉलिथीन में रखें 2100 मिलीग्राम एमडीएमए और 6600 मिलीग्राम कोकिन, 1 नग इलेक्ट्रानिक तराजू, 8 नग मोबाइल फोन, 86 हजार नगद, 3 नग सोने की चैन, 1 नग लैपटॉप, 1 नग आईपेड, 3 नग एटीएम कार्ड, 1 नग सिम कार्ड, ऑडी कार क्रमांक डी एल/02/सी ए टी/5505 जब्त किये हैं। जब्त मशरूका की कुल कुल करीब 50 लाख रुपये आंकी गई है।

### लोगों की पिटाई से घायल बाइक सवार की मौत

**पेंड्रा।** गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में वॉक करने गई महिलाओं की पिटाई से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत के मामले में पेंड्रा पुलिस ने दो महिलाओं समेत पांच लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दरअसल पूरा मामला बीते 8 मई का है जहां पेण्ड्रा थाना क्षेत्र में रामापनिका बाइक में सवार होकर पेंड्रा से अपने घर आमाडांड जा रहा था। इसी दौरान दो महिलाएं एक बच्चे को लेकर सड़क में टहल रहीं थी। बच्चा अचानक सड़क में दौड़ पड़ा जिसे बचाने के लिए बाइक सवार ने अपनी बाइक दूसरी और घुमा दी, जिससे सड़क पर घूम रही महिला से टकरा गई थी।

# आईपीएल मैच के दौरान सट्टा के जरिए करोड़ों रुपए का दांव लगाने वाले 3 सटोरिए गिरफ्तार

### पुलिस और साइबर थाना की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई, 19 मोबाइल और कैश जब्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर**

अंबिकापुर में आईपीएल मैच के दौरान सट्टा लगाकर करोडों का दांव लगाने वाले तीन मास्टरमाइंड सटोरियों को कोतवाली पुलिस और साइबर थाना की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। मंगलवार को मामले का खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ने बताया कि 13 मई कों थाना कोतवाली पुलिस पेट्रोलिंग टीम कों दौरान पेट्रोलिंग जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि तीन सटोरी आयुष सिन्हा उर्फ़ दीप सिन्हा, अमित मिश्रा उम्र पहलू, शुभम केशरी मिलकर अपने सम्पर्क एवं जानपहचान के लोगो कों स्काईएक्सचेज लिंक भेजकर आईपीएल मैच गुजरात टाइटन्स व कोलकता किंग राइडर्स के बीच चल रहे टी-20 मैच में ऑनलाईन सट्टा खेलने व खेलाने का काम कर रहे है। पुलिस टीम द्वारा सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर रेड की कार्यवाही की गई ।



तीन संदिग्ध व्यक्ति मोबाइल ऑपरेट करते हुए मिले, पुलिस टीम द्वारा तीनो संदिग्ध से पूछताछ करने पर अपना नाम आयुष सिन्हा उर्फ दीप सिन्हा उम्र 30 साल , अमित मिश्रा उर्फ़ पहलू उम्र 30 साल, शुभम केसरी उम्र 28 साल सभी निवासी सत्तीपारा शिव मंदिर के पास अम्बिकापुर का होना बताये, आरोपी अमित मिश्रा ऊर्फ पहलू से जप्त एप्पल मोबाइल फ़ोन आईफोन-15 से वाटसअप ऐप मे किये गए चैट, फोन पे ऐप में लेन देन संबंधि सट्टा खेलने व खेलाने का साक्ष्य प्राप्त हुआ।

---

### इस वर्ष अब तक 76 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

# सरकार की नीति से प्रभावित होकर 39 लाख रुपए के इनामी 9 नक्सलियों सहित 30 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर**

बीजापुर में नक्सल विचारधारा से क्षुब्ध और सरकार की आत्मसमर्पण तथा पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 39 लाख रुपए के इनामी 9 नक्सलियों सहित 30 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इस वर्ष अब तक 76 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। वहीं 180 नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में मिलिट्री कंपनी नंबर 2 पीपीसीएम 8 लाख की इनामी नक्सली मिटकी ककेम उर्फ सरिता पिता सन्नू उम्र 35, प्लाटून नम्बर 32 पीपीसीएम 8 लाख की इनामी नक्सली मुरी मुहंदा उर्फ सुखमति उर्फ मनकी पिता धोगे उम्र 32, प्लाटून नंबर 4 सदस्य 5 लाख की इनामी नक्सली रजिता वेट्टी उर्फ रामे पति मुदा उम्र 24, प्लाटून नम्बर 32 सदस्य 5 लाख के इनामी नक्सली देवे कोवासी पिता लच्छू उम्र 24 , बटालियन नंबर 1 सदस्य 5 लाख के इनामी नक्सली सीनू पदम उर्फ चिन्ना पिता आयतू पदम उम्र 27, प्लाटून नम्बर 32 सदस्य 5 लाख के इनामी नक्सली आयता सोढ़ी पिता हिड़मा उम्र 22, डुमरीपालनार आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष 1 लाख के ईनामी नक्सली आयतु कारम पिता भीमा उम्र 50,पालनार आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष 1 लाख के इनामी मुन्ना हेमला उर्फ चंदू उर्फ चन्दरु पिता सोमलु उम्र 35, केशकुतुल आरपीसी जनताना सरकार सदस्य डीएकेएमएस अध्यक्ष 1 लाख के इनामी नक्सली आयतु मिडियम उर्फ वर्गेश उर्फ आम्बा पिता सुक्कू मिडियम उम्र 38 है।



### इन्होंने किया सरेंडर

डुमरीपालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून कमांडर सन्नू कारम उर्फ डोरा पिता आयतु कारम उम्र 24, डुमरीपालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य बामन कारम पिता बुधराम उम्र 22 डुमरी पालनार आरपीसी जनताना सरकार सदस्य सुखराम कारम पिता सुकलु उम्र 36, पालनार आरपीसी जनताना सरकार सदस्य मनकू ताती पिता लछु ताती उम्र 35, पालनार आरपीसी जनताना सरकार सदस्य मुन्ना पोटाम उर्फ मुकेश पिता सन्नू उम्र 40, सावनार आरपीसी मिलिशिया सदस्य सन्तु हेमला पिता सन्नू हेमला उम्र 23, सावनार आरपीसी मिलिशिया सदस्य राहुल हेमला उर्फ छोटू पिता लछु उम्र 25, डुमरीपालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य सुखराम उर्फ सुरेश कारम पिता सुकलु कारम उम्र 30, डुमरी पालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य मोटू हेमला पिता सुक्कू हेमला उम्र 27, डुमरी पालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य मोटू कवासी पिता भीमा कोवासी उम्र 27 भूमकाल मिलिशिया सदस्य रमेश हेमला पिता दशरू हेमला उम्र 22, जीआरडी सदस्य लक्खू कोरसा पिता आयतु कोरसा उम्र 25, पीएलजीए सदस्य नंदू कुरसम पिता मंगलू कुरसम उम्र 21, पीएलजीए सदस्य सोमलु कडती उर्फ दिवाकर पिता मंगलू कडती उम्र 40, पालनार आरपीसी भूमकाल मिलिशिया सदस्य सोमलू ताती पिता लछु ताती उम्र 45, पीएलजीए सदस्य संतोष पदम पिता मद्दा पदम उम्र 19, गुड्डी हपका पिता पाण्डु हपका उम्र 26, मुनगा आरपीसी केएमएमस सदस्य ज्योति लेकाम पति अर्जुन लेकाम उम्र 29, सीएनएम सदस्य सोनू कुड़ियम उर्फ गुट्टा पिता स्व.विज्जा उम्र 21 है। संगम सदस्य राजेश कोरसा उर्फ बामन कोरसा पिता मण्डो उम्र 28 व मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर लखमू पल्लो उर्फ लखु पिता कईया पल्लो उम्र 30 ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने पर उन्हें उत्साहवर्धन और आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति के तहत 25 -25 हजार रुपये नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। पुलिस ने बताया कि वर्ष 2024 में अब तक 180 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि 76 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

### सेट टॉप बॉक्स से लगा करंट, उपचार के दौरान 12 साल की बच्ची ने तोड़ा दम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर**

बस्तर थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडापाल में रहने वाले सुकु कश्यप की बेटी टीवी देखने के लिए सेट टॉप बॉक्स को छूते ही करंट की चपेट में आ गई। घटना के बाद बच्ची को बेहतर उपचार के लिए महारानी अस्पताल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को बच्ची के पीएम के बाद शव को परिजनों को सौप दिया गया।

मामले की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि सुकु कश्यप की 12 वर्षीय बेटी जयमति जो मुंडापाल गांव के स्कूल में कक्षा 6वीं की छात्रा थी। सोमवार की रात को घर में टीवी देखने के लिए जैसे ही सेट टॉप बॉक्स को पकड़ा तभी करंट लगने के कारण बेहोश हो गई। जयमति के बेहोश होते ही घर में मौजूद बच्चों ने आसपास के लोगों के साथ ही परिजनों को सूचना दिया। बच्ची को बेहतर उपचार के लिए महारानी अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान बच्ची की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजननों को सैंप दिया है। वहीं घटना के बाद से परिजनों का बुरा हाल है।

### डबरी में डूबने से दो साल के बच्चे की मौत

**बलरामपुर।** बलरामपुर-रामानुजगंज ग्राम पंचायत भवरमाल में एक दो साल के बच्चे की मौत हो गई। घर के सामने ही बने डबरी में डूबने से मौत हो गई। घटना से बच्चे के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। कोई विश्वास नहीं कर पा रहा था कि जो बच्चा कुछ देर पहले अपनी बहनों के साथ खेल रहा था। उसकी डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार के सुबह 9:30 बजे के करीब शिवांशु बखला पिता भावेश बखला अपने चार बहनों के साथ घर के सामने खेल रहा था। वह खेलते-खेलते घर के सामने ही डबरी में चला गया। जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जब वह कुछ देर तक घर में नहीं आया तो घर वाले खोजने लगे तो डबरी में देखा तो वह डबरी में डूबा हुआ था। घटना से शिवांशु के माता-पिता गहरे सदमे में हैं।चार बहनों के बाद शिवांशु था। घर में सबका लाड़ला शिवांशु के अचानक इस प्रकार चले जाने से परिजनों के साथ-साथ पूरा गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## घरों से पंखा लाकर काम चला रहे मरीजों के परिजन

# जिला अस्पताल का आईसीयू वार्ड स्वयं वेंटीलेटर पर

जबलपुर।

सेठ गोविंददास हॉस्पिटल (विक्टोरिया जिला हॉस्पिटल) के आईसीयू वार्ड में लगे एसी भरी गर्मी में खराब हो गए। अस्पताल के आईसीयू वार्ड में लगे उपकरणों पर भी इसका असर पड़ रहा हैं। मरीज परेशान है ही, दयनीय स्थिति यह है कि कुछ मरीज अपने घरों से पंखों में लाकर अस्पताल में लगाए, वहीं उससे भी दयनीय स्थिति यह है कि एक बच्चा अपनी दादी को हाथ पंखा (बिजना) लेकर हवा करते हुए देखा जा रहा है, तो वहीं एक माँ कागज पेपर से अपनी बेटी को हवा करते हुए दिख रही है। उधर सिविल सर्जन का कहना है कि आईसीयू में लगे एसी खराब हो गए है। आचार संहिता के कारण खरीदी नहीं हो पा रही। इसलिए पुराने एसी को ही सुधरवाने का कार्य किया जा रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय के आईसीयू वार्ड में एयर कंडीशनर (एसी) बंद हैं और अधिकतर एसी खराब हैं। जबकि आईसीयू वार्ड में ऑक्सीजन, वेंटीलीटर सहित मॉनीटर के कई उपकरणों को ठंडक में रखा जाता है। ताकि उनकी सक्रियता बनी रही लेकिन इधर तो मरीज ही परेशान तो



उपकरणों का क्या कहना। वार्ड में दर्जनों मरीज भर्ती हैं जो भीषण गर्मी में एयर टाईट आईसीयू रुम में बेहद परेशान हैं। यहां मरीजों को गर्मी में व्याकुल होते हुए देखा गया है। मरीजों में बुजुर्गो की संख्या ज्यादा है। बावजूद इसके यहां पंखे तक की व्यवस्था नहीं है। सूत्रों की माने तो मरीजों के परिजनों को घर से पंखा लाने की अनुमति दे दी गई है जबकि कुछ लोग दशकों पुराने जमाने में लौटाए और हाथ से हिलाने वालें बिजना पंखे से मरीजों को हवा कर रहे हैं। इसके बावजूद भी जिम्मेदारों ने अभी तक इसके लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए। सबसे दयनीय बात यह थी कि आईसीयू में भर्ती एक बुजुर्ग महिला को उनका करीब 9-10 साल का पोता हाथ पंखे से हवा करता दिखा, जो अपनी दादी के बाजू में खड़े होकर हाथ से पंखा हिला रहा था।

आईसीयू में भर्ती मरीजों ने बताया कि काफी दिनों से वे आईसीयू वार्ड में भर्ती हैं और गर्मी में परेशान हो रहे हैं। इस संबंध में अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ.मनीष मिश्रा का कहना है कि आईसीयू वार्ड में लगे कुछ एसी खराब हो गए। इन्हें नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) द्वारा लगवाया गया था। खराब एसी सुधरवाने का काम चल रहा हैं, इसके बावजूद दूसरी जगहों पर लगे दो एसी निकालकर आईसीयू में लगाने के निर्देश दिए गए है कल तक व्यवस्था दुरुरस्त कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि आचार संहिता लागू होने के कारण फिलहाल नए एसी नहीं खरीद सकते। जैसे ही आचार संहिता समाप्त होगी, वैसे ही आईसीयू में नए एसी लगवाए जाएंगे। क्योंकि आईसीयू में एसी 24 घंटे चालू रहते हैं जिनसे उनके खराब होने की संभावना बढ़ जाती हैं।

# वनों के जल स्त्रोत सूखकर गड्ढों में हुए तब्दील

## पानी की तलाश में जंगल से पलायन कर रहे जानवर

**जबलपुर।** भीषण गर्मी ने अभी से ही वनों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्राकृतिक जल स्त्रोतों को सुखाना आरंभ कर दिया है। छोटे नदी-नाले, पोखर और तालाब अब सूखे गड्ढों में तब्दील होने लगे हैं। जिले के वनांचल गौर, डुमना, अमझर घाटी, कुंडम, बरगी, पान उमरिया, पनागर, के आसपास हिरन नदी व उसकी सहायक नदियां नाले ही जंगलों व ग्रामीण अंचलों के मुख्य जल स्त्रोत हैं। मनुष्य तो किसी तरह अपने विवेक से अपने आपको किसी भी मौसम के अनुकूल कर लेते हैं। किंतु वनों में जलसंकट होने की स्थिति में वन्य प्राणी पानी की तलाश में गांव की ओर रूख करने लगते हैं। ऐसी स्थिति में वे दुर्घटनाओं की चपेट में आकर दम तोड़ देते हैं या फिर शिकारियों के हाथ उनकी मौत हो जाती है। अभी गर्मी ठीक ढंग से शुरू भी नहीं हो पाई थी कि जिले में पांच चीतल पानी के लिये भटकते हुये आवारा कुत्तों के द्वारा नोंच लिये गये। वहीं एक हिरन की बरगी की नहर में डूबने से मौत हो गई। वन विभाग ने जंगलों में जल स्त्रोतों के लिये कोई कारगर कदम नहीं उठाये, सिर्फ खोखले दावे ही किये। जबकि हर साल जिले के वन अंचलों में गर्मी के दिनों में ऐसी ही परिस्थितियां जन्म लेती हैं।

वन विभाग ने दावा किया था कि गर्मी में पानी की तलाश में जानवर गांवों की ओर पलायन न करें, इसलिए जिले भर में जंगलों के पोखर व तालाब साफ करा दिये गये थे और उनका गहरीकरण भी करा दिया गया था। लेकिन अधिकारियों का यह कथन हकीकत से परे है। जंगलों में कई पोखर और तालाब ऐसे हैं, जिन्हें साफ किया ही नहीं गया। वन विभाग के पास इस बात के आंकड़े भी नहीं हैं कि कितने पोखरों, तालाबों की साफ सफाई की गई। वहीं दूसरी ओर जिस तीव्र गति से जंगलों का सफाया हो रहा है, उस गति से वृक्षारोपण का कार्य नहीं होने से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या के साथ जानवरों के घरौंदे भी नष्ट हो रहे हैं। जहां तक जबलपुर जिले के वन ग्रामों का सवाल है तो इन वनों में मुख्यत गौर नदी, परियट नदी और उससे निकलने वाले नालों व बरगी की नहरों से ही पानी की आपूर्ति होती है। लेकिन गर्मी के दिनों में नालों पोखरों व अन्य जल स्त्रोतों की साफ सफाई नहीं होने की वजह से ये सूखे गड्ढों में तब्दील हो जाते हैं। नदियों का जल स्तर कम होने से भी बहाव में अवरोध उत्पन्न होता है। होना यह चाहिये कि गर्मी के पूर्व वनों के तालाब, पोखर, नाले, गहरे किये जाने चाहिए और उनकी अच्छी तरह से साफ सफाई कर गर्मी के पहले उनमें जल का भराव पूरी क्षमता के साथ किया जाना चाहिए।





# मौसम के कॉकटेल से बीमारियों का हमला

जबलपुर।

पूर्वी और उत्तरी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बनने से धूल भरी आंधी चलने और पानी की बौछारें पड़ने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोप के प्रभाव से पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदल गया है। धूप छांव, गर्मी और पानी की बौछारें पड़ने से मौसम का कॉकटेल मानव स्वास्थ्य और जनजीवन को भी प्रभावित कर रहा है। सर्दी, खांसी, गले में खरास, बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। वायरल फीवर का प्रकोप भी बढ़ रहा है। मंगलवार को भी मौसम का कॉकटेल देखने को मिला। सुबह से धूप खिली रही। शाम को धूल भरी आंधी चली और रात में बूंदाबांदी हुई।

**सुबह धूप, शाम को हवा, रात में पानी की बौछारे**

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान से आये चक्रवात पूर्वी और उत्तरी मध्यप्रदेश के ऊपर अपनी गतिविधि बनाये हुये हैं। हवा के कम दबाव के कारण पल पल में मौसम के मिजाज बदल रहे हैं। अचानक बादल आसमान को ढंक लेते हैं और तेज हवाओं के बीच पानी की बौछारें पड़ने लगती हैं। मौसम के इस बदलाव के कारण तापमान बढ़त नहीं बना पा रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया है, वहीं न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री सामान्य दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातः काल 42 प्रतिशत और सायंकाल 31 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.29 पर और सूर्यास्त शाम 6.44 मिनिट पर दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक 43.2 डिग्री तापमान दतिया जिलें में दर्ज किया गया। दक्षिण पूर्वी हवायें 7 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 41.1 और न्यूनतम तापमान 22.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

# एसपी ऑफिस पहुंची महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास



**जबलपुर।** एसपी ऑफिस में मंगलवार की दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया जब दहेज प्रताड़ना से तंग एक महिला एसपी ऑफिस पहुंची और खुद पर कैरोसिन उड़ेलकर आत्मदाह करने की कोशिश की। हालांकि वहां मौजूद लोगों ने उसे बचा लिया। महिला का अरोप था कि उसने सास, ससुर और नंद के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत की पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे उसने आत्मदाह की कोशिश की। इस मामलें में पीड़ित महिला मंजू तिवारी पिता डोलराज भटराई वर्तमान निवासी मकान नंबर 15 गुरहाताल गंगानगर थाना संजीवनी नगर ने बताया कि विगत 10 अप्रैल 2012 को मंजू ने योगेश तिवारी के साथ प्रेम विवाह किया था, जिनसे उन्हें दो बच्चें भी है। शादी के कुछ सालों बाद से ही उसके पति शराब पीकर उससे दहेज की मांग को लेकर विवाद किया करता था। वहीं सास ससुर व नंद भी उसे प्रताड़ित किया करते थे। इसी दौरान साल 2020 में उसके पति योगेश तिवारी ने एक दूसरी महिला से विवाह कर लिया और उसे मायके भगा दिया। महिला ने बताया कि उसने अपने ससुराल वालों की शिकायत थाने में की परंतु अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। महिला ने एसपी से गुहार लगाने हुए कार्रवाई की मांग की है।

## किसानों को गुणवत्तापूर्ण आदान सामग्री उपलब्ध कराने कृषि अधिकारियों ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**जबलपुर।** खरीफ सीजन में किसानों को अच्छी गुणवत्ता की कृषि आदान सामग्री उचित दरों पर उपलब्ध कराने के लिये कृषि अधिकारियों ने मंगलवार को पाटन विकासखंड में कई आदान विक्रेताओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आदान विक्रेताओं द्वारा भंडारित खाद-बीज के दस्तावेजों की जाँच की गई तथा खाद एवं कीटनाशकों के नमूने भी परीक्षण हेतु लिये गये। अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीकांत यादव द्वारा किये गये आकस्मिक निरीक्षण में टिमरी स्थित माँ जगदंबा कृषि केन्द्र एवं मंगल ट्रेडर्स, खुशी कृषि केन्द्र बेनीखेडा, श्री नर्मदा कृषि केन्द्र उजरोड तथा नुनसर स्थित राहुल ट्रेडर्स एवं मोहित ट्रेडर्स को बिना प्रिसिंपल सिर्टिफिकेट के आदान सामग्री का विक्रय किये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा आदान सामग्री की बिक्री पर प्रतिबन्ध लगाया गया। कारण बताओ नोटिस का जबाब संतोषजनक नहीं पाये जाने पर इन आदान विक्रेताओं को लाइसेंस निलबंन की कार्यवाही प्रस्तावित करने की चेतावनी भी दी गई। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन ने आदान विक्रेताओं को किसानों के हित में गुणवत्तापूर्ण आदान सामग्री का भंडारण एवं विक्रय करने के निर्देश दिये हैं । निरीक्षण के दौरान कृषक धर्मेंद्र दुबे आगासोद, धर्मेंद्र पटेल, दीपक पटेल, मुकेश पटेल हटेपुर को बिना बिल के आदान सामग्री ले जाता देख अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉ इंनद्रिरा त्रिपाठी ने उन्हें आदान विक्रेताओं से विधिवत बिल लेने की समझाइश दी।

## स्टेडियम में वाकर्स से शुल्क वसूली का आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर।** शहर के राइट टाउन स्थित पं. रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में आने वाले व्यक्तियों और नागरिकों को मॉर्निंग-वॉक करने के लिये शुल्क मांगने का मामला सामने आया है। गरीब छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों और आम नागरिकों से स्टेडियम के मैंटेनेंस के नाम पर मॉर्निंग वॉक और अन्य फिजिकल ट्रेनिंग के लिये शुल्क मांगा जा रहा है। शुल्क नहीं देने पर उन्हें स्टेडियम में एंट्री नहीं दी जा रही है। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि, समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में अध्यक्ष मनोहर ममतानी व सदस्य राजीव कुमार टंडन ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर संभाग के आयुक्त (राजस्व) से मामले की जांच कराकर, राइट टाउन स्टेडियम में प्रात एवं शाम को वाकिंग के लिये आ रहे व्यक्तियों को निशुल्क प्रवेश की सुविधा आवश्यक शर्तो सहित दिये जाने के सम्बन्ध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। साथ ही स्टेडियम के 5 किमी की परिधि में रहवासियों, वाकर्स के लिये क्या कोई वैकल्पिक पार्प इसके लिये उपलब्ध है यह भी स्पष्ट करने के आदेश दिए हैं।

**संभागायुक्त से मांगा जवाब**


## डिवाईडर से टकराकर ट्रक पलटा, कंडक्टर की मौत, ड्राइवर घायल

**जबलपुर।** बरगी थाना अतंर्गत रमनपुर घाटी मोड़ में कल रात एक बेलगाम ट्रक डिवाईडर से टकराकर पलट गया। इस हादसे में ट्रक के कंडेक्टर की मौत हो गई जबकि बस चालक जो बस का मालिक भी है गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि बस पलटने से कंडक्टर बस के नीचे दब गया था जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। घटना के संबंध में बरगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रमनपुर घाटी में कल रात ट्रक क्रमांक यूपी 70 सी टी 8500 तेज रफ्तार होने पर रोड डिवाईडर से टकराकर पलट गया। घटना की सूचना मिलने पर बरगी पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक के नीचे दबे घायलों को निकाला। मृतक की पहचान उसके आधार कार्ड के आधार पर मंसूराबाद थाना नवावगंज जिला प्रयागराज उप्र निवासी 20 वर्षीय तैमूर खान के रुप में हुई। जबकि गंभीर रुप से घायल 50 वर्षीय मोहम्मद हनीफ को इलाज के लिए मेडीकल भेजा गया। बताया गया कि ट्रक को मोह. हनीफ चला रहा था जो ट्रक का मालिक भी है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया, मर्ग कायम कर मामलें की जांच की जा रही है।

## ट्रेनों में चुन सकेंगे मनपसंद बर्थ

# आईआरसीटीसी तैयार करवा रहा नया साफ्टवेयर, मिलेगी पूरी जानकारी

**जबलपुर। ट्रेन में सफर करने से पहले जब आप अपने मोबाइल, लैपटाप या कंप्यूटर पर रिजर्वेशन की स्थिति देखते हैं, तो सिर्फ खाली बर्थ की संख्या का ही पता चल पाता है। अब इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन (आईआरसीटीसी) द्वारा नया साफ्टवेयर तैयार कराया जा रहा है, जिसके जरिए यात्री ट्रेन में अपनी मनपसंद बर्थ चुन सकेंगे।**



इस नए साफ्टवेयर में यात्रियों को पता चल सकेगा कि ट्रेन में कौनसी बर्थ फिलहाल खाली है और किस बर्थ पर रिजर्वेशन हो चुका है। ऐसे में वे उपलब्ध बर्थों में से अपनी पसंद की बर्थ को चुन सकेंगे।

वर्तमान में आनलाइन बुकिंग करते समय यात्रियों को सिर्फ यह पता चलता है कि ट्रेन में कितनी बर्थ खाली हैं। इसके अलावा उसके पास विकल्प रहता है कि वे लोअर, मिडिल, अपर, साइड लोअर और साइड अपर में से अपनी पसंद की बर्थ का आप्शन डाल सकता है, लेकिन उसे यह पता नहीं चलता कि जिस आप्शन को वह चुन रहा है, वो बर्थ वाकई में खाली है भी या नहीं। बर्थ उपलब्ध न होने की स्थिति में आयु वर्ग के आधार पर आइआरसीटीसी द्वारा दूसरी बर्थ पर आरक्षण कर दिया जाता है। इसका पता तभी चलता है, जब बर्थ बुक हो जाती है। ऐसे में यात्रियों को निराशा का सामना करना पड़ता है। इसको देखते हुए आइआरसीटीसी द्वारा नए साफ्टवेयर पर काम किया जा रहा है। इस साफ्टवेयर को रेलवे के सेंटर फार रेलवे इंफार्मेशन सिस्टम्स (क्रिस) से जोड़ा जाएगा। जैसे-जैसे आनलाइन और आफलाइन टिकट बुक होते जाएंगे, वैसे-वैसे नए साफ्टवेयर में बर्थ पर क्रास का निशान लगता चला जाएगा। ऐसे में यात्री जब टिकट बुक करेंगे, तो उन्हें पता चल सकेगा कि कौन सी बर्थ फिलहाल खाली पड़ी हुई हैं। इसमें स्क्रीन पर कोच का पूरा डायग्राम भी नजर आएगा।

## हत्याकांड में तीन को उम्रकैद

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश महेश कुमार चौहान की अदालत ने हत्या के आरोपित जबलपुर निवासी सोमेश तिवारी, प्रिंस उर्फ चंचलराज श्रीवास्तव व अनिकेत उर्फ अंशू दाहायत का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ तीनों को आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही चार-चार हजार रुपये का जुर्माना भी लगा दिया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक संजय वर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 17 दिसंबर, 2021 को आरोपितों ने सुमित गुप्ता की हत्या कर दी थी। धारदार हथियार से हमला किया गया था। इस वजह से सुमित बुरी तरह लहुलुहान हो गया। कुछ देर में उसकी मौत हो गई। इस मामले में गढ़ा पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया था।

# अधिवक्ताओं की विधि के साथ स्नातक डिग्री का भी होगा सत्यापन

**-फर्जीवाड़ा रोकने बीसीआई के निर्देश पर स्टेट बार सख्त**

जबलपुर।

स्टेट बार ने फर्जी वकीलों की रोकथाम के लिए कार्रवाई की तैयारी कर ली है। इसके तहत वकीलों की सनद के नवीनीकरण व सत्यापन संबंधी सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। नई नीति के अनुसार अधिवक्ताओं की विधि की डिग्री के साथ ही स्नातक डिग्री का भी सत्यापन किया जाएगा। जिनकी भी डिग्री फर्जी पाई जाएगी उनके विरुद्ध एफआइआर कराकर जेल भेजा जाएगा। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के के निर्देश पर बीसीआई द्वारा देशभर की सभी स्टेट बार को भेजे गए पत्र के आधार पर की जा रही है।

उक्त जानकारी स्टेट बार के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी, को-चेयरमेन राधेलाल गुप्ता व सदस्य जगन्नाथ त्रिपाठी ने दी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में बैठक में प्रस्ताव पारित हो चुका है। लिहाजा, बीसीआई के दिशा-निर्देशों के परिपालन में शीघ्र ही वकीलों की सनद के नवीनीकरण की प्रक्रिया में विधि व स्नातक की डिग्री का सत्यापन होगा। इस दौरान जिनकी भी डिग्री फर्जी पाई जाएगी उन अधिवक्ताओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### पूर्व में दो की मार्कशीट पाई गई थी फर्जी

सैनी ने बताया कि विगत पांच माह पूर्व अधिवक्ताओं की ला डिग्री के वैरीफिकेशन के दौरान दो अधिवक्ताओं की मार्कशीट फर्जी पाई गई थी। जिनके विरुद्ध सिविल लाईन थाने में एफआइआर दर्ज करायी गई थी। उक्त मामले में अभिषेक राय नामक व्यक्ति गिरफ्तार हुआ था, जो कि विगत पांच माह से जेल में निरुद्व है। वहीं दूसरे फर्जी अधिवक्ता के विरुद्ध भी पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रहीं है। किसी भी व्यक्ति ने अधिवक्ता नामांकन के समय कुछ भी साक्ष्य छुपाया तो उस व्यक्ति का नामांकन नहीं किया जाएगा। उसके विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## निजी स्कूल द्वारा छात्रों को लौटाई जायेगी बढ़ाई गई फीस

# एक कदम आगे निकले कटनी कलेक्टर

हरिभूमि जबलपुर।

कटनी कलेक्टर अविप्रसाद द्वारा निजी स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि तथा पालकों और अभिभावकों को निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने के लिए बाध्य करने वाले निजी स्कूलों के प्रबंधन के विरुद्ध की गई कार्यवाही का अब व्यापक असर दिखने लगा है। कलेक्टर द्वारा छात्रों और पालकों के हित में मध्यप्रदेश निजी विद्यालय अधिनियम एवं नियम के तहत निजी स्कूल नालंदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिंझरी को दिये गये नोटिस के बाद अब शाला प्रबंधन 195 विद्यार्थियों से अधिक फीस के रूप में वसूली गई करीब सवा दो लाख रुपए की राशि वापस करने जा रहा है। यह प्रदेश का ऐसा पहला मामला है जहाँ कोई निजी स्कूल प्रबंधन जिला प्रशासन की सख्त कार्यवाही के कारण विद्यार्थियों से वसूल की गई बढ़ी फीस वापस करने जा रहा है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने इस निजी स्कूल द्वारा मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन अधिनियम एवं नियम का उल्लंघन पाये जाने पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। प्रदेश के इतिहास में यह पहला प्रकरण है जब किसी कलेक्टर द्वारा की गई सख्त कार्रवाई के बाद निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रों के पालकों और अभिभावकों से ली गई अधिक फीस की राशि वापस की जा रही है। इसमें से कुछ अभिभावकों को तो अधिक फीस के तौर पर शाला प्रबंधन द्वारा वसूले गए करीब 12 हजार रुपए तक की फीस वापस मिलेगी।

### फीस वृद्धि में नियमों का उल्लंघन

नालंदा उ.मा.वि. झिंझरी के शाला प्रबंधन द्वारा म.प्र. निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन अधिनियम एवं नियम का उल्लंघन करते हुये कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला समिति से बिना अनुमोदन कराये 10 प्रतिशत से अधिक की फीस वृद्धि कर दी।

- मनमानी फीस वृद्धि के खिलाफ कलेक्टर की कार्यवाही का असर
- नालंदा विद्यालय वापस करेगा 195 छात्रों को सवा दो लाख रूपये
- शाला प्रबंधन पर दो लाख रूपये का जुर्माना भी लगा



### ये हैं नियम

नियम के अनुसार निजी विद्यालय द्वारा प्रस्तावित फीस संरचना में वृद्धि यदि पिछले शैक्षणिक सत्र की फीस की तुलना में 10 प्रतिशत से अधिक किन्तु, 15 प्रतिशत या उससे कम है, तो जिला समिति से अनुमोदन करना अनिवार्य है। साथ ही पिछले शैक्षणिक सत्र की फीस की तुलना में यदि 15 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोत्तरी की जाती है तो जिला समिति के माध्यम से राज्य समिति से अनुमोदन का प्रावधान है। जिसका शाला प्रबंधन द्वारा उल्लंघन किया गया।

### 10 प्रतिशत से अधिक ली गई फीस करेंगे वापस

कलेक्टर श्री प्रसाद की अध्यक्षता वाली जिला समिति के समक्ष नालंदा उ.मा.वि. झिंझरी के प्राचार्य ने सत्र 2021-22 में छात्रों से 10 प्रतिशत से अधिक की फीस वृद्धि की वसूली की गई राशि संबंधित छात्रों को वापस करने का वचन दिया। शाला प्राचार्य ने बताया कि 195 विद्यार्थियों से अधिक फीस के तौर पर वसूले गये 2 लाख 15 हजार 835 रूपये की राशि शीघ्र ही छात्रों को वापस कर दी जायेगी।

### निजी प्रकाशकों की किताबें

निजी स्कूल के शाला प्रबंधन द्वारा राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल की संबद्धता बोर्ड अथवा परीक्षा निकाय के विनियमों के तहत पुस्तकों के निर्धारण करने के संबंध में जारी आदेश का भी उल्लंघन किया गया है। साथ ही छात्रों, पालकों और अभिभावकों को निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें खरीदने बाध्य किया गया, जिससे उन्हें आर्थिक क्षति पहुंची। शाला प्रबंधन ने कलेक्टर को लिखित में बताया कि स्कूल में अब निजी प्रकाशकों की पुस्तकें बंद कर दी गई हैं।

### दो लाख का जुर्माना

कलेक्टर श्री प्रसाद ने निजी स्कूल नालंदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिंझरी द्वारा मध्य प्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन, नियम एवं शासन द्वारा जारी निर्देशों का उल्लंघन किये जाने पर दो लाख रूपये की राशि अधिरोपित कर 15 दिनों के भीतर जमा करने का निर्देश दिया है।

## महिला से अश्लीलता पर एक वर्ष का कारावास



**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट ने एक महिला के घर में घुसकर अश्लीलता करने के आरोपित कुंडम निवासी बिहारी सिंह सैयाम का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ एक वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी रानी जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि कुंडम थाना क्षेत्र में पीड़िता घरेलू काम करने के साथ ही दुकान चलाती है। 24 नवंबर, 2015 की देर शाम करीब साढ़े सात बजे जब वह दुकान पर थी और उसका पति घर के पीछे ट्रेक्टर में सुधार कार्य कर रहे थे। उसी समय आरोपित बिहारी सिंह सैयाम दुकान पर पहुंचा और महिला से बीड़ी मांगी। बिड़ी देने के बाद जब महिला अंदर जाने लगी तो आरोपित ने पीछे से उसे पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। महिला के चिल्लाने पर उसका पति आ गया तो आरोपित मौके से फरार हो गया। शिकायत पर कुंडम पुलिस ने छेड़ख़ानी सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था।

## अमित व प्रशांत उपाध्यक्ष तो परितोष दोबारा बने सचिव

*हाईकोर्ट बार एसोसियेशन चुनाव में दूसरे दिन की मतगणना का परिणाम घोषित*



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट बार एसोसियेशन की नवीन कार्यकारिणी के लिये हुए चुनाव में मतगणना के दूसरे दिन उपाध्यक्ष व सचिव पदों के मतों की गिनती हुई। जिसमें उपाध्यक्ष पद पर अमित जैन व प्रशांत अवस्थी ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर अपनी जीत का परचम लहराया। प्रशांत अवस्थी लगातार दूसरी मर्तबा उपाध्यक्ष पद पर काबिज हुए है। वहीं सचिव पद पर अधिवक्ताओं ने एक मर्तबा फिर परितोष त्रिवेदी पर अपना भरोसा जताया है। कसमकश भरे चुनाव में परितोष त्रिवेदी ने अपने निकततम प्रतिद्वंदी असीम त्रिवेदी को 55 मतों से शिकस्त देकर जीत हासिल की है। मुख्य चुनाव अधिकारी दिनेश उपाध्याय ने परिणामों की घोषणा करते हुए उक्त जानकारी दी। कार्यकारिणी सदस्यों के मतों की गिनती आज बुधवार को होगी।

### अमित जैन व प्रशांत अवस्थी ने जीता उपाध्यक्ष पद

अमित जैन- 691
प्रशांत अवस्थी- 399
देवेन्द्र कुमार शर्मा- 334
विश्वास पलिया- 311
प्रकाश गुप्ता- 308
अनीता कैथवास- 257
ज्ञानेन्द्र पटेल- 177
नरेन्द्र कुमार शर्मा- 168
शम्भू दयाल गुप्ता- 254
घनश्याम पांडे- 138
प्रमेन्द्र सेन- 137
योगेश मोहन तिवारी- 133
मुकेश मिश्रा- 115
सुशील कुमार मिश्रा- 72 मत हासिल किये, वहीं इन वेलिड मतों की संख्या 93 रहीं।

### परितोष सचिव पद पर दोबारा काबिज

परितोष त्रिवेदी- 775
असीम त्रिवेदी- 720
ओम प्रकाश अग्निहोत्री- 240
अशोक गुप्ता- 148 मत प्राप्त कर सके, वहीं अमान्य हुए मतों की संख्या 14 रहीं

### कोषाध्यक्ष पद पर राजेन्द्र प्रताप ने मारी बाजी

राजेन्द्र प्रताप सिंह- 603
सुरेन्द्र खरे- 509
धर्मेन्द्र कुमार पांडे- 482
संगीता नायडू-306 मत हासिल किये, अमान्य मतों की संख्या 10 रहीं

### लाइब्रेरी इंचार्ज पर रजनीश का कब्जा

रजनीश उपाध्याय- 676
अमन शर्मा- 462
अजय शुक्ला- 423
पुष्पेन्द्र वर्मा- 348 मत प्राप्त किये, अमान्य मतों की संख्या आठ रहीं

### योगेश बने सह सचिव

योगेश सोनी- 606
लवकुश सिंह- 480
दीपक सिंह- 450
जितेन्द्र श्रीवास्तव-286 मत प्राप्त किये।

## प्रो. अरूण शुक्ल संभागीय अध्यक्ष नियुक्त

**जबलपुर।** प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ के संरक्षक प्रो. कैलाश त्यागी एवं प्रांताध्यक्ष डॉ. आनंद शर्मा द्वारा संघ के मध्यप्रदेश के सभी संभागों के संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किये गये है। जबलपुर संभाग के लिए प्रोफेसर अरुण शुक्ला को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापकों डॉ.टी.आर.नायडू, डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. रवि कटारे, डॉ. राजेश शामकुंवर, डॉ. जे.के.गुजराल, डॉ. रश्मि चौबे, डॉ. ज्योति जाट, डॉ. हेमंत तनकंपन, डॉ. बलिराम अहिरवार, डॉ. मानवेन्द्र यादव, डॉ. प्रियंका साहू, डॉ. रश्मि बुनकर, डॉ. आनंद तिवारी, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा आदि ने शुभकामनाएं दी।



## समृद्धि शुक्ला का सुयश

**जबलपुर,।** केंद्रीय विद्यालय वाहन निर्माणी की द्वितीय पाली में अध्ययनरत समृद्धि शुक्ला ने सीबीएसई की दसवीं की परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य, उप प्राचार्य व गुरूजनों के मार्गदर्शन से समृद्धि को सभी विषयों में विशेष योग्यता मिली। समृद्धि शुक्ला की सफलता में संगीता पंत व दीप्ति हाजेला का विशेष योगदान रहा। समृद्धि विवेक-मीता शुक्ला की पुत्री है।

## कीट व्याधि से बचाव के उपाय अपनाने से बढ़ सकता है ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द का उत्पादन

> इन फसलों का औसत उत्पादन दस क्विंटल प्रति हेक्टेयर होता है, कीटों एवं रोगों से बचाव करने पर इसमें वृद्धि की जा सकती है।

**जबलपुर।** जिले में ग्रीष्म कालीन मूंग और उड़द के बढ़ते रकबे को देखते हुये इन फसलों को कीट-व्याधि से बचाने के उपाय किसानों को सुझाये गये हैं। किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के मुताबिक जायद में मूंग एवं उड़द की फसल पर कीटों और रोगों का प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इन फसलों का औसत उत्पादन दस क्विंटल प्रति हेक्टेयर होता है, कीटों एवं रोगों से बचाव करने पर इसमें वृद्धि की जा सकती है। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास रवि आम्रवंशी के अनुसार कम लागत और अंतरफसल के रूप में अतिरिक्त आय के अलावा मूंग एवं उड़द की फसलें मिट्टी की उर्वरकता में सुधार करने में सहायक होती हैं। कम अवधि वाली ये दलहनी फसलें 40 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर वायुमंडलीय नाइट्रोजन का स्थिरीकरण भूमि में करती हैं और कटाई के बाद 1.5 टन कार्बनिक पदार्थ को खेत में छोड़ जाती है। जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। उन्होंने बताया कि मूंग एवं उड़द की अधिकतम पैदावार के लिये भूमि का उचित प्रबंधन, प्रारंभिक खरपतवार नियंत्रण संतुलित उर्वरक का उपयोग, क्रांतिक अवस्था में सिंचाई, समय पर का प्रभावी नियंत्रण तथा समय पर कटाई आदि लाभदायक होती है।

उपसंचालक कृषि के मुताबिक कुछ बीमारियां महामारी की स्थिति में मूंग एवं उड़द की उपज में गंभीर नुकसान का कारण बनती है। मूंग-उड़द की फसलों में अधिकतर सफेद मक्खी, फली छेदक इल्ली, माहू तथा बिहार रोमिल इल्ली का प्रकोप देखा जाता है। पत्तीभक्षक या इल्ली वर्गीय कीटों की रोकथाम के लिये लैम्बडासाइटेलोथ्रिन 10 ईसी का 0.5 मिलीलीटर, क्विनोल्फॉस 25 ईसी का 2.5 मिलीलीटर या फेनवेलरेट 20 ईसी का 2 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से उपयोग कर नियंत्रित किया जा सकता है। मूंग एवं उड़द फसलों में माहू या सफेद मक्खी जैसे रस चूसक कीटों का प्रकोप होने की स्थिति में 2 मिलीलीटर इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एसएल का प्रति लीटर पानी में उपयोग कर 15-15 दिनों के अंतराल में रखे करें या थियामेथोक्साग 25 डब्ल्यू पी का 0.3 ग्राम लीटर या नीम तेल 5 प्रतिशत का 50 ग्राम प्रति लीटर का छिडकाव करना लाभप्रद होता है।

श्री आम्रवंशी ने बताया कि मूंग एवं उड़द की फसलों में बीमारियों का शीघ्र पता लगाना एकीकृत रोग प्रबंधन के दृष्टिकोण से बीमारियों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के लिये महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि मूंग उड़द में पीला मोजेक, सर्कोस्पोरा, पर्णदाग, एन्थक्नोज तथा भमूतिया रोग प्रमुख है। पीला मोजेक सफेट मक्खी द्वारा फैलता है। इसके नियंत्रण के लिये मैलाथियान 50 ईसी का 2 मिलीलीटर या ऑक्सीडेमेटोन मिथाइल 25 ईसी का 2 मिलीलीटर का छिडकाव 15-15 दिनों के अंतराल में करना फायदेमंद होता है। फफूंद से होने वाले रोग अल्टेरनारिया या सर्कोस्पोरा के नियंत्रण के लिए जिनेव 80 डब्लूपी या जिरम 80 डब्लूपी का 2 ग्राम या कार्बेन्डाजिम 50 डब्लूपी का 1 ग्राम या कार्बेन्डाजिम 50 डब्लूपी के साथ डाइथेन एम-45 का 2 ग्राम प्रति लीटर का आवश्यकतानुसार छिडकाव करना किफायती होता है।

## शत प्रतिशत रहा नवोदय विद्यालय का परिणाम

**जबलपुर।** नवोदय विद्यालय बरगी नगर का 10वीं एवं 12वीं सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 10वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के कार्मिक अहिरवार ने 93.20 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। 92 प्रतिशत अंकों के साथ वेद पटेल व राशि साहू को दूसरा स्थान हासिल हुआ। तीसरे स्थान पर रहीं वैष्णवी श्रीवास्तव को 91 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। 10वीं कक्षा में 94 प्रतिशत विद्यार्थियों को प्रथम श्रेणी मिली। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्रीनिवास मिश्रा ने स्कूल की शिक्षक शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों व अभिभावकों को शुभकामनाएं दी है।

## तैराकी वाटर पोलो प्रशिक्षण प्रारंभ

**जबलपुर।** खेल एवं युवक कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिला खेल अधिकारी आशीष पाण्डे के निर्देशन में ग्रीष्मकालीन तैराकी, वाटर पोलो प्रशिक्षण शिविर नगर निगम स्वीमिंग पूल भंवरताल जबलपुर में प्रारम्भ हुआ। यह जानकारी सुनील कुमार पटेल सचिव जिला तैराकी संघ ने दी है। उन्होंने बताया कि नगर निगम खेल अधिकारी राकेश तिवारी एवं जिला तैराकी संघ जबलपुर के अध्यक्ष संजय पटेल ने तैराकी प्रशिक्षण शिविर निरीक्षण किया, प्रशिक्षक- शिवम पटेल, आशीष पटेल, महिला प्रशिक्षक श्रीमति तुलसा पटेल तैराकी शिविर में लगभग 80 बालक-बालिका प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

## जुए के फड़ पर छापा

**जबलपुर।** मझगवां थाना अतंर्गत खिरहनी कला बस स्टॉप के पीछे चल रहे एक जुए के फड़ पर छापा मारकर पुलिस ने तीन जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी 3 हजार 500 रुपए जब्त किए है। मझगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरेया मोहल्ला सिहोरा निवासी छोटेलाल बर्मन, ग्राम कुआ थाना बहोरीबंद कटनी निवासी अमित बर्मन और वार्ड नंबर 4 मझगवां निवासी सुजीत पटेल गत दिवस खिरहनी कला बस स्टॉप के पीछे जुआ मन्ना खेल रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते एवं नगद 3 हजार 500 रुपए जब्त किए है।

## दो सड़क हादसों में 5 घायल

**जबलपुर।** बरेला और घमापुर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना के दो हादसे सामने आए है। इस हादसे में पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सहजपुरी निवासी 27 वर्षीय श्रीकांत पिल्ले गत दिवस गुड्डा गोंड़ ,गोमती गोंड़ के साथ काम पर बरेला आया था बरेला से वापस अपनी मोटर सायकल से घर जा रहे थे। एक मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एम एन 2587 में गुड्डा एवं गोमती थे और उनके पीछे श्रीकांत पिल्ले अपनी मोटर सायकल में था। रात लगभग 8 बजे सोनू ढाबा के पास वाईपास रोड सालीवाड़ा पहुचे तभी पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी 20 जीए 9866 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए गुड्डा गोंड़ की मोटर सायकल में तथा उनके आगे चल रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 34 एम ई 5975 में टक्कर मार दी, जिससे गुड्डा गोंड़ एंव गोमती गोंड़ दोनों मोटर सायकल सहित गिर गये जिससे दोनों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटे आ गयी। वहीं मोटर सायकल क्रमांक एमपी 34 एम ई 5975 में सवार तिलहरी निवासी मंगल अहिरवार और मगरमुंहा निवासी राजू चौधरी दोनों भी गिर गए जिन्हें हाथ पैर एवं सिर में चोटे आ गई। श्रीकांत पिल्ले ने चारों को उपचार के लिए असपताल में भर्ती कराया।

इसी प्रकार घमापुर राम मंदिर के सामने सतपुला क्वाटर राम मंदिर के सामने घमापुर निवासी 32 वर्षीय सुजीत कोरी गत रात लगभग 10.30 बजे काम करके अपने घर साईकिल से सतपुला क्वाटर जा रहा था, जैसे ही वह राम मंदिर के सामने पहुंचा तभी ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20, 9785 के चालक ने उसकी साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह साईकिल सहित नीचे गिरकर घायल हो गया। वहीं ई रिक्शा चालक सतपुला तरफ भाग गया। पुलिस ने ट्रक चालक और ई रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## पत्नी वियोग में पति ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अतंर्गत अनुराधा कालोनी धोबीघाट में पत्नी के वियोग में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुराधा कालोनी धोबीघाट निवासी 32 वर्षीय सानू ग्रावकर ने गत रात 7.30 बजे पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि सानू ग्रावकर की पत्नी रोशनी ग्रावकर की एक साल पहले ही मौत हुई है तब से सानू ग्रावकर की दिमागी हालत ठीक नहीं है। पत्नी के वियोग में ही सानू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## रंगदारी वसूलने चाचा भतीजे पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत शेषनाग मंदिर के पास शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर दो बदमाशों ने चाचा भतीजे के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंजीपुरा सुपर मार्केट निवासी 19 वर्षीय मोमोस ठेला संचालक जयप्रकाश पासी गत रात लगभग 12.30 बजे मोमोस दुकान बंद कर अपने परिचित के शुभम विश्वकर्मा के साथ केला लेकर घर आ रहा था। जैसे ही दोनों शेषनाग मंदिर के पास पहुंचे तभी तरुण मिरगे, विक्की ठाकुर आए और उससे शराब पीने के लिए रुपए की मांग करने लगे, पैसे देने से मना करने पर दोनों गालीगलौज करने लगे और तरुण ने चाकू से जयप्रकाश के गाल पर हमला कर दिया। वहीं विक्की ठाकुर ने मारपीट कर दी। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर चाचा शैलेंद्र विश्वकर्मा उसे बचाने के लिए आए तो तरुण ने चाचा के हाथ की गदेली पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 327, 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## नाली के विवाद पर पिता पुत्र ने युवक को चाकू मारा

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत ग्राम सरसवां में नाली की बात पर एक पिता पुत्र ने एक युवक के साथ गालीगलौज कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सरसवां निवासी 28 वर्षीय दीपक कुमार पटेल आर्केस्टा चलाता है। गत सुबह वह जबलपुर आर्केस्टा का पेमेंट करने गया था। पेमेंट करके अपने दोस्त शेखर पटेल और राजू चक्रवर्ती के साथ कार से अपने गांव आया और बड़ी बखरी के पास खड़ी कर अपने दोस्तों के साथ पैदल अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में लोगों से उसे सूचना मिली की नाली की बात को लेकर लक्ष्मीप्रसाद पटेल और उसका बेटा नरेंद्र पटेल उसके पिता से विवाद कर रहे थे। रात लगभग 10.30 बजे जैसे ही वह नरेंद्र पटेल के घर के सामने पहुंचा तो नरेंद्र पटेल और उसका पिता लक्ष्मीप्रसाद पटेल दोनों दीपक के साथ गालीगलौज करने लगे, मना करने पर दोनों उससे लिपट गए और नरेंद्र ने चाकू से उसके सिर, पसली में चोटें पहुंचा दी। दीपक के दोस्त शेखर और राजू ने बीच बचाव किया तो दोनों पिता पुत्र ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।




## जलस्तर गिरने से हवा उगल रहे हैण्डपम्प

# पाताल में पहुंचा जलस्तर

**सिहोरा।** भीषण गर्मी के चलते जलस्त्रोतों का स्तर 30 फीट से 40 फीट तक नीचे गिर गया है। जिसके चलते सिहोरा एवं मझौली तहसील के अनेक ग्रामो में हैंड पंप हवा उगल रहे हैं एंव जबरदस्त जल संकट की स्थिति बन रही है। भूमिगत जलस्तर के पाताल में पहुंचने से आने वाले दिनों में भयंकर जलसंकट का सामना करना पड़ सकता है। कई गांवों में भूमिगत जल स्तर पातल में पहुंच गया है। बता दें कि अभी मानसून आने में लगभग 1 महीने से अधिक का समय बचा हुआ है मई महीना ही चल रहा है भीषण गर्मी से हालात और बिगडने का डर है।

### विभाग का दावा अमूमन 100 फीट जल स्तर

पीएचई विभाग के अनुसार सिहोरा एवं मझौली तहसील के ग्रामों का आम दिनों में भू जल स्तर लगभग 100 फिट है लेकिन जमीनी स्तर पर देखा जाए तो जल आपूर्ति के लिए घरों मे डेढ़ सौ से दो सौ फीट खनन कराने कराने के वावजूद लोगों को ग्रीष्म ऋतु में जल संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों की माने तो आज से 5 वर्ष पूर्व तक 100 फुट खनन वाले बोर भी वर्ष भर जल आपूर्ति करने में सक्षम रहते थे लेकिन विगत कुछ वर्षों में गिरते जल स्तर के कारण 150 से 200 फुट खनन वाले बोर्ड भी हवा उगल रहे हैं गांवों मे पानी को लेकर अभी से भयावह हालात उत्पन्न हो गए है। लोगों को दूर-दराज से पानी लाकर प्यास बुझानी पड़ रही है।



### गोसलपुर पंचायत क्रिटिकल जोन में

पीएचई विभाग के अनुसार सिहोरा एवं मझौली तहसील के अनेक ग्रामों में हैंड पंप 100 से 120 फीट गहरे हैं भूजल स्तर 30 से 40 फुट नीचे जाने से विभाग द्वारा हैंड पंप में 3 से 4 राइजर पाइप बढ़ाकर हैंडपंप को जिंदा किया जा रहा है लेकिन कुछ ग्राम पंचायत में अब और पाइप बढ़ाने की स्थिति नहीं है जिसके चलते हलक तर करने की घंटी 40 से 50 फीट नीचे भूजल स्तर वाली पंचायतों में भी बजनी शुरू हो गयी है। फिलहाल अगर वाटर लेबल के सेफ जोन की बात करें तो कुछ पंचायतें ऐसी हैं, जहां वाटर लेबल 20 से 30 फुट नीचे चल रहा है. और यदि रेड जोन की बात करें गोसलपुर पंचायत है जहां विभाग ने पेयजल संकट से निजात पाने 280 फुट गहरा बोर कराया है। जानकारों का कहना है कि बारिश का पानी सहेजने की जगह बर्बाद करने का दुष्परिणाम सामने है। अंधाधुंध भूजल खनन एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग की कमी के साथ सबमर्सिबल पंप के जरिए भूगर्भ जल निकासी बड़े पैमाने पर हो रही है। इसका असर भूगर्भ जल स्तर में जबरदस्त गिरावट के रूप में नजर आ रहा है।

### पेयजल संकट दूर करने की काशिश की जा रही है

*विभाग द्वारा सिहोरा एवं मझौली के ग्रामों में पेयजल संकट दूर करने लगातार हैंड पंप में 3 से 4 राइजर पाइप तक बढ़ाए जा रहे हैं। लेकिन जो हैंडपंप 100 फीट गहरे हैं उनमें पाइप बढ़ाने की स्थिति नहीं है।*

**विनय प्रताप सिंह,** एई, पी एच ई, सिहोरा

## खबर संक्षेप



### मैक्रोटेक डेवलपर्स भूखंड हासिल करने करेगी निवेश

**मुंबई।** रियल्टी कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स लिमिटेड चालू वित्त वर्ष में जमीन के टुकड़ों के अधिग्रहण के लिए 3,500-4,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह निवेश नए भूखंडों का अधिग्रहण करने और भूस्वामियों के साथ संयुक्त विकास समझौतों के जरिये किया जाएगा। मैक्रोटेक डेवलपर्स लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों का विपणन करती है। मैक्रोटेक डेवलपर्स के सीईओ अभिषेक लोढ़ा ने विश्लेषकों के साथ वार्ता में कहा कि कंपनी नए कारोबार के विकास पर 3,500-4,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

### टीवीएस श्रीचक्र ने पहला 'यूरोग्रिप टायर्स' खुदरा स्टोर खोला



**चेन्नई।** टीवीएस यूरोग्रिप, यूरोग्रिप और टीवीएस टायर्स ब्रांड के तहत दोपहिया तथा तिपहिया टायर बनाने वाली कंपनी टीवीएस श्रीचक्र लिमिटेड ने शहर में अपना पहला 'यूरोग्रिप टायर्स' खुदरा स्टोर खोला है। कंपनी का मकसद अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। बयान के अनुसार, वेलाचेरी स्थित स्टोर 'यूरोग्रिप टायर्स' से कंपनी के टायर और ट्यूब की पूरी श्रृंखला की खुदरा बिक्री की जाएगी।

### हिंडाल्को अमेरिका में आईपीओ के लिए जमा किए दस्तावेज



**नई दिल्ली।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने कहा कि उसकी इकाई नोवेलिस इंक ने अपने प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए अमेरिकी प्रतिभूति नियामक के पास दस्तावेज जमा कराए हैं। नोवेलिस इस निर्गम के तहत अपने सामान्य शेयरों को न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध करेगी। आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने पूर्ण-स्वामित्व वाली अपनी अनुषंगी नोवेलिस इंक के आईपीओ के आकार का खुलासा नहीं किया।

### थोक महंगाई दर 13 महीने के उच्चतम स्तर पर



**नई दिल्ली।** तेल और खाद्य पदार्थ समेत अन्य चीजों के दाम बढ़ने का असर थोक महंगाई दर पर दिखा है। यह 13 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। बिजनेस स्टैंडर्ड के मुताबिक, मंगलवार को थोक मूल्यांक सूचकांक आधारित महंगाई दर में अप्रैल का आंकड़ा 1.26 प्रतिशत दर्ज किया गया है। पिछले साल अप्रैल में यह दर 0.79 प्रतिशत और मार्च, 2024 में यह दर 0.53 प्रतिशत थी। विशेषज्ञों ने यह आंकड़ा 1 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया था।

### एलाइड ब्लेंडर्स को आईपीओ के लिए मंजूरी मिली




**नई दिल्ली।** ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की बनाने वाली कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 1,500 करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी से मंजूरी मिल गई है। आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, निर्गम में 1,000 करोड़ रुपये के ताजा शेयर और प्रवर्तकों द्वारा 500 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल हैं।

# मुक्त व्यापार समझौते वाले देशों का जलवा! जमकर हो रहा भारत से व्यापार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत का संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वाले देशों से माल का आयात वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच करीब 38 प्रतिशत बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के अनुसार, एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) भागीदारों को देश का निर्यात 2018-19 में 107.20 अरब अमेरिकी डॉलर से 2023-24 में 14.48 प्रतिशत बढ़कर 122.72 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। शोध संस्थान ने कहा भारत का आयात वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच करीब 37.97 प्रतिशत बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह वृद्धि भारत की वैश्विक व्यापार गतिशीलता पर मुक्त व्यापार समझौतों के महत्वपूर्ण तथा विविध प्रभाव को दर्शाती है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में संयुक्त अरब अमीरात में भारत का निर्यात 2023-24 में 18.25 प्रतिशत बढ़कर 35.63 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि 2018-19 में यह 30.13 अरब अमेरिकी डॉलर था। आयात वित्त वर्ष 2018-19 में 29.79 अरब अमेरिकी डॉलर से 61.21 प्रतिशत बढ़कर 48.02 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच एफटीए मई 2022 में लागू हुआ था।

## भारत का आयात वित्त वर्ष 37.97 प्रश बढ़कर 187.92 अरब अमेरिकी डॉलर हुआ

### इन देशों से भी बढ़ा आयात-निर्यात

इसी तरह ऑस्ट्रेलिया, जापान, 10 देशों वाले दक्षिणपूर्व एशियाई गुट आसियान और दक्षिण कोरिया के साथ भी एफटीए के बाद निर्यात और आयात में बढ़ोतरी हुई है। भारत विश्व व्यापार में 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ निर्यात में विश्व स्तर पर 17वें स्थान पर है। आयात के मोर्चे पर वैश्विक व्यापार में 2.8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ देश आठवें स्थान पर है।



### 23-24 में गिरा व्यापारिक निर्यात

वित्त वर्ष 2023-24 में हालांकि भारत का व्यापारिक निर्यात 3.11 प्रतिशत गिरकर 437.1 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया और आयात भी 5.4 प्रतिशत घटकर 677.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। अजय श्रीवास्तव जीटीआरआई के सह-संस्थापक हैं। वह एक भारतीय व्यापार सेवा अधिकारी थे। मार्च 2022 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लिया। उनके पास व्यापार नीति निर्माण, डब्ल्यूटीओ और एफटीए वार्ता का अनुभव है।

## लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद बाजार में तेजी आएगी

# गृह मंत्री शाह की भविष्यवाणी से दूसरे दिन भी झूमा शेयर बाजार, निफ्टी-सेंसेक्स बने रॉकेट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में देश के चुनावी माहौल के बीच एक इस हफ्ते तेजी वापस लौटी है। आज यानी मंगलवार 14 मई को भी लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार ने बढ़त के साथ कारोबार किया। इससे पहले सोमवार को शुरुआती कारोबार में बड़ी गिरावट के साथ खुला था, लेकिन करीब 11 बजे इसने रिकवरी शुरू कर दी थी।

इसी बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भारतीय शेयर बाजार को लेकर बड़ा बयान सामने आया। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि 4 जून को लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद बाजार में तेजी आएगी। इसलिए 4 जून से पहले शेयर खरीद लें। शाह ने कहा कि बाजार की चाल को सीधे चुनाव से जोड़ना बुद्धिमानी नहीं है। शायद ये गिरावट कुछ अफवाहों की वजह से हुई। पहले भी बाज़ार में अधिक गिरावट आई है।

### शेयर बाजार पर अमित शाह की टिप्पणी

बता दें कि लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद अमित शाह भारतीय शेयर बाजार के लिए को लेकर आशावादी हैं और गिरावट को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हैं। पिछले हफ्ते बाजार में गिरावट के बावजूद गृह मंत्री शाह ने कहा है कि शेयर बाजार में तेजी जारी रह सकती है, इसलिए जिन्हें शेयर खरीदना है, वे 4 जून से पहले शेयर खरीद लें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक साक्षात्कार में कहा- चुनाव परिणाम के बाद भारतीय शेयर बाजार में तेजी आएगी।



### मंगलवार को कैसी है बाजार की चाल

मंगलवार को स्टॉक एक्सचेंज के प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी ने 50 करीब 125 अंकों के उछाल के साथ 22200 से ऊपर कारोबार किया। वहीं बीएसई सेंसेक्स 375 प्वाइंट की बढ़त के साथ 73150 के आसपास है। सोमवार को मार्केट के शुरुआती सेशन में निफ्टी 21821 तक टूट गया था, लेकिन बाद में इसमें करीब 300 अंकों की जबरदस्त रिकवरी देखने को मिली।

### पिछले सप्ताह रही अस्थिरता की स्थिति

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते अस्थिरता में बढ़ोतरी, सपाट क्यू4 रिजल्ट, लोकसभा चुनाव अनुमान और फाइल्स की ओर से लगातार सेलिंग समेत कई वजहों के चलते शेयर बाजार गिरावट पर चल रहा था। 13 मई को इंडिया वीआईएक्स भी बड़े उछाल के साथ अपने 52 हफ्ते के हाई 21.14 के स्तर पर पहुंच गया।

### स्थिर सरकार में बाजार का प्रदर्शन बेहतर

अमित शाह ने कहा कि जब देश में स्थिर सरकार होती है तो बाजार शानदार प्रदर्शन करता है। मोदीजी तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में वापस लौट रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा चुनावों के तीन चरणों में 283 सीटों पर हुए मतदान में से 190 पर जीत दर्ज करने का अनुमान लगाया है।

### 3 मई को ऑलटाइम हाई पर पहुंचा था निफ्टी

बता दें कि फ्रंटलाइन इंडेक्स निफ्टी इसी महीने 3 मई अपने ऑलटाइम हाई लेवल 22794 पर पहुंचा था और तब से करीब 4% से अधिक नीचे आया। हालांकि, इंडेक्स अभी भी पिछले 6 महीने में 12% से अधिक और सालभर में लगभग 20% ऊपर है।

# जल्द हटाया जा सकता है चावल के एक्सपोर्ट पर लगा बैन, सरकार कर रही तैयारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार जल्द ही चावल के एक्सपोर्ट पर लगा बैन हटा सकती है। सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में चावल का स्टॉक है और अच्छे मानसून की उम्मीद के बीच बुवाई के भी बढ़ने की पूरी संभावना है। इसके चलते अगले महीने तक सरकार चावल निर्यात पर से बैन हटाने की तैयारी कर रही है। सरकार ने चावल की कीमतें बढ़ने की आशंका के चलते पिछले साल एक्सपोर्ट पर बैन लगा दिया था।



### मौसम विभाग ने अच्छी बारिश की उम्मीद जताई

मौसम विभाग को 90 फीसदी उम्मीद है कि भारत में इस साल नॉर्मल से अधिक की रेंज में बारिश होगी। पिछले साल कम बारिश के चलते चावल की बुवाई प्रभावित हुई थी। इस साल मार्च में चावल की कीमतों में 12 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया था। हालांकि, अगले कुछ महीनों में कीमतें घटने लगेंगी।

### एफसीआई के भंडार से हो रही भारत राइस की बिक्री

फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के पास चावल का पर्याप्त भंडार है। नाफेड, एनसीसीएफ और केंद्रीय भंडार भी भारत राइस बेचने के लिए एफसीआई से खरीद कर रहे हैं। भारत राइस को 29 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचा जा रहा है।

### अच्छी बुवाई होने पर हटाया जा सकता है बैन

एक वरिष्ठ अधिकारी ने फाइनेंशियल एक्सप्रेस को बताया कि खरीफ का सीजन नजदीक आ चुका है। अगर सीजन में बुवाई अच्छी होती है तो प्रतिबंध हटाने पर विचार किया जा सकता है। मौसम विभाग द्वारा उम्मीद जताई जा रही है कि अगले महीने मानसून केरल पहुंच जाएगा। इसके साथ ही चावल की बुवाई शुरू हो जाएगी। जून और जुलाई में बारिश का दौर जारी रहने के साथ ही चावल की बुवाई भी बढ़ती रहेगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल सरकार के पास चावल का अच्छा स्टॉक है।

# खाद्य तेलों की कीमतों में आई गिरावट रिकॉर्ड तोड़ आयात कर रहा भारत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में अप्रैल के दौरान पाम ऑयल के आयात में भारी उछाल आया है। यह सालाना आधार पर 34.11 प्रतिशत बढ़कर 6,84,000 टन हो गया। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने मंगलवार को कहा कि पाम ऑयल की वैश्विक कीमतों में गिरावट आई है, जिसके चलते भारत में आयात बढ़ा है। व्यापार मंडल एसईए ने एक बयान में कहा कि अप्रैल में भारत के कुल 13,04,409 टन खाद्य तेल आयात में पाम तेल की हिस्सेदारी 52 प्रतिशत थी। इसमें सूरजमुखी और सोयाबीन तेल का आयात 6,20,315 टन था। अप्रैल में गैर-खाद्य तेलों सहित कुल वनस्पति तेल आयात 26 प्रतिशत बढ़कर 13,18,528 टन हो गया, जो एक साल पहले 10,50,189 टन था। एसईए का कहना है कि ग्लोबल मार्केट में पाम ऑयल की कीमतों में काफी नरमी आई है। यह पिछले महीने तकरीब 100 डॉलर प्रति टन तक घट गई।

> ■ कीमतों में गिरावट से बढ़ा आयात



### सोयाबीन-सूरजमुखी का घटा भाव

वैश्विक स्तर पर सोयाबीन तेल की भाव 40 डॉलर प्रति टन गिर गया। वहीं, सूरजमुखी तेल की कीमत पिछले महीने में 15 अमेरिकी डॉलर प्रति टन कम हो गई। क्रूड पाम ऑयल का शिपमेंट 36 प्रतिशत बढ़कर 3,93,856 टन से अधिक 5,36,248 टन हो गया। वहीं, क्रूड पाम कर्नेल ऑयल का आयात 3,990 टन से लगभग 6 गुना बढ़कर 23,618 टन हो गया।

### ओवरऑल इस साल घटा आयात

अप्रैल में भले ही खाद्य तेलों के आयात में भारी इजाफा हुआ हो, लेकिन चालू तेल वर्ष (नवंबर-अप्रैल) में अप्रैल तक कुल खाद्य तेल आयात में कमी आई है। एसईए के मुताबिक,चालू तेल वर्ष में 70.69 टन खाद्य तेल आयात हुए, जो पिछली समान अवधि में आयात हुए 80.02 लाख टन से करीब 12 फीसदी कम हैं।

### भारत है खाद्य तेलों का सबसे खरीदार

भारत दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य तेल आयातक है। इंडोनेशिया और मलेशिया आरबीडी पामोलीन और सीपीओ के प्रमुख सप्लायर हैं। वहीं, सोयाबीन तेल अर्जेंटीना और ब्राजील से और सूरजमुखी तेल रूस, रोमानिया और यूक्रेन से खरीदा जाता है।

# हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी को घटाकर 12% कर सकती है सरकार

**नई दिल्ली।** अगर आपने हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी ली है या आने वाले दिनों में खरीदने वाले हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। केंद्र सरकार 30,000 रुपये तक की हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी घटाने पर विचार कर रही है। सरकार इसे मौजूदा 18 प्रतिशत जीएसटी दर से घटाकर 12 प्रतिशत पर लाने पर विचार कर रही है। बता दें कि इसके पूर्व हेल्थ इंश्योरेंस को किफायती बनाने के मकसद से कमिटी ने कहा था कि सीनियर सिटीजन के लिए खासतौर पर रिटेल इंश्योरेंस पॉलिसी और टर्म पॉलिसी पर जीएसटी को कम करने पर विचार किया जा सकता है।




फाइनेंशियल हलकों की खबर के मुताबिक, इसका मकसद हेल्थ इंश्योरेंस को ज्यादा अफोर्डेबल और आकर्षक बनाना है। फिलहाल 30 हजार रुपये तक की हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी में एक परिवार के चार सदस्य 10 लाख रुपये तक का कवर पा सकते हैं। यह कवर हालांकि अलग-अलग फैक्टर जैसे उम्र और टाइप ऑफ कवरेज पर भी निर्भर करता है। खबर के मुताबिक, एक अधिकारी का कहना है कि जीएसटी में कटौती की पहल से प्रीमियम रेट को कम करने या हेल्थ कवर ऑप्शन में अतिरिक्त फायदे ऑफर किये जा सकेंगे। यह लोगों की जरूरत पर निर्भर करेगा। अधिकारी का कहना है कि यह लंबित प्रस्ताव है जिस पर लोकसभा चुनाव 2024 के संपन्न होने के बाद फैसला लिया जा सकता है।

# अप्रैल में कम रही ईवी दोपहिया की बिक्री, मार्च के मुकाबले आधे भी नहीं बिके

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अप्रैल के महीने में दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में करीब 50 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में गिरावट की वजह सब्सिडी को लेकर एक अप्रैल से लागू हुए बदलाव को माना जा रहा है। बता दें कि 31 मार्च को फेम-II सब्सिडी सरकार की ओर से समाप्त कर दी गई थी। इसके तहत सरकार हर दोपहिया वाहन पर 10,000 रुपये प्रति यूनिट की सब्सिडी दे रही थी, लेकिन एक अप्रैल से सब्सिडी न मिलने के कारण बिक्री में गिरावट देखी गई है।

### अप्रैल में कितने बिके इलेक्ट्रिक दोपहिया

पिछले महीने इलेक्ट्रिक दोपहिया स्कूटर्स की बिक्री केवल 64,000 यूनिट्स की ही हुई है। मार्केट लीडर ओला की ओर से केवल 33,000 से कुछ ज्यादा यूनिट्स बेचे गए हैं। मार्च में यही आंकड़ा 50,000 यूनिट्स से ज्यादा का था। बता दें, सरकार के वाहन पोर्टल के वाहन पंजीकरण आंकड़ों के अनुसार, मार्च में इलेक्ट्रिक दोपहिया निर्माताओं ने 136,000 से अधिक इकाइयाँ बेचीं थी। जो एक महीने के रिकॉर्ड पर सबसे अधिक है।



### मार्च में समाप्त हुई थी फेम-II की सब्सिडी

सरकार की ओर से 31 मार्च को फेम-II सब्सिडी समाप्त कर दी गई थी। इसके तहत सरकार हर दोपहिया वाहन पर 10,000 रुपये प्रति यूनिट की सब्सिडी दे रही थी, लेकिन एक अप्रैल से सब्सिडी न मिलने के कारण बिक्री में गिरावट देखी गई है।

### 30 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा बाजार

वित्त 2023-24 में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री में 30 प्रतिशत की बढ़त देखी गई थी। इस दौरान 9.40 लाख से अधिक यूनिट्स सभी कंपनियों द्वारा बेचे गए हैं।

### दिग्गज कंपनियों को लगा झटका

ओला के साथ ही बजाज, टीवीएस और एथर जैसी कंपनियों को भी बड़ा झटका लगा है। बजाज ने अप्रैल में 7,500 से अधिक इकाइयां बेचीं, जबकि पिछले महीने में यह 18,000 से अधिक थी। टीवीएस की बिक्री मार्च में लगभग 26,000 से घटकर 7,600 इकाई रह गई। वहीं, एथर ने अप्रैल में 4,000 के करीब यूनिट्स बेची है। यह आंकड़ा मार्च में 17,000 से ज्यादा का था।

## कंपनी डेढ़ साल पहले अपना आईपीओ लेकर उतरी थी बाजार में

# आईपीओ से मिले धन का किया दुरुपयोग, सेबी ने लगाया कंपनी पर बैन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पिछले 2-3 सालों के दौरान भारतीय बाजार में दनादन आईपीओ लॉन्च हुए हैं। शेयर बाजार के सुधरे माहौल और लगातार जा रही रैली का फायदा उठाकर न सिर्फ बड़ी कंपनियां, बल्कि एसएमई यानी छोटी कंपनियां भी इश्यू लेकर आ रही हैं। इस बीच बाजार नियामक ने बीते दिनों आईपीओ लाने वाली एक छोटी कंपनी के ऊपर बड़ी कार्रवाई की है, जो बाकियों के लिए सबक का काम कर सकती है। बाजार नियामक सेबी ने यह कार्रवाई वैरेनियम क्लाउड नाम की कंपनी के ऊपर की है। इस कार्रवाई में कंपनी के ऊपर सिक्योरिटीज मार्केट में बैन लगा दिया गया है। वैरेनियम क्लाउड के शेयर एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्टेड हैं। सेबी के एक्शन के बाद न तो कंपनी वैरेनियम क्लाउड और न ही उसके प्रबंध निदेशक अगले नोटिस तक सिक्योरिटी बाजार को एक्सेस कर सकते हैं। सेबी ने यह एक्शन आईपीओ के जरिए जुटाए गए फंड का दुरुपयोग करने के चलते लिया है।



### क्या कहता है सेबी का ऑर्डर

सेबी के आदेश में कहा गया है कि कंपनी ने आईपीओ और उसके बाद आए एक अन्य ऑफर से जुटाए गए पैसों का सही इस्तेमाल नहीं किया। कंपनी ने ऑफर डॉक्यूमेंट में जिन उद्देश्यों पर फंड के इस्तेमाल की बात कही थी, वास्तव में उसने अन्य काम में पैसों का इस्तेमाल कर लिया था। आदेश के अनुसार, कंपनी के प्रमोटर ने आईपीओ से जुटाए गए फंड के एक हिस्से को बीएम ट्रेडर्स नाम की एक कंपनी में ट्रांसफर कर दिया। उन पैसों का इस्तेमाल किस काम में किया गया, यह जानकारी मालूम नहीं चल पाई है।

### एमडी के ऊपर लगी ये रोक

सेबी ने वैरेनियम क्लाउड के प्रबंध निदेशक के ऊपर सिक्योरिटी मार्केट से प्रतिबंध के अलावा भी एक्शन लिया है। बाजार नियामक ने कंपनी के एमडी को किसी भी सूचीबद्ध कंपनी या उसकी सब्सिडयरी कंपनियों में डाइरेक्टर बनने या अहम प्रबंधकीय पद संभालने से भी रोक दिया है।

### डेढ़ साल पहले आया था आईपीओ

वैरेनियम क्लाउड का आईपीओ सितंबर 2022 में लॉन्च हुआ था। कंपनी के आईपीओ का साइज 36.60 करोड़ रुपये था। आईपीओ में कंपनी ने 122 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया था। पिछले साल अक्टूबर में भाव 239.9 रुपये के ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गया था। हालांकि उसके बाद भाव में जबरदस्त गिरावट देखी गई है और अभी एक शेयर सिर्फ 42 रुपये का रह गया है।

# अदाणी की टोटल गैस और पावर कंपनियों के शेयर चढ़े




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अदाणी समूह की कंपनियों के शेयर सुर्खियों में रहे और अदाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी टोटल गैस और अदाणी पावर में पांच प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई।


अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर बीएसई पर 5.43 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। अदाणी टोटल गैस में 5.50 प्रतिशत, अदाणी पावर में 5.49 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी में 4.34 प्रतिशत और एसीसी में 4.17 प्रतिशत की तेजी हुई। अंबुजा सीमेंट्स के शेयर में 3.90 प्रतिशत, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 3.07 प्रतिशत, अदाणी विल्मर में 2.20 प्रतिशत, अदाणी पोर्ट्स में 1.89 प्रतिशत और एनडीटीवी के शेयर में 1.87 प्रतिशत का लाभ रहा। सभी 10 सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 15,86,018.55 करोड़ रुपये था।

## चिंतन

# चुनाव प्रचार भाषणों में न टूटे भाषा की मर्यादा

चार चरण के चुनाव होने तक चुनाव प्रचार के दौरान नेताओं के संबोधन की भाषा में काफी गिरावट आई है। नेताओं ने विरोधी पर प्रहार के दौरान शब्दों की मार्यादाओं को अनेक बार लांघा है। चुनाव वैचारिक लड़ाई है, सभी दलों की आकांक्षा सरकार में आकर देश सेवा ही है, इसके बावजूद देश के अपने ही विरोधी नेताओं के लिए टपोरी भाषा, अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल आदि चिंता पैदा करती है। आचार संहिता लागू होने के बाद से यह दूसरी बार है कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने नेताओं से मर्यादित भाषा के प्रयोग की अपील की है। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा है कि लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं को ऐसे 'अच्छे उदाहरण' पेश करने चाहिए, जिनकी उनसे उम्मीद की जाती है। आयोग ने कहा है कि देश के सामाजिक ताने-बाने को नुकसान नहीं पहुंचे, इसके लिए चुनाव के शेष चरणों में अपने चुनावी भाषणों को सही करना प्राथमिक रूप से नेताओं की जिम्मेदारी है। 16 मार्च को लोकसभा चुनावों की घोषणा के बाद से देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू है। यूं तो आयोग ने दावा किया है कि उसने आचार संहिता उल्लंघन के 90 फीसदी शिकायतों का निपटारा कर दिया है और कांग्रेस एवं भाजपा की कुछ शिकायतों को छोड़कर पार्टियों की ओर से कोई बड़ी शिकायत लंबित नहीं है। चुनाव के दौरान किस तरह की भाषा बोली जाय और किस तरह के शब्दों के प्रयोग नहीं किए जाएं, इसको लेकर निर्वाचन आयोग की सख्त गाइडलाइन है। सुप्रीम कोर्ट ने भी विभाजनकारी, अमर्यादित भाषा इस्तेमाल नहीं करने की सख्त हिदायत पूर्व में दी हुई है। आयोग के मुताबिक, आदर्श आचार संहिता लागू हुए करीब दो महीने पूरे होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों का प्रचार मुख्यतः हिंसा मुक्त, कम शोरगुल व कम कोलाहल वाला और प्रलोभन से मुक्त रहा है। चुनाव संबोधन के दौरान, विभाजनकारी बातें, प्रलोभन देना, विरोधी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करना, नेताओं पर व्यक्ति प्रहार करना, सामाजिक तानेबाने के खिलाफ बोलना, जाति, समूह य संप्रदाय के खिलाफ बोलना आदि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। आदर्श आचार संहिता की पालना का दायित्व केंद्रीय निर्वाचन आयोग का है, इसलिए उसे नजीर पेश करना चाहिए। सबसे चिंता की बात है कि कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग किसी भी दल के बड़े नेता, जो आचार संहिता का उल्लंघन करते हैं, उनके खिलाफ सख्त एक्शन लेकर कोई नया उदाहरण पेश नहीं करता है। केवल हिदायत देने, चेताने और नसीहत देने से बात नहीं बन रही है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन चुनाव दर चुनाव बढ़ता ही जा रहा है। चुनावी भाषणों के दौरान राजनीतिक दलों के बीच शाब्दिक फिजा इतनी खराब हो जाती है कि वैचारिक मतभेद मनभेद और वैमनष्यता में बदल जाते हैं, यह ठीक नहीं है। सभी दल देश के हैं, नेता देश के हैं, लक्ष्य देश सेवा है, लोकतंत्र में पक्ष व विपक्ष दोनों महत्वपूर्ण अंग हैं, ऐसे में नेताओं को अपने विरोधियों के लिए मर्यादित, संस्कारित भाषा का इस्तेमाल ही करना चाहिए। कांग्रेस को देखना चाहिए कि पूर्व में उसके नेताओं ने पीएम नरेन्द्र मोदी समेत अन्य भाजपा नेताओं के लिए कितनी बार अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया है? चुनाव आयोग अगर शुरू से सख्त कार्रवाई करती रहती तो, भाषा की मर्यादा इतनी नहीं गिरती। पक्ष व विपक्ष दोनों ओर के नेता अपने संबोधनों में भाषा की मर्यादा व गरिमा बनाए रखें।

## सारा संसार



स्विट्ज़रलैंड पर्यटन में देखने वाली खूबसूरत जगह में शामिल जिनेवा भी है जिसे स्विट्ज़रलैंड का सबसे शांत शहर माना जाता है। स्विट्ज़रलैंड चॉकलेट्स और घड़ियों के लिए बहुत फेमस देश है और जिनेवा इन व्यवसाय का केंद्र है।

## जंगल की आग

रोहित कौशिक



# वन संपदा बचाना प्राथमिकता हो

इस समय उत्तराखंड के अनेक भागों से जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। आग के कारण वन सम्पदा को काफी नुकसान हो रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि कभी प्राकृतिक कारणों से जंगलों में आग लगती है तो कभी निहित स्वार्थों के कारण जानबूझकर जंगलों में आग लगा दी जाती है। जब तापमान बढ़ता है तो जंगलों में आग लगने की संभावना भी बढ़ जाती है। कुछ समय पहले काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर द्वारा जारी रिपोर्ट 'मैनेजिंग फारेस्ट फायर इन चेजिंग क्लाइमेट' में बताया गया था कि भारत के 30 प्रतिशत से ज्यादा जिलों के जंगलों में भीषण आग लगने का खतरा मौजूद है। इस अध्ययन के अनुसार पिछले दो दशकों के दौरान देश के जंगलों में आग लगने की घटनाएं 10 गुना से ज्यादा बढ़ गई हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन के कारण आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र के जंगलों पर भीषण आग लगने की संभावना के कारण सबसे ज्यादा खतरा है। रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है कि राज्य सरकारों या राज्य के वन विभागों को सरकारी स्कूलों और सामुदायिक हाल जैसे सार्वजनिक भवनों को ऐसी आपदाओं के लिए तैयार करना चाहिए। इन भवनों में स्वच्छ हवा के लिए एयर फिल्टर जैसे उपायों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए ताकि जंगलों में आग लगने के दौरान आग और धुएं से बचा जा सके। इसके साथ ही जंगल में आग रोकने और उससे लड़ने के लिए एक विशेष रूप से प्रशिक्षित कैडर तैयार करना चाहिए। सरकारों को जंगलों में आग लगने की घटनाओं के लिए रीयल-टाइम अलर्ट सिस्टम भी विकसित करना चाहिए। इस अध्ययन में बताया गया है कि पिछले दो दशकों में जंगल में लगने वाली आग के 89 प्रतिशत से ज्यादा मामले उन जिलों में दर्ज किए गए हैं, जो या तो सूखे से प्रभावित हैं या फिर वहां मौसम में परिवर्तन देखा गया है। जंगल में आग लगने की अत्यधिक घटनाओं वाले कुछ ऐसे जिले हैं, जहां पहले बाढ़ का खतरा होता था लेकिन अब वहां सूखे की प्रवृत्ति दिखाई दे रही है। पहाड़ों के जंगलों में आग लगने की घटनाएं कई सवाल खड़े करती हैं। ऐसी घटनाओं के लिए किसी एक कारक को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि पहाड़ों में ऐसी घटनाओं के इतिहास को देखते हुए भी कोई ठोस योजना नहीं बनाई जाती है। एक अध्ययन के अनुसार पूर्व एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और समुद्र तटीय क्षेत्रों में जंगलों में आग लगने की समस्या बढ़ती जा रही हैं। इस आग से लोगों का स्वास्थ्य, पर्यटन अर्थव्यवस्था और परिवहन उद्योग गम्भीर रूप से प्रभावित हो रहा है। गौरतलब है कि दक्षिण एशिया में आग से नष्ट होने वाले 90 फीसदी जंगल भारत के हैं। पहाड़ों पर चीड़ के वृक्ष आग जल्दी पकड़ते हैं। दरअसल पहाड़ों की भौगोलिक स्थिति के कारण आग या फिर किसी अन्य आपदा से जूझना आसान नहीं है। गौरतलब है कि पिछले दिनों नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने जंगलों की आग पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि पर्यावरण मंत्रालय और अन्य प्राधिकरण वन क्षेत्र में आग लगने की घटना को हल्के में लेते हैं। अब समय आ गया है कि हम जंगलों की आग से निपटने के लिए ठोस योजनाएं बनाएं। आग से निपटने के फौरी उपाय तात्कालिक रूप से प्रभावी हो सकते हैं लेकिन दीर्घकालिक दुष्प्रभावों को कम नहीं कर सकते। बेहतर भविष्य के लिए वन सम्पदा बचाना हमारी प्राथमिकताओं में होना चाहिए। हमें समझना होगा कि जंगलों की आग का खामियाजा हर हाल में हमें ही भुगतना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# सेवा निर्यात की रफ्तार बढ़ानी जरूरी

बीते कुछ वर्षों में भारत के निर्यात का एक चमकदार पहलू सेवा निर्यात रहा है। भारत ने डिजिटल माध्यम से मुहैया कराई गई सेवाओं के निर्यात में वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। डिजिटल माध्यम से सेवा निर्यात के तहत कंप्यूटर नेटवर्क का इस्तेमाल कर शिक्षा, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन, गेमिंग, मनोरंजन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि के लिए दक्ष ऑपरेटर, कुशल प्रोग्रामर और कोडिंग विशेषज्ञ द्वारा दी जाने वाली सेवाएं शामिल हैं। बहुआयामी प्रयासों से देश में सेवा निर्यात की सुस्त होती हुई रफ्तार को बढ़ाया जा सकेगा और सेवा निर्यात की अधिक आय से विदेश व्यापार के घाटे में कमी लाई जा सकेगी।

कल तक पूरी दुनिया में भारत का सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) तेज रफ्तार से बढ़ रहे चमकीले सेक्टर के रूप में रेखांकित होता रहा है, लेकिन अब भारत के इसी प्रभावी सेवा निर्यात ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सुस्त रफ्तार दिखाई है। सेवा निर्यात की यह रफ्तार पिछले तीन साल में सबसे कम रही है। हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारत से माल एवं सेवाओं का कुल निर्यात 776.68 अरब डॉलर रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 776.40 अरब डॉलर रहा था। ऐसे में गत वित्त वर्ष में सेवा निर्यात 3.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 339.62 अरब डॉलर का रहा, जबकि वस्तु निर्यात 3.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 437.06 अरब डॉलर रहा है।

निश्चित रूप से बीते कुछ वर्षों में भारत के निर्यात का एक चमकदार पहलू सेवा निर्यात रहा है। भारत ने डिजिटल माध्यम से मुहैया कराई गई सेवाओं के निर्यात में वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। डिजिटल माध्यम से सेवा निर्यात के तहत कंप्यूटर नेटवर्क का इस्तेमाल कर शिक्षा, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन, गेमिंग, मनोरंजन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि के लिए दक्ष ऑपरेटर, कुशल प्रोग्रामर और कोडिंग विशेषज्ञ द्वारा दी जाने वाली सेवाएं शामिल हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के मासिक बुलेटिन में प्रकाशित एक शोध आलेख के पिछले तीस वर्षों में यानी 1993 से 2022 के बीच भारत का सेवा निर्यात 14 फीसदी से अधिक की समेकित सालाना वृद्धि दर से बढ़ा। यह 6.8 फीसदी की वैश्विक सेवा निर्यात वृद्धि की तुलना में बेहतर हैं। परिणामस्वरूप समान अवधि में सेवा निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 0.5 फीसदी से बढ़कर 4.3 फीसदी जा पहुंची। इसी आधार पर भारत दुनिया में सातवां सबसे बड़ा सेवा निर्यातक देश बन गया है, जबकि वर्ष 2001 में सेवा निर्यात के मामले में भारत 24वें स्थान पर था। खास बात यह भी है कि दूरसंचार, कंप्यूटर और सूचना सेवा निर्यात के क्षेत्र में भारत दुनिया में दूसरे और सांस्कृतिक तथा मनोरंजक सेवा निर्यात में छठे स्थान पर है। विश्व व्यापार संगठन की एक नई रिपोर्ट के अनुसार यदि केवल डिजिटल माध्यम से जुड़ी हुई सेवाओं के निर्यात के आधार पर मूल्यांकन करें तो इस क्षेत्र में भारत जर्मनी और चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में अमेरिका, ब्रिटेन और आयरलैंड के बाद चौथे क्रम पर आ गया है। निश्चित रूप से भारत सेवाओं के निर्यात में वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहा है। निस्संदेह भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात बढ़ रहा है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि वर्ष 2015-16 से लगाकर वर्ष 2022-23 के बीच भारत में जीसीसी की संख्या 60 फीसदी बढ़कर 1,600 से अधिक हो गई है। जीसीसी भारत में बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा स्थापित विशेष केंद्र हैं, जिनका मकसद स्थानीय प्रतिभा का फायदा उठाना, अधिक से अधिक परिचालन दक्षता हासिल करना और नए बाजारों तक पहुंचना है। जीसीसी सूचना प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं विकास (आरऐंडडी), वित्त, मानव



संसाधन, ग्राहक सेवा, विश्लेषण और कारोबारी प्रक्रियाओं के संचालन सहित तमाम क्षेत्रों में कार्य करते हैं। गोल्डमैन सैक्स ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा कि भारत में जीसीसी की आय पिछले 13 वर्षों में 11.4 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक दर (सीएजीआर) से बढ़ी और चार गुना होती हुई वित्त वर्ष 2023 में 46 अरब डॉलर तक पहुंच गई है।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि बीते कुछ दशकों से भारतीय अर्थव्यवस्था का अहम पहलू सेवा निर्यात रहा है। इसने न केवल व्यापार घाटे को थामे रखने में मदद की है, बल्कि इनसे देश में रोजगार निर्माण में सहारा दिया है। भारत ने वैश्विक सेवा व्यापार में प्रतिस्पर्धी क्षमता भी प्रदर्शित की है, दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित क्षेत्रों में भारत की लगातार पहचान बढ़ी है। लेकिन अब सेवाओं के निर्यात में कमजोर वृद्धि की मुख्य वजह विकसित अर्थव्यवस्थाओं से मांग नरम रहना है। वित्त वर्ष 2024-25 में भी सेवा निर्यात की हालात कमजोर ही रहने की आशंका है, क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था और विशेष तौर पर अमेरिका एवं यूरोप में उच्च ब्याज दरों के कारण मांग में नरमी रहेगी तथा युद्धजनित परिस्थितियों से वैश्विक व्यापार में कमी आएगी। निश्चित रूप से जिस तरह से ईरान-इजराइल के बीच टकराव और दुनिया में भू राजनीतिक मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं, उससे कच्चे तेल के दाम के साथ– साथ आपूर्ति संकट बढ़ने की चिंताएं मुंह बाए खड़ी हैं। इससे भारत के वैश्विक व्यापार व निर्यात पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में भारत को सेवा निर्यात बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। चूँकि इस समय विकसित अर्थव्यवस्था वाले देश अपने तट के आसपास के देशों में कारोबार पर जोर दे रहे हैं। यह भारतीय निर्यातकों के लिए भी चुनौती है, लेकिन यह बात ध्यान में रखी जानी होगी कि अब सेवा निर्यात के क्षेत्र में भी लगातार प्रतिस्पर्धा भी बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में भारत से डिजिटल सेवा निर्यात में तेजी से वृद्धि के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, दक्षता, उत्कृष्टता तथा सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रयास करने होंगे। भारत को अपने निर्यात में विविधता लाने और अन्य उभरते क्षेत्रों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

अब हमें सॉफ्टवेयर निर्यात के लिए अमेरिकी बाजार पर निर्भरता कम करके आउटसोर्सिंग की संभावनाओं वाले अन्य देशों में भी कदम बढ़ाने होंगे। खासतौर से आउटसोर्सिंग की नई संभावनाएं उत्तरी यूरोप, पूर्वी एवं मध्य यूरोप के देशों, कनाडा, जापान, दक्षिण कोरिया और पूर्वी एशियाई देशों, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका जैसे देशों में और बढ़ गई हैं। भारत की आईटी सेवा कंपनियों को गैर-अंग्रेजी भाषी देशों में कारोबार में आगे बढ़ने के लिए कार्मिकों को जापानी और कोरियाई और अन्य भाषाओं में प्रशिक्षण देने पर व्यय किया जाना होगा, ताकि इन देशों के बाजारों तक भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स की पहुंच बनाई जा सके।

अब हमें नई पीढ़ी को आईटी की नए दौर की शिक्षा देने के लिए समुचित निवेश की व्यवस्था करना होगी। हमें नए दौर की तकनीकी जरूरतों और इंडस्ट्री की अपेक्षाओं के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण से नई पीढ़ी को सुसज्जित करना होगा। हमें शोध, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के मापदंडों पर आगे बढ़ना होगा। हमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, पायथन वर्चुअल रियल्टी, रोबोटिक प्रोसेस, ऑटोमेशन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डाटा एनालिसिस, क्लाउड कम्प्यूटिंग, ब्लॉक चेन और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में बड़ी संख्या में युवाओं को कुशल बनाना होगा। निश्चित रूप से ऐसे बहुआयामी प्रयासों से देश में सेवा निर्यात की सुस्त होती हुई रफ्तार को बढ़ाया जा सकेगा और सेवा निर्यात की अधिक आय से विदेश व्यापार के घाटे में कमी लाई जा सकेगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# पूर्ण हृदय से किया गया प्रयास विफल नहीं होता



संकलित

## दर्शन

ईश्वर का साक्षात्कार करना जितना आसान है, उतना ही यह कठिन भी है। इसके लिए अत्यधिक प्रयास करने के साथ-साथ, ईश्वर की कृपा का होना भी आवश्यक है। सांसारिक अभिलाषाओं से दूर रहते हुए, प्रभु के प्रति विश्वास और दृढ़ निश्चय के साथ पूर्ण हृदय से प्रयास करने वाला भक्त कभी असफल नहीं होता। श्वर साक्षात्कार केवल योगी के अत्यधिक प्रयास और ईश्वर की कृपा से प्राप्त होता है। यद्यपि ईश्वर तक नियम का पालन करने से भी पहुंचा जा सकता है। तथापि, हृदयों का अन्वेषक होने के कारण वे अपनी कृपा प्रदान करने से पहले आश्वस्त हो जाना चाहते हैं कि भक्त वास्तव में उन्हें चाहता है। जो संपूर्ण हृदय से उन्हें नहीं चाहता है। उस भक्त को प्रभु अंतिम प्रबोधन नहीं देते, चाहे वह योग के विज्ञान में कितना भी निपुण हो। ईश्वर को प्रसन्न करना एकदम बहुत आसान एवं बहुत कठिन है। परीक्षणों की घड़ी में भी वे अपने भक्तों के साथ क्रीड़ा कर रहे होते हैं, और वे उनकी हर समय परीक्षा लेते हैं। मूर्खता में पूरे दिन को गंवा देना कितना आसान है, और उपयोगी कार्यों एवं विचारों से दिन को भरना कितना कठिन है! फिर भी ईश्वर की इसमें कोई विशेष रुचि नहीं है कि हम क्या कर रहे हैं, जितनी इसमें है कि हमारा मन कहां है। प्रत्येक व्यक्ति की कठिनाई भिन्न है, परंतु ईश्वर कोई भी बहाना नहीं सुनते। वे चाहते हैं कि भक्त का मन किसी भी प्रकार की कष्टप्रद परिस्थितियों के होते हुए भी, उनमें तल्लीन रहे।

# जो होता है अच्छे के लिए होता है



संकलित

## प्रेरणा

एक राजा अपने मंत्री के साथ आखेट पर निकले। वन में हिरन को देख राजा ने तीर प्रत्यंचा पर चढ़ाया ही था कि जंगल में से एक सूअर निकला और राजा को धक्का देकर भागा। इस अप्रत्याशित आघात के कारण तीर की नोक से उनकी उंगली कट गई। रक्त बहने लगा और राजा व्याकुल हो उठे। राजा की उंगली से खून बहता देखकर मंत्री बोले- 'राजन्! भगवान जो करता है, अच्छे के लिए करता है।/" राजा काफी पीड़ा में थे। मंत्री की बात सुनकर क्रोध से भर उठे। उन्होंने मंत्री को आज्ञा दी कि वो उसी समय उनका साथ छोड़ अन्य राह पकड़ लें। मंत्री ने आदेश को सहर्ष स्वीकार किया और भिन्न दिशा में निकल पड़े। इधर, राजा थोड़ा आगे बढ़े ही थे कि उन्हें जंगल में नरभक्षी कबीले के लोगों ने घेर लिया। वे उन्हें पकड़कर अपने सरदार के पास ले चले। राजा को बलि देने की तैयारी हो ही रही थी कि कबीले के पुजारी ने राजा की कटी उंगली देखकर कहा कि /"इसका तो अंग भंग है, इसकी बलि स्वीकार नहीं हो सकती। राजा को जीवनदान मिला तो उन्हें तुरंत मंत्री की याद आई। सोचने लगे कि मंत्री ठीक कहते थे - भगवान जो करता है, अच्छे के लिए ही करता है। मुझे उनका साथ नहीं छोड़ना चाहिए था। ऐसा सोचते वे आगे बढ़ रहे थे कि उन्हें मंत्री नदी किनारे भजन करते दिखाई पड़े। राजा ने प्रेमपूर्वक मंत्री को गले लगाया और उन्हें सारा घटनाक्रम कह सुनाया। इसके बाद राजा ने उनसे प्रश्न किया- मेरी उंगली कटी, इसमें भगवान ने मेरा भला किया, पर तुम्हें मैंने अपमानित करके भगाया, इससे भला तुम्हारा क्या भला हुआ?

## सटाका




## आज की पाती

### रात में सुरक्षा व्यवस्था

राजधानी में रात की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे रहती है। रात 12 बजे के बाद सड़कों पर पुलिस नदारद रहती है। ऐसे में अपराधिक तत्वों के हौसले बुलंद हो जाते हैं। रात में अचानक कोई काम से निकल जाए, जो वह भयभीत रहता है। पहले चौक-चौराहों पर पुलिस नजर आ जाती थी। अब न पुलिस दिखते हैं और न ही पुलिस की गाड़ियां। राजधानी में जितनी तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए, वह कहीं नजर नहीं आती। सुरक्षा अब वीआईपी तक ही सीमित रह गई है।

- विनय कुमार रायपुर

## करंट अफेयर

# व्हाइट हाउस में गूंजा सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा

व्हाइट हाउस के मरीन बैंड ने सोमवार को कई एशियाई अमेरिकियों के समक्ष 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' गीत की धुन बजाई। एशियाई अमेरिकी व्हाइट हाउस में 'एशियन अमेरिकन, नेटिव हवाई एंड पेसिफिक आइलेंडर' (एएएनएचपीआई) 'विरासत माह' का जश्न मनाने के लिए एक स्वागत समारोह में राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ इकट्ठा हुए थे। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मोहम्मद इकबाल द्वारा लिखे गए देशभक्ति गीत की धुन को भारतीय अमेरिकियों के अनुरोध पर मरीन बैंड ने दो बार बजाया। राष्ट्रपति की ओर से इस वार्षिक कार्यक्रम के लिए भारतीय अमेरिकियों को आमंत्रित किया गया था।




भारतीय अमेरिकी समुदाय के नेता अजय जैन भुतोरिया ने समारोह के बाद एक साक्षात्कार में बताया, व्हाइट हाउस के एएएनएचपीआई विरासत माह के उपलक्ष्य में रोज गार्डन में आयोजित किया गया समारोह एकदम अद्भुत था। सबसे अच्छी बात यह रही कि जैसे ही मैं व्हाइट हाउस में गया संगीतकारों ने 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' गीत की धुन बजाकर मेरा स्वागत किया। एक साल से भी कम समय में यह दूसरी बार है जब व्हाइट हाउस में भारत का लोकप्रिय देशभक्ति गीत बजाया गया।

## ऑफ बीट

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अब गाने बना सकता है

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पाठ और छवि निर्माण उपकरण कुछ समय से हमारे आसपास मौजूद हैं, लेकिन हाल के सप्ताहों में एआई–जनित संगीत बनाने वाले ऐप भी उपभोक्ताओं तक पहुंच गए हैं। अन्य जेनरेटिव एआई टूल की तरह, दो उत्पाद – सुनो और यूडियो उपयोगकर्ता के संकेत को आउटपुट में बदलकर काम करते हैं। उदाहरण के लिए, 'सुनो' पर मेरे कुत्ते द्वारा मेरा होमवर्क चबा डालने के बारे में एक 'रॉक पंक गीत' के लिए संकेत देने से एक ऑडियो फ़ाइल तैयार होगी जो वाद्ययंत्रों और स्वरों को जोड़ती है। आउटपुट को एमपी3 फ़ाइल के रूप में डाउनलोड किया जा सकता है।



अंतर्निहित एआई संगीत उत्पन्न करने के लिए अज्ञात डेटा सेट का उपयोग करता है। उपयोगकर्ताओं के पास गीत के लिए एआई को संकेत देने या अपने स्वयं के गीत लिखने का विकल्प होता है, हालांकि कुछ ऐप सलाह देते हैं कि एआई दोनों उत्पन्न करते समय सबसे अच्छा काम करता है। लेकिन ऐसा गीत संगीत रचने के बाद इन परिणामी ध्वनियों का मालिक कौन है? इन ऐप का उपयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए, यह विचार करने योग्य एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। और उत्तर सीधा नहीं है। सुनो का एक नि:शुल्क संस्करण और एक सशुल्क संस्करण है।

## ट्रेंड

### शांति की दिशा में काम करें



हम आज गाजा में मानवतावादी कार्यकर्ता और एक अन्य घायल की मृत्यु के बारे में जानकर बहुत दुखी हैं। इस युद्ध की कीमत बहुत से नागरिकों और मानवीय लोगों की जान को चुकानी पड़ी है। युद्धविराम करें और शांति की दिशा में काम करें।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### वीरों को भुलाया नहीं जाएगा



जून 1944 में नॉर्मंडी के समुद्र तटों पर उतरने वाले सैनिक अंधेरे में डूबे महाद्वीप के लिए आशा की किरण थे। डी डे 80 से पहले स्मरण की मशाल जलाना सौभाग्य की बात थी। इन वीर दिग्गजों की सेवा को भुलाया नहीं जाएगा।

-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम

### सांसद को सड़क पर उतारुंगा



जितना आप लोगों ने अपने सांसद को 10 सालों में नहीं देखा उससे कहीं ज्यादा बार 10 दिन में उनके दर्शन करवाऊंगा। आपकी समस्याओं पर आंख मूंदकर आपसे दूर आलीशान बंगले में रहने वाले सांसद को मैं सड़कों पर आपके बीच उतार कर दिखाऊंगा।

-कन्हैया कुमार, कांग्रेस नेता

### भारत में स्टार्टअप की बूम



अमेरिका असाधारण स्टार्टअप बूम के दौर में है। स्टार्ट अप की बूम भारत समेत हर जगह है। ट्रैकर की आवश्यकता आरओआई और सतत विकास को बढ़ाने के लिए है।

-किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




# मुद्दे दरकिनार...शहजादे-शहंशाह और आरक्षण पर रार

*शहजादे... शहंशाह... मंगलसूत्र... आरक्षण झूठ की मशीन...। कुछ इस तरह के विशेषणों के इर्द-गिर्द चुनाव सिमटता जा रहा है। पहले चरण में जहां पार्टियों ने अपने घोषणापत्रों के जरिये जनता के मुद्दे उठाए, वहीं चुनावी रथ के चौथे चरण में पहुंचते ही जुबानी जंग शबाब पर पहुंच गई। इन सबके बीच जनता के मुद्दे दरकिनार हो गए हैं।*

## पहले जोर-शोर से उठे कई मुद्दे फिर जुबानी जंग पर बढ़ा जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सपा-कांग्रेस पर आतंकियों-माफिया का महिमामंडन करने का आरोप लगाया, तो पूर्व सीएम अखिलेश यादव अपनी सभाओं में भाजपा पर आरक्षण में बदलाव करने का आरोप लगा रहे हैं। चुनाव प्रचार के शुरुआती दिनों में जनसुविधाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर, बेरोजगारी, कल्याणकारी योजनाओं, महिलाओं, किसानों व युवाओं की तरक्की के सवाल सबने अपने-अपने ढंग से प्रमुखता से उठाए। मुफ्त इलाज से लेकर आटा-डाटा फ्री जैसे वादे भी सामन आए। पर, आहिस्ता-आहिस्ता इन मुद्दों का स्थान जुबानी जंग ने ले लिया।

**विरासत कर का भी रहा शोर**

*ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने संसाधनों के समान वितरण के लिए विरासत कर जैसी नीतियों की पैरोकारी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे तत्काल मध्य वर्ग का बड़ा मुद्दा बनाते हुए महिलाओं के मंगलसूत्र छिनने और चार कमरे के फ्लैट में से दो कमरे लेकर दूसरे को दिए जाने से जोड़ दिया। दूसरे चरण का मतदान होने तक भाजपा और विपक्षी दलों के नेताओं के बीच इसे लेकर जमकर तकरार हुई। पलटवार करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने राजीव गांधी के शहीद होने का हवाला देते हुए यहां तक कहा कि उनकी मां सोनिया गांधी ने देश के लिए अपने मंगलसूत्र का बलिदान कर दिया।*



**जुबानी जंग का आलम**

*जुबानी जंग को आगे बढ़ाते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यहां तक कह दिया कि 'सिंगल' होने की वजह से योगी-मोदी का मंगलसूत्र के क्या लेना-देना। असल मुद्दों के बजाय डीप फेक वीडियो के प्रचार-प्रसार ने भी नेताओं को असहज करना शुरू कर दिया। अमित शाह का फेक वीडियो चलने पर तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी समेत कई नेताओं को दिल्ली पुलिस ने तलब किया, तो आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को भी यह सफाई देनी पड़ी कि आरएसएस आरक्षण के विरोध में नहीं है।*

**मुगल भी आए चुनाव में**

*भाजपा ने आंध्रप्रदेश और कर्नाटक में ओबीसी कोटे से मुसलमानों को आरक्षण दिए जाने का हवाला देते हुए कांग्रेस को एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का विरोधी करार दिया। पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए पीएफआई की मदद की। शहजादे ने राजा- महाराजाओं का अपमान किया। वायनाड जीतने को कांग्रेस ने पीएफआई की मदद ली।*

### आरोप-प्रत्यारोप का दौर

कांग्रेस राजा-महाराजाओं का अपमान करती है। मुगलों को शहजादे गाली नहीं देते। इस पर पीएम मोदी को महलों में रहने वाला शहंशाह बताते हुए प्रियंका गांधी ने उन पर हमला बोला। मोदी को बकवास करने वाला तक करार दे डाला। वहीं मोदी पाकिस्तान को बीच में लाकर यहां तक कह रहे हैं कि वह राहुल गांधी को भारत का अगला प्रधानमंत्री बनाना चाहता है।

#### मुंह न खुलवाने तक की धमकी

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भी जुबानी जंग में पीछे नहीं रहे। उन्होंने भी कह दिया कि 'मेरा मुंह न खुलवाएं अगर तुम्हारे मुंह में जुबान है, तो मेरा भी है। पीएम मोदी मुसलमानों को घुसपैठिया कहते हैं। जुबानी जंग में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पीएम नरेंद्र मोदी को झूठ की मशीन तक कह चुके हैं।

## सोशल मीडिया

### राहुल बाबा, डरना है तो आप डरो, हम नहीं डरने वाले



गृहमंत्री अमित शाह ने मणिशंकर अय्यर के बयान पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस कहती हैं कि पीओके की बात मत करो, क्योंकि पाकिस्तान के पास एटम बम है। पाकिस्तान को सम्मान दो, पीओके मत मांगो। राहुल बाबा, डरना है तो आप डरो, हम नहीं डरने वाले, क्योंकि हम बीजेपी वाले हैं। नरेंद्र मोदी हमारे नेता हैं, पीओके हमारा है और हमारा ही रहेगा। शाह ने कहा, 'राहुल बाबा, शरद पवार, उद्धव ठाकरे को प्राण प्रतिष्ठा के लिए निमंत्रण मिला, लेकिन वे वहां नहीं गए क्योंकि उन्हें 'भिंडी बाजार' के अपने वोट बैंक का डर है।

### 'अदाणी, अंबानी' को गिरफ्तार करके दिखाएं पीएम मोदी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा और कहा कि यदि साहस है तो वह 'अदाणी और अंबानी' को गिरफ्तार करके दिखाएं। दरअसल प्रधानमंत्री ने हाल में आरोप लगाया था कि कांग्रेस को उनके नेता राहुल गांधी द्वारा 'अपशब्द' बोलने से रोकने के लिए दोनों उद्योगपतियों से 'टैम्पो भर कर नकदी' हासिल हुई। इसी पर खड़गे ने कहा, 'आपने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया, आप अडाणी और अंबानी को क्यों गिरफ्तार नहीं कर रहे हैं। असल में चुनावी बॉण्ड के जरिए भाजपा को बहुत चंदा मिला है।

## '380 में 270 सीट लेकर बहुमत प्राप्त कर चुके हैं पीएम मोदी'

■ चार चरणों के चुनाव पर अमित शाह का दावा

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के बनगांव में एक जनसभा के दौरान एक बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि चार चरण के मतदान पूरे हो गए हैं। 380 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है। बंगाल में 18 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है। आज में बता कर जाता हूं कि 380 में से पीएम मोदी 270 सीट लेकर पूर्ण बहुमत प्राप्त कर चुके हैं। आगे की लड़ाई 400 पार करने की है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी झूठ बोल रही हैं कि सीएए के तहत नागरिकता के लिए जो भी अर्जी करेगा, उसे तकलीफ आएगी। मतुआ समाज के लोगों को मैं आश्वस्त करने आया हूं कि किसी को कोई तकलीफ नहीं आएगी। नागरिकता भी मिलेगी और देश में सम्मान के साथ जी भी पाओगे। दुनिया की कोई ताकत मेरे शरणार्थी भाइयों को भारत का नागरिक बनने से रोक नहीं सकती, ये श्री नरेन्द्र मोदी जी का वादा है।

## 'नहीं कोई लहर, बल्कि भाषा में सिर्फ जहर'



■ पीएम मोदी पर भड़के कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उनकी भाषा को लेकर हमला बोला है और कहा है कि वह सिर्फ हिन्दू-मुसलमान करते हैं और देश में विभाजनकारी ताकतों को बल देते हैं। रमेश ने कहा कि मौजूदा चुनावों में मोदी नाम की कोई लहर नहीं है बल्कि उनकी भाषा में सिर्फ जहर है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी कन्फ्यूज हैं। वह अपने भाषणों में कभी हिन्दू-मुस्लिम, तो कभी मुस्लिम लीग और मंगल सूत्र की बात करते हैं, जबकि कांग्रेस किसानों, युवाओं, मजदूरों, महिलाओं और पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए पंच न्याय की बात करती है। रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी और उनके गठबंधन के सहयोगी दल मौजूदा चुनाव देश में संविधान को बचाने के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार के खिलाफ किसानों, युवाओं, मजदूरों, महिलाओं और पिछड़े वर्गों में व्यापक असंतोष है।

## भाजपा सांसद जयंत सिन्हा के बेटे आशीर ने थामा 'हाथ'



**हजारीबाग।** हजारीबाग से बीजेपी के सांसद जयंत सिन्हा के बेटे आशीर सिन्हा झारखंड में कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने मीडिया से बातचीत में बताया कि जयंत सिन्हा के बेटे आशिर सिन्हा झारखंड कांग्रेस का हिस्सा होंगे और उन्हें कुछ भूमिका दी जाएगी। हालांकि ये अभी तय नहीं हुआ है। उधर बीजेपी प्रवक्ता विनय कुमार ने कहा है कि हजारीबाग से अगर कोई कांग्रेस में शामिल हुआ है तो ये हमारे लिए कोई समस्या की बात नहीं है। बता दें, 2 मार्च को टिकट के ऐलान से ठीक पहले जयंत सिन्हा ने चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान कर दिया था। जयंत के पिता व आशीर के दादा यशवंत सिन्हा एनडीए की सरकार में मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने पिछली बार राष्ट्रपति का चुनाव भी लड़ा था। उन्होंने 2018 में ही बीजेपी छोड़ दी थी। झारखंड में हजारीबाग लोकसभा सीट पर 20 मई को मतदान होना है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 1998 के बाद ऐसा यह पहली बार है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा के परिवार का कोई सदस्य हजारीबाग से चुनाव नहीं लड़ रहा है।

# पांचवें चरण में 159 दागी, 227 करोड़पति सबसे अमीर उम्मीदवारों में पीयूष गोयल

**आगामी चरण में कुल 695 उम्मीदवार हैं चुनाव मैदान में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश में इस वक्त चुनाव की सरगर्मी है। 19 अप्रैल से लेकर 1 जून तक सात चरणों में लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं। चार चरणों के लिए मतदान हो चुका है। पांचवें चरण के नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने पांचवें चरण में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है। इस चरण में कुल 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं जिनके शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। एडीआर ने सोमवार को जारी किए एक विश्लेषण में बताया है कि पहले चरण में 695 उम्मीदवारों से 159 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं 227 उम्मीदवार करोड़पति हैं।

### उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि

695 में से 159 (23 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 122 (16 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तीन उम्मीदवारों ने अपने ऊपर दोषसिद्ध मामले घोषित किए हैं। चार उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या (आईपीसी-302) से जबकि 28 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ हत्या के प्रयास (आईपीसी-307) से जुड़े मामले घोषित किए हैं। महिलाओं के ऊपर अत्याचार से जुड़े मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार 29 हैं। इन 29 में से एक उम्मीदवार के ऊपर दुष्कर्म (आईपीसी-376) से जुड़ा मामला दर्ज है। इसके अलावा, भड़काऊ भाषण से जुड़े मामले घोषित करने वाले कुल 10 उम्मीदवार हैं।



### सबसे अमीर प्रत्याशी

पांचवें चरण में सबसे ज्यादा संपत्ति घोषित करने वाले उम्मीदवार अनुराग शर्मा हैं। उत्तर प्रदेश के झांसी से भाजपा प्रत्याशी ने कुल 212 करोड़ की संपत्ति घोषित की है। इस मामले में दूसरे स्थान पर निर्दलीय नीलेश भगवान सांभरे हैं। महाराष्ट्र की भिवंडी सीट से चुनाव लड़ रहे सांभरे ने अपने हलफनामे में 116 करोड़ की दौलत बताई है। तीसरे सबसे धनी प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी पीयूष गोयल हैं। महाराष्ट्र की मुंबई उत्तर सीट से चुनाव लड़ रहे गोयल की संपत्ति 110 करोड़ की है। उधर एक उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य घोषित की है। वहीं तीन उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति क्रमश 67 रुपये, 700 रुपये और 5427 रुपये बताई है।

#### 42% उम्मीदवारों की पढ़ाई 5वीं और 12वीं के बीच

तमाम उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता की बात करें तो 293 (42 प्रतिशत) उम्मीदवार 5वीं और 12वीं के बीच पढ़ाई किए हुए हैं। 349 (50 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा बताई है। 26 उम्मीदवार डिप्लोमा धारक हैं। 20 उम्मीदवार साक्षर जबकि पांच उम्मीदवार असाक्षर भी हैं। उम्मीदवारों की आयु के आंकड़े देखें तो 207 (30 प्रतिशत) उम्मीदवार 25 से 40 वर्ष के बीच के हैं। 384 (55 प्रतिशत) प्रत्याशी 41 से 60 वर्ष के बीच हैं। 103 (15 प्रतिशत) उम्मीदवारों की आयु 61 से 80 वर्ष है। एक प्रत्याशी ने अपनी आयु 82 वर्ष बताई है। पांचवें चरण के चुनाव में महिला प्रतिनिधित्व देखें तो इसमें 695 में से 82 यानी महज 12 प्रतिशत महिला उम्मीदवार हैं।

### ये हैं दलवार आंकड़े

पांचवें चरण में सपा के सभी 10 में से पांच उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं वहीं, शिवसेना के छह में से तीन, एआईएमआईएम के चार में से दो, भाजपा के 40 में से 19, कांग्रेस के 18 में से आठ, टीएमसी के सात में से तीन, शिवसेना (यूबीटी) के आठ में से तीन और राजद के पांच में से एक उम्मीदवार के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

| पार्टी | कुल उम्मीदवार | गंभीर आपराधिक मामले वाले उम्मीदवार |
|---|---|---|
| भाजपा | 40 | 12 |
| कांग्रेस | 18 | 7 |
| सपा | 10 | 4 |
| शिवसेना (यूबीटी) | 8 | 1 |
| टीएमसी | 7 | 2 |
| शिवसेना | 6 | 2 |
| एआईएम-आईएम | 4 | 2 |
| राजद | 4 | 1 |

### उम्मीदवारों की संपत्ति का लेखा-जोखा

695 में से 33 प्रतिशत यानी 227 उम्मीदवार करोड़पति हैं। सबसे ज्यादा भाजपा के 36 उम्मीदवार करोड़पति हैं। एआईएमआईएम के चार में से दो उम्मीदवार करोड़पति हैं। चुनावी हलफनामों में इन प्रत्याशियों ने एक करोड़ से ज्यादा की संपत्ति घोषित की है। लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में हर उम्मीदवार के पास औसतन 3.56 करोड़ की संपत्ति है। दलवार आंकड़ों पर गौर करें तो एनसीपी (शरद गुट) के दो उम्मीदवारों की सबसे ज्यादा औसतन संपत्ति 54.64 करोड़ की संपत्ति है।

| संपत्ति (रुपए में) | उम्मीदवार |
|---|---|
| 5 करोड़ और उससे अधिक | 86 |
| 2 करोड़ से 5 करोड़ | 73 |
| 50 लाख से 2 करोड़ | 162 |
| 10 लाख से 50 लाख | 175 |
| 10 लाख से कम | 199 |

## झांसी की रैली में बोले राहुल गांधी: 'संविधान को बचाने के लिए हो रहा है ये चुनाव'

एजेंसी ▶▶| झांसी

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में राहुल गांधी और अखिलेश यादव झांसी पहुंचे। उन्होंने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा की। अपने संबोधन में कहा कि पहली बार यह इलेक्शन संविधान को बचाने के लिए हो रहा है। इस दौरान मंच पर सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव भी मौजूद थे। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में लोगों से आगे कहा कि जो भी लोगों को मिला है, गरीबों को, मजदूरों, किसानों, पिछड़ो, दलितों, आदिवासियों को वो इस संविधान ने आपको दिया है। इस संविधान के बिना हिन्दुस्तान के गरीब



लोग कही के नहीं रहेंगे। जिस दिन संविधान चला गया। उस दिन आपका जमींन का हक़ गया। आरक्षण गया, पब्लिक सेक्टर, सारा का सारा चला जाएगा। गांधी ने आगे कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर झांसी में छाता लटका दिए गए हैं। ऐसे स्मार्ट सिटी बनती है तो इंडिया गठबंधन तो हर सिटी में छाता लटका देगा।

### अग्निवीर योजना को फाड़कर फेंक देंगे

राहुल ने कहा कि अग्निवीर योजना को हम फाड़कर कचरे में फेंक देंगे, हम शहीदों के साथ भेदभाव नहीं होने देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मुफ्त अनाज योजना कांग्रेस की सरकार लेकर आई थी। हमारी सरकार बनने पर हम इसके तहत और अधिक, अच्छी क्वालिटी का राशन देंगे। राहुल ने लोगो से कहा कि गरीबों, किसानों, कमजोर लोगों की सरकार बननी चाहिए, अंबानी-अदाणी की सरकार हटाई जानी चाहिए।

## गिरिडीह में बोले पीएम मोदी: 'मुझे गरीबों का दर्द पता है, वंचितों को वरीयता मोदी का मंत्र है'

एजेंसी ▶▶| गिरिडीह

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के गिरिडीह के पेशम मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं गरीब घर का बेटा हूं, मैं चाय बेचकर यहां तक पहुंचा हूं। मुझे गरीबों का दर्द पता है, मैंने गरीबी देखी है।

मुझे माताओं और बहनों की चिंता है। वंचितों को वरीयता मोदी का मंत्र है। मोदी ने लोगों के घरों एक अंधेरे को दूर किया। गरीबों के इलाके के लिए 5 लाख



के मुफ्त इलाज की व्यवस्था की गयी। आपके इलाज में कोई खर्च नहीं होगा। आज देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिला है। तीसरे बार आऊँगा तब भी मुफ्त राशन मिलेगा।

### नक्सलवाद का खात्मा करना मोदी की गारंटी

मोदी ने आगे कहा, झारखंड में अब नक्सलवाद का दायरा सिकुड़ गया है। बीजेपी ने नक्सली हिंसा पर लगाम लगाया है। नक्सलवाद का खत्मा करना मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे चुनौतियों को टालना नहीं, बल्कि उनसे टकराना आता है। मोदी के काम की दिशा सही है। कांग्रेस और आरजेडी के लोग मेरे काम से बौखलाए हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दोस्तों कुछ दिन पहले ही यही एक नेता ने मुझे गोली मारने की बात कही थी। कुछ लोग मुझे गोली मारना चाहते हैं। लेकिन, मुझे गोली मारने वालों के सपने पूरे नहीं होंगे। सभा में उमड़ी भीड़ मेरी सुरक्षा कवच है। मोदी की गारंटी है झारखंड खून-खराबा से मुक्त होगा।

## सिरसा सीट से 15 साल में कोई दोबारा नहीं जा पाया संसद

# कुमारी सैलजा और तंवर के बीच है जबरदस्त मुकाबला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा में भले ही बीजेपी ने 2019 में सभी 10 लोकसभा सीटें जीती हों, 2014 और 2019 में राज्य में सरकार बनाई हो लेकिन राज्य की एक लोकसभा सीट ऐसी है, जहां पर वह सिर्फ एक बार चुनाव जीत सकी है। यह सीट है सिरसा, जहां बीजेपी को (2019 में) ही जीत मिली थी। यह सीट कांग्रेस का गढ़ रही है और यहां से कांग्रेस नौ बार जीत चुकी है। 1991 से 2014 तक तो कांग्रेस लगातार यहां से चुनाव जीती लेकिन 2014 में इनेलो के उम्मीदवार चरणजीत सिंह रोड़ी जबकि 2019 में बीजेपी की उम्मीदवार सुनीता दुग्गल को सिरसा से जीत मिली थी। सिरसा सीट पर चुनावी मुकाबला इसलिए भी रोचक है क्योंकि यहां कांग्रेस के दो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आमने-सामने हैं। कुमारी सैलजा कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं तो अशोक तंवर बीजेपी का टिकट लेकर चुनाव मैदान में हैं।

### आजादी के बाद से केवल एक बार जीती है बीजेपी यह सीट



#### कई दलों को छोड़कर बीजेपी में आए तंवर

अशोक तंवर सिरसा से 2009 में कांग्रेस के टिकट पर सांसद चुने गए थे। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में तंवर चुनाव हार गए थे। 2019 के हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी थी। कुछ वक्त वह तृणमूल कांग्रेस और फिर आम आदमी पार्टी में भी रहे। कुछ महीने पहले ही अशोक तंवर आम आदमी पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए थे।

#### 26 साल बाद सिरसा लौटी हैं सैलजा

कुमारी सैलजा खुद 1991 और 1996 में इस सीट से लोकसभा चुनाव जीत चुकी हैं लेकिन 1998 में वह डॉक्टर सुशील इंदौरा से चुनाव हार गई थीं। इसके बाद उन्होंने अंबाला सीट का रुख कर लिया था। अब 26 साल बाद उन्होंने एक बार फिर सिरसा के सियासी रण में ताल ठोकी है।

#### जेजेपी से रमेश खटक मैदान में

इनेलो ने सिरसा सीट से संदीप लोट और जेजेपी ने रमेश खटक को टिकट दिया है। रमेश खटक के पक्ष में यह बात जाती है कि वह तीन बार बरोदा विधानसभा सीट से चुनाव जीत चुके हैं। वह जेजेपी की एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। उनके चुनाव मैदान में उतरने से सिरसा का चुनावी मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है।

### कौन-कौन पहुंचा संसद

सिरसा से पिछले 17 लोकसभा चुनावों में दस नेता सांसद बने हैं। इस बार कांग्रेस से लड़ रहीं कुमारी सैलजा दो बार सांसद रह चुकी हैं, जबकि भाजपा उम्मीदवार अशोक तंवर कांग्रेस में रहते हुए एक बार सांसद बने हैं। 2004 से यहां कोई नेता लगातार दूसरी बार संसद नहीं जा पाया है। 2024 में भी ऐसा नहीं होगा, क्योंकि मौजूदा सांसद का टिकट कट गया है।

| साल | कौन बना सांसद | किस दल को मिली जीत |
|---|---|---|
| 1962 | दलजीत सिंह | कांग्रेस |
| 1967 | चौधरी दलबीर सिंह | कांग्रेस |
| 1971 | चौधरी दलबीर सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | चौधरी चांद राम | जनता पार्टी |
| 1980 | चौधरी दलबीर सिंह | कांग्रेस (आई) |
| 1984 | चौधरी दलबीर सिंह | कांग्रेस |
| 1988 | हेत राम | लोक दल |
| 1989 | हेत राम | जनता दल |
| 1991 | कुमारी सैलजा | कांग्रेस |
| 1996 | कुमारी सैलजा | कांग्रेस |
| 1998 | सुशील कुमार इंदौरा | इनेलो |
| 1999 | सुशील कुमार इंदौरा | इनेलो |
| 2004 | आत्मा सिंह गिल | कांग्रेस |
| 2009 | अशोक तंवर | कांग्रेस |
| 2014 | चरणजीत सिंह रोड़ी | इनेलो |
| 2019 | सुनीता दुग्गल | बीजेपी |

## नर्मदा तटों पर स्नान दान के साथ हुए धार्मिक आयोजन

# गंगा सप्तमी पर नर्मदा तटों में उमड़ी भीड़

जबलपुर।

नर्मदा भक्तों के लिए मंगलवार का दिन हर्षित करने वाला दिन रहा क्योंकि गंगा सप्तमी पर मां गंगा, नर्मदा जी से मिलने के लिए आईं और इस मिलन के योग में नर्मदा तटों में लोगों ने स्नान, पुण्य दान कर अपने जीवन को धन्य किया। इस मौके पर सुबह से ही गौरीघाट, उमाघाट, तिलवाराघाट, भेड़ाघाट में स्नानार्थियों का मेला लगा रहा। नर्मदा तटों पर विभिन्न धार्मिक आयोजन भी हुये। गौरतलब है कि वर्ष में दो बार मां गंगा अपनी बहन नर्मदा जी से मिलने के लिए आती हैं। पहला गंगा सप्तमी और दूसरा गंगा दशहरा को। इसके लिए नर्मदा तट में विशेष तौर पर श्रद्धालु मां नर्मदा और मां गंगा का पूजन करने के लिए पहुचंते हैं। मंगलवार को नर्मदा पावन तट का नजारा ही अलग था। बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाट पर पहुंचे। सबसे पहले भक्तों ने स्नान किया, नर्मदाष्टक का पाठ किया उसके पश्चात मां रेवा की आरती की। इस दौरान हर तरफ नर्मदे हर-हर का जयघोष गूंज रहा था।



## गंगा सप्तमी का महत्व

शास्त्रों के अनुसार गंगा जी वैशाख शुक्ल पक्ष सप्तमी के दिन स्वर्ग लोक से भगवान शिव के केश में पहुंची थीं। इसलिए इस दिन को गंगा जयंती और गंगा सप्तमी के रूप में मनाया जाता है। जिस दिन गंगा जी की उत्पत्ति हुई थी उसे गंगा जयंती के नाम से जाना जाता है। इसी प्रकार जिस दिन गंगा जी पृथ्वी पर पहुंची थीं उसे गंगा दशहरा के नाम से जाना जाता है।पुराणों के अनुसार, गंगा जी की उत्पत्ति भगवान विष्णु के अंगूठे से राजा सगर के 60 हजार पुत्रों की राख को आशीर्वाद देने के लिए हुई थी, जो कपिल मुनि के श्राप से भस्म हो गए थे। राजा सगर के उत्तराधिकारी भागीरथ ने गंगा जी की पूजा अर्चना की और उन्हें इस धरती पर लाए। इसलिए गंगा जी को भागीरथी के नाम से भी जाना जाता है।



## परशुराम जयंती पर हुआ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**जबलपुर।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय आयोजनों की श्रृंखला के समापन पर ब्राह्मण एकता मंच भगवान परशुराम वंशज, भार्गव ब्राह्मण सभा द्वारा कमानिया गेट में सोमवार की रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्रिपजनों का संभागीय स्तर पर सम्मान किया गया। जिसमें स्वास्थ्य पर गाडरवारा से पधारे वैद्यराज आचार्य उमेश दुबेदी, शिशा पर मैथिल सभा के अध्यक्ष नीरज पाठक, बाल विदुषी सुप्रिया दुबे, समाज सेवा के क्षेत्र में गीता शरद तिवारी, संदीप जैन, कैलाश जैन ,कला जगत कामना नायक, पत्रकारिता जगत से पावन पांडेय का सम्मान किया गया। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में प्रकाश पटेरिया (मुंबई), अमित शुक्ला (रीवा) से, डॉ. प्रशान्त मिश्रा (आजमगढ़), प्रियंका मिश्रा (रीवा), कामत माखन (रीवा), श्रीकांत शुक्ला उज्जैन, अवनीश पाठक (इन्दौर) ,मोहन परोहा (जबलपुर), आलोक पाठक जबलपुर ने भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर कविताएं पढ़ी एवं समाज के उत्थान पर अपने विचार कविताओं के माध्यम से रखे। योगेंद्र दुबे, डॉ.आनंद तिवारी, कपिल दुबे, राम दुबे, आदि उपस्थित थे। ब्राह्मण एकता मंच के सभी सदस्यों ने विप्रजनों का आभार व्यक्त किया।



## 'कॉलेज चलों अभियान' का शुभारंभ

**जबलपुर।** 'कॉलेज चलो अभियान' का शुभारंभ मंगलवार शासकीय महाकोशल कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर में किया गया। जिसमें विद्यार्थियों हेतु ई-प्रवेश की नियमावली, शासन की समस्त छात्रवृत्तियों एवं महाविद्यालय में प्रवेश की प्रत्येक चरण की समय सारिणी एवं महाविद्यालय फीस का विवरण बेनर एवं पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।'कॉलेज चलो अभियान' प्रभारी प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि आज अभिभावक एवं विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों की जानकारी एवं नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थी के कॅरियर की संभावनाओं को दृश्टिगत रखते हुये विद्यार्थियों को ई-प्रवेश हेतु मार्गदर्शन दिया जा रहा है। विद्यार्थियों को उनकी अभिरुचि एवं क्षमताओं को ध्यान में रखकर विषयों का चयन करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। महाविद्यालय प्रवेश प्रभारी डॉ. राजेश शामकुंवर ने बताया कि प्रवेश हेतु लगातार विद्यार्थी महाविद्यालय में उपस्थित हो रहे है एवं विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की प्रवेश संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ.शैलप्रभा कोष्टा के साथ अन्य प्राध्यापक एवं कर्मचारी के साथ विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

## शिविर में तैयार हो रहे फुटबॉल खिलाड़ी



**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में रामपुर स्थित पाण्डुताल मैदान में आयोजित ग्रीष्मकालीन फुटबाल प्रशिक्षण शिविर में छह से सोलह वर्ष के 83 बालक और 12 बालिकाएं खिलाड़ी सुबह सघन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। खिलाडियों को केन्द्राrय क्रीड़ा एवं कला परिषद के फुटबाल प्रभारी राष्ट्रीय खिलाड़ी मनोज कुमरे, पवन पटेल, एएम बहादुर, राजेश सिंह व क्रिस्टोफर नरोन्हा प्रशिक्षण दे रहे हैं। केन्द्राrय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने फुटबाल शिविर का निरीक्षण कर प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह बढ़ाया। fशिविर में प्रशिक्षक नवोदित खिलाड़ियों को फुटबाल की बारीकियों के साथ फिजीकल फिटनेस के संबंध में सैद्धांतिक व व्यावहारिक तथ्यों की महत्वपूर्ण जानकारी दे रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर में समय-समय पर नगर में उपलब्ध फुटबाल के राष्ट्रीय खिलाड़ी व प्रशिक्षक भी नवोदित खिलाड़ियों को मैदान में गुर सिखा रहे हैं। शिविर के प्रशिक्षकों को आशा है कि शिविर से निश्चित रूप से कई उदीयमान फुटबाल खिलाड़ी उभरेंगे, जो प्रादेशिक व राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीय एवं कला परिषद के साथ विद्युत परिवार का नाम रोशन करेंगे।

# पमरे ने 93 लाख यात्रियों से कमाए 190 करोड़ रुपए

जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) ने अप्रैल माह मे यात्री यातायात से 190 करोड़ रूपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया। इस अवधि में आरक्षित एवं अनारक्षित सहित कुल 93 लाख से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। पमरे महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन तथा प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के निर्देशन में वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्य करते हुए जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में यात्री सुविधाओं में विस्तार करके अधोसंरचना निर्माण कार्यों में गति प्रदान की जा रही है। चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम माह अप्रैल 2024 में पमरे ने यात्री यातायात से 93 लाख 16 हजार बुक किए गए यात्रियों से 195 करोड़ 72 लाख रूपये ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 82 लाख 49 हजार बुक किए गए यात्रियों से 184 करोड़ 1 लाख रूपये की तुलना में राजस्व 06 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल माह में मण्डल स्तर पर यात्री यातायात से रेल राजस्व के आंकड़ों के अनुसार जबलपुर मण्डल ने 33 लाख 45 हजार बुक किए गए यात्रियों से 75 करोड़ 22 लाख रूपये राजस्व अर्जित की, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 30 लाख 35 हजार बुक किए गए यात्रियों से अर्जित राजस्व 68 करोड़ 53 लाख रूपये की तुलना में राजस्व लगभग 10 प्रतिशत अधिक है। भोपाल मण्डल ने 32 लाख 90 हजार बुक किए गए यात्रियों से 75 करोड़ 46 लाख रूपये राजस्व अर्जित की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 29 लाख 72 हजार बुक किए गए यात्रियों से 71 करोड़ 71 लाख रूपये की तुलना में राजस्व लगभग 5 प्रतिशत अधिक है। कोटा मण्डल ने 26 लाख 81 हजार बुक किए गए यात्रियों से 45 करोड़ 04 लाख रूपये राजस्व अर्जित की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 22 लाख 42 हजार बुक किए गए यात्रियों से 43 करोड़ 77 लाख रूपये की तुलना में राजस्व लगभग 03 प्रतिशत अधिक है।





## थैलीसीमिया पर कार्यशाला आयोजित

**जबलपुर।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आज एल एन सिटी कॉलेज में सक्षम प्राणदा प्रकोष्ठ के सहयोग से थैलीसीमिया जनजागरण कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला का शुभारंभ क्षेत्रीय स्वास्थ्य संचालक डॉ संजय मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया ।कार्यशाला में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा छात्रों एवं शिक्षकों को थैलीसीमिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# हवाई सेवा बंद, जबलपुर ध्वस्त

**जबलपुर।** जबलपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री की कार्य समिति की बैठक में जबलपुर में आगामी फुड ग्रेन मशीन एक्सपो का आयोजन 17, 18 एवं 19 मई को आयोजित किया जा रहा है जिसमें चावल, गेंहु, दाल और पोहा प्रसंस्करण और मीलिंग मशीनरी सालवेंट एक्स्ट्रेशन प्लांट और मशीनरी, क्लीनिंग, ग्रेडिंग, सोरटिंग, ऑटोमेशन और इलेक्ट्रिकल, रुफिंग और पी.ई.बी. वेयरहाउसिंग, साईलो और भंडारण, पैकेजिंग एवं संबंधित उद्योग पर भारत की सबसे बड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें स्वरोजगार के स्वर्णिम अवसर उपलब्ध हैं नये युवा व्यवसायियों स्टार्टअप के लिए स्वयं का रोज़गार स्थापित कर नये आयाम हासिल करने का सुनहरा अवसर है इस अंतर्राष्ट्रीय मेले में मशीनों का लाईव प्रदर्शन एवं प्लांट लगाने में सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध रहेगी। इस मेले में प्रवेश निःशुल्क है मेले का समय सुबह 10 से सायंकाल 7 बजे तक, होटल दी ग्रैंड जबलपुर, लाल हवेली पाटन रोड में आयोजित किया जा रहा है। संस्कारधानी के युवा उद्यमियों को लाभ उठाने का अवसर मिला है। आप सभी संस्कारधानी वासी इस मेले में सादर आमंत्रित है।

जबलपुर में हवाई सेवा विभिन्न मार्गों पर बंद कर दी गई हैं, जिससे जबलपुर का उद्योग एवं व्यापार के साथ-साथ जबलपुर टूरिज्म को भी बहुत नुकसान हो रहा है एवं जबलपुर से दुसरे शहरों में इलाज कराने जा रहे लोगों की भी नाराजगी देखने मिली रही है। जबलपुर का विकास पूर्ण रुप से ध्वस्त हो चुका है। चेम्बर ने निर्णय लिया है कि सभी व्यापार एवं उद्योग संघों को साथ में लेकर वृहद रुप से आंदोलन किया जावेगा। प्रशासन से अपेक्षा है कि जबलपुर के विकास में हवाई सेवा बहाल कर विकास को गति प्रदान करें। जबलपुर चेम्बर के प्रेम दुबे, कमल ग्रोवर, राधेश्याम अग्रवाल, अजय अग्रवाल, बलदीप सिंह मैनी, नरिंदर पांधे, राजीव अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, पंकज माहेश्वरी, अजय बख्तावर, राजा सराफ, वीरेंद्र केशरवानी, अभिषेक ध्यानी, अनिल अग्रवाल (सीए), संतोष गुप्ता, दीपक सेठी, अनिल महावार, शशिकांत पांडेय, उमेश ग्रावकर आदि इस बैठक में उपस्थित थे।





## उपायुक्त ने मैरिज गार्डन समूह के प्रतिनिधियों से किया संवाद

**जबलपुर।** शहर हित में विभिन्न संस्थानों से तिथिवार संवाद कार्यक्रम की श्रृंखला में मंगलवार को निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार उपायुक्त अंकिता जैन, एवं कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे द्वारा मैरिज गार्डन समूह के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर सीधा संवाद किया गया। संवाद कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त अंकिता जैन, एवं कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे ने सभी प्रतिनिधियों से शहर हित में तथा शहर का स्वरूप बदलने की दिशा में सौन्दर्यीकरण पर साकारात्मक सहयोग प्रदान करने की अपील की। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिनिधियों से कहा कि आप लोगों के द्वारा कार्यक्रमों के दौरान कोई भी व्यवस्था में सबसे पहले प्राथमिकता तय करते हुए जानमाल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना अति आवश्यक एवं अनिवार्य है। आप सभी लोग इस बात का विशेष ध्यान रखें और निर्धारित मानकों के अनुरूप मैरिज गार्डन में कार्यक्रम के दौरान फायर सेफ्टी के पुख्ता इंतजाम स्थाई रूप से रखें अन्यथा आकस्मिक घटना दुर्घटना के लिए आप सम्पूर्ण रूप से स्वयं जिम्मेदार होगें।

उपायुक्त, एवं कार्यालय अधीक्षक मैरिज गार्डन समूह के सभी पदाधिकारियों से शहर हित के लिए सुझाव लिए और यह भी आस्वस्त किया कि आपके भविष्य में शहर हित में सुझाव होगें उन्हें शामिल करेगें और संकल्प के साथ जनहित के सभी सुझावों को एजेन्डे में लाकर उस पर अमल करेगें। समूह के सभी प्रतिनिधियों ने आश्वस्त किया कि निगम प्रशासन के अभियान में बढ़चढ़कर भाग लेकर साकारात्मक सहयोग प्रदान करेगें।

## मनाया गया समर्पण दिवस

# हर पल निरंकार के प्रति समर्पित होकर जीवन जिए : सतगुरु माता सुदीक्षा





जबलपुर।

जब हम हर पल में इस निरंकार प्रभु के प्रति पूर्ण समर्पित भाव से अपना जीवन जीते चले जाते हैं, तब वास्तविक रूप में मानवता के कल्याणार्थ हमारा जीवन समर्पित हो जाता है। ऐसा ही प्रेम,भक्ति से युक्त जीवन बाबा हरदेव सिंह ने हमें स्वयं जीकर दिखाया, यह आशीष वचन सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज द्वारा समर्पण दिवस के पावन अवसर पर व्यक्त किये गए। युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह की पावन स्मृति में समर्पण दिवस समागम का आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के सान्निध्य में संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा हरियाणा में हुआ।

इसी क्रम में जबलपुर में संत निरंकारी सत्संग भवन गोल बाजार में सांय 7 से 9 बजे तक अमर लाल ठाकरे कटंगी बालाघाट के सानिध्य मे विशाल सत्संग का आयोजन किया गया व आपने अपने पावन वचनों में प्रेम के मसीहा बाबा के मानवता हितार्थ सम्पूर्ण समर्पित जीवन व सिखलाइयों का जिक्र् करते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस विशाल समागम मे सैंकडों की संख्या मे श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दी तथा अनेक भक्तों ने विचारों व गीतों द्वारा मानवता के मसीहा बाबा हरदेव सिंह की सिखलाइयों का जिक्र् किया। प्रेम के पुंज बाबा हरदेव सिंह की करूणामयी अनुपम छवि, प्रत्येक श्रद्धालु भक्त के हृदय में अमिट छाप के रूप में अंकित है और उनके इन उपकारो के लिए निरंकारी जगत का प्रत्येक भक्त सदैव ही ऋणी रहेगा।

# संभागीय आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**जबलपुर।** कौशल विकास संचालनालय, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत संचालित प्रदेश की सभी शासकीय एवं प्राइवेट आईटीआई में सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश हेतु पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है । प्रवेश हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 20 जून निर्धारित की गई है। प्रवेश से संबंधित समस्त जानकारी एवं पंजीयन की प्रक्रिया विभाग की वेबसाइट **www.dsd.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। कक्षा 8वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण प्रवेश हेतु इच्छुक प्रशिक्षणार्थी पोर्टल पर स्वयं अथवा एमपीऑनलाइन के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। शासकीय संभागीय आईटीआई जबलपुर के प्राचार्य सुनील कुमार ललावत ने बताया कि जबलपुर में चुंगी नाका माढ़ोताल स्थित संभागीय आईटीआई एडीबी परियोजना के अंतर्गत नवीन भवन, आधुनिक मशीनों से सुसज्जित वर्कशॉप में उद्योगों की मांग के अनुरुप विभिन्न एक वर्षीय एवं दो वर्षीय ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। साथ ही संस्था द्वारा विभिन्न औधोगिक प्रतिष्ठानों के साथ एमओयू किया गया है, जिसके अंतर्गत आईटीआई में अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थियों को कंपनियों में औधोगिक भ्रमण, ऑनजॉब प्रशिक्षण, गेस्ट लेक्चर के साथ-साथ कैरियर काउंसलिंग प्रदान की जाती हैं। श्री ललावत ने बताया कि प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के बाद विभिन्न कंपनियों में कैंपस, इंटरव्यू के माध्यम से रोजगार के अवसर भी प्रदाय किये जाते हैं। संस्था में कक्षा 10वीं उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी व्यवसाय फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट, इलेक्ट्रीशियन, मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, ट्रेक्टर मैकेनिक, वेल्डर, ड्राफ्ट्समैन मैकेनिक, ड्राफ्ट्समैन सिविल, सर्वेयर, शीट मेटल वर्कर, प्लंबर, कोपा, ड्रोन टेक्नीशियन, फैशन डिजाइन, स्टेनो हिन्दी व अंग्रेजी, आर.ए.सी. आदि व्यवसाय में प्रवेश ले सकते हैं । जबकि कक्षा 8वीं उत्तीर्ण छात्र व्यवसाय ड्रेस मेकिंग, कारपेंटर, पेन्टर जनरल, व मेशन आदि व्यवसाय में प्रवेश हेतु पात्र हैं।

**नाम सुधार सूचना**

प्रत्यक्ष श्रीवास्तव पिता श्री आशीष श्रीवास्तव यह घोषणा करता हूँ कि मेरा पूर्व में पासपोर्ट क्रमांक- N2925247 जो दिनांक 16-09-2015 को बना था, जिसमें मैं नाबालिक था, उस पासपोर्ट में मेरा नाम प्रत्यक्ष कुमार श्रीवास्तव, पिताजी का नाम - आशीष, माताजी का नाम- विभूति लिखा था, जिसे आज दिनांक से प्रत्यक्ष श्रीवास्तव पिता का नाम श्री आशीष श्रीवास्तव एवं माता का नाम श्रीमती विभूति श्रीवास्तव रखा लिया है, जो कि मेरे शैक्षणिक व निवासरत दस्तावेजों में लिखा है। अतः आज दिनांक से मेरा नाम शैक्षणिक व निवासरत दस्तावेजों के अनुसार पढ़ा व लिखा जावे।

पुराना नाम -प्रत्यक्ष कुमार श्रीवास्तव
पिता- आशीष, माता- विभूति
नया नाम- प्रत्यक्ष श्रीवास्तव
पिता- आशीष श्रीवास्तव, माता- विभूति श्रीवास्तव
पता- डयूपलेक्स नं. 08, किंग अशोका डयूपलेक्स, राईट टाउन, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/30
दिनांक:- 14/05/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री डॉ. विकास दुबे पिता श्री जी.डी. दुबे ने मकान नं. 385 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 2079 व.फु., भूतल 246+580 व.फु., प्रथमतल 580 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।


**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.13 मुख्यालय**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/29
दिनांक:- 14/05/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुकेश कुमार गुप्ता पिता स्व. श्री रामनारायन गुप्ता ने मकान नं. 32 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 236+275 व.फु., प्रथमतल 410 व.फु., द्वितीयतल 410 व.फु., तृतीयतल 410 व.फु. रिलीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.13 मुख्यालय**
**नगर निगम, जबलपुर**




# 40 साल मे पहली बार बदलेगा भगवान जगन्नाथ का रथ, 2500 किलो वजन, दुर्घटना से बचने ब्रेक और स्टीयरिंग की भी सुविधा

ललित राठोड़ ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राजधानी के इतिहास में पहली बार 40 सालों के बाद पुरानी बस्ती स्थित टूरी हटरी में भगवान जगन्नाथ के लिए नया रथ तैयार किया जा रहा है। इस बार रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ के साथ बलभद्र और सुभद्रा नए रथ में सवार होकर शहर भ्रमण करेंगे। वर्तमान में जिस रथ भगवान की यात्रा निकाली जाती है, वो 40 साल से भी पुराना है। हर साल मरम्मत के बाद इस्तेमाल किया जाता है। वर्तमान में रथ भी खराब हो चुका है, जिसके कारण मंदिर प्रबंधन ने नया रथ तैयार करने का फैसला लिया है। खास बात यह है कि भगवान जगन्नाथ का रथ बनाने की जिम्मेदारी मुस्लिम कारीगर को मिली है।

## पुराना रथ हो चुका है खराब इसलिए मंदिर प्रबंधन नया रथ करवा रहा तैयार



### 60 फीसदी नीम की लकड़ी का उपयोग

कारीगर के मुताबिक भगवान का रथ नीम की लकड़ी से ही बनाया जाता है। रथ को टिकाऊ बनाने के लिए इसमें सरई का भी इस्तेमाल किया गया है। 80 फीसदी रथ नीम से बन रहा है। उन्होंने बताया कि रथ की ऊंचाई 17 फीट होगी और इसका कुल वजह 2500 किलो तक रहेगा। यह रथ 1000 किलो तक वजह उठा सकता है। रथ का 70 सालों तक इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसके अलावा रथ में लोहे के चक्के लगे हुए हैं। रथ में चढ़ने के लिए अलग से सीढ़ी भी बनाई गई है। कारीगर हबीब गोंदिया और नागपुर में भी उत्कल समाज के लिए रथ बना चुके हैं।

### रथ में नई तकनीक का इस्तेमाल

रथयात्रा के दिन भारी भीड़ के कारण रथ को मोड़ने में दिक्कत होती है, इसलिए इस रथ में नई तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। रथ में स्टीयरिंग की सुविधा मिलेगी, जिसे दो आदमी बड़ी आसानी से कहीं भी मोड़ सकते हैं। दुर्घटना से बचने के लिए इसमें ब्रेक की भी सुविधा रहेगी। लकड़ी में आकर्षक नक्काशी की जा रही है, जो रथ की शोभा बढ़ाएगी। कारीगर के मुताबिक हिंदू धर्म के मुताबिक रथ का निर्माण किया जा रहा है। 17 अप्रैल से रथ बनाने का काम शुरू किया है, जो मई में बनकर तैयार हो जाएगा।

# वीआईटी के संस्थापक एवं चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि



**प्रतिष्ठित स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ़ न्यूयॉर्क ने किया सम्मानित**

**वेल्लोर।** वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) के संस्थापक और चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन ने हाल ही में यूएसए में बिंघमटन यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह के दौरान स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क (एसयूएनवाई) से मानद डॉक्टर ऑफ लॉ की डिग्री प्राप्त की है। बिंघमटन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष हार्वे स्टेंगर द्वारा डॉ. जी. विश्वनाथन को यह मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. जी. विश्वनाथन को अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा में उनके योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है।

बिंघमटन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष हार्वे स्टेंगर ने कहा, 'चांसलर विश्वनाथन भारत में उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने और दुनिया भर के संस्थानों के साथ साझेदारी करने में अग्रणी रहे हैं।' बिंघमटन विश्वविद्यालय के प्रोवोस्ट डोनाल्ड हॉल, डीन प्रो. हरि कृष्णस्वामी, विधानसभा सदस्य सुश्री डोना ए. लुपार्डो, सीनेट सदस्य सुश्री लीया वेब्ब, वीआईटी के उपाध्यक्ष शंकर विश्वनाथन, डॉ. सेकर विश्वनाथन और डॉ.जी.वी. सेल्वम, सहायक उपाध्यक्ष सुश्री कदम्बरी एस. विश्वनाथन और वीआईटी के अंतर्राष्ट्रीय संबंध निदेशक डॉ. आर. सीनिवासन भी दीक्षांत समारोह के दौरान उपस्थित थे।

# अंतर विभागीय खेल प्रतियोगिता का समापन



**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, संबलपुर ने रेलवे स्टेडियम, रेल नगर, संबलपुर में अंतर-विभागीय खेल टूर्नामेंट-2024 का आयोजन किया। टूर्नामेंट में संबलपुर मंडल के सभी विभागों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन समारोह में संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और अपर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर आनंद सिंह ने सम्मानित अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई। अंतर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबला आरपीएफ-11 और विद्युत (परिचालन)-11 के बीच खेला गया। विद्युत (परिचालन) की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और 15 ओवर में 6 विकेट पर 147 रन बनाए। जवाब में आरपीएफ की टीम ने 15 ओवर में 9 विकेट पर 121 रन बनाया। विद्युत (परिचालन) टीम ने फाइनल मैच 26 रन से जीता। इस टीम के आशुतोष पति को मैन ऑफ द मैच और के शशिकांत दास को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। इसके अतिरिक्त अन्य खेलों में लॉन टेनिस एकल, बैडमिंटन, तैराकी में 50 मीटर फ्री स्टाइल पुरुष 50 मीटर फ्री स्टाइल पुरुष, 50 मीटर बटरफ्लाई पुरुष, 100 मीटर फ्री स्टाइल पुरुष खेल का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। खेल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार बेहरा ने कार्यक्रम का समन्वयन किया। इस अवसर पर सभी अधिकारी और कर्मचारी उनके परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# रेलवे संरक्षा कर्मचारी सम्मानित

**संबलपुर।** संजय ओराम, टी.एम-IV/इंजीनियरिंग, नोरला रोड, देबेंद्र कुमार चौधरी, वरिष्ठ तकनीशियन/सी एंड डब्ल्यू, कांटाबांजी, नबीन कुमार धरुआ, तकनीशियन-I /सी एंड डब्ल्यू, कांटाबांजी और प्रमोद कुमार शर्मा, सहायक लोको पायलट/ अंबोदला को संरक्षा में उनकी सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के प्रति उत्कृष्ट योगदान और संरक्षा नियमों और विनियमों से अच्छी तरह परिचित होने के लिए सम्मानित किया गया। संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पाण्डेय ने वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) तत्त्वदर्शी साहू, वरिष्ठ मंडल यांत्रिकी अभियंता श्री दीपक परसरामपुरिया, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (परिचालन) बिनायक बेहरा एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी संबीत सौरव नायक की उपस्थिति में उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

## अफसरों के वाहन पर वित्त ने कसी लगाम, पेट्रोल-डीजल की लिमिट भी तय

# सचिव और कलेक्टर 12 लाख तक, एचओडी साढ़े आठ लाख से ज्यादा की गाड़ी नहीं ले पाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने सरकारी अफसरों के लिए वाहन की पात्रता और खरीदी के मामले में नकेल कसी है। सरकार के ताजा आदेश के मुताबित अब सचिव या सचिव से उच्च स्तर के अधिकारी, जिला न्यायाधीश, जिला कलेक्टर-एसपी स्तर के अधिकारियों के लिए 12 लाख तक की गाड़ी ही खरीदी जा सकेगी। इसके साथ ही अब सरकारी अधिकारियों पर अपने कार्य क्षेत्र के बाहर वाहन ले जाने पर प्रतिबंध होगा।

## 12 लाख से अधिक की गाड़ी नहीं खरीद सकते



वित्त विभाग ने वाहन उपयोग करने वाले प्राधिकारी के आधार पर नए वाहन खरीदने के लिए वित्तीय सीमा तय की है। सरकार ने साफ किया है कि सचिव, सचिव से उच्च स्तर के अधिकारी, जिला न्यायाधीश, जिला कलेक्टर, एवं पुलिस अधीक्षक के उपयोग के लिए 12 लाख तक की गाड़ी खरीदी जा सकतीहै। मंत्रालय एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय में पदस्थ संयुक्त संचालक एवं उच्च स्तर के अधिकारी के लिए साढ़े 8 लाख तक की, मैदानी कार्यालयों के अधिकारियों एव पुल वाहन के लिए 10 लाख तक की सीमा एवं आवश्यकता को देखते हुए यूटिलिटी व्हीकल, एसयूवी टाइप की वाहनों के लिए 10 लाख की सीमा होगी।

### यात्रा भत्ता सीमित

वित्त विभाग ने एक अलग आदेश जारी कर शासकीय सेवकों की यात्रा एवं दैनिक भत्तों की दरों का पुनरीक्षण आदेश जारी किया है। हवाई यात्रा के लिए एचएजी वेतन मान प्राप्त करने वाले अधिकारी देश के अंदर एक्जीक्यूटीव क्लास से यात्रा के पात्र होंगे। वेतन लेवल 14 पे ग्रेड 7600 या इससे अधिक वेतन पाने वाले अधिकारी देश के अंदर इकोनॉमी क्लास से यात्रा के पात्र होंगे। वेतन लेबल 14 ग्रेड पे 7600 से कम वेतन प्राप्त करने वाले सभी अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी देश के अंदर विमान से इकॉनामी क्लास से यात्रा के पात्र होंगे। इस आदेश के अंत में ये भी कहा गया है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि यात्रा सक्षम स्वीकृती के बाद मितव्ययिता को ध्यान में रखते हुए किया गया है तथा इस आदेश के अंतर्गत किए गए व्यय को विभाग के चालू वित्तीय वर्ष के बजट प्रावधानों से अधिक न हो।


**फायनेंस**

फाइनेंस- मुद्रा योजना के अंतर्गत आधारकार्ड से मुद्रालोन, समस्त लोन, आसान किस्तों पर पाएं, 50,000 से 5 लाख तक, 2% ब्याज, 50% छूट, संपर्क करें:- 09599838780 (रायपुर /15/ मई/24)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**महालक्ष्मी फायनेंस**

*महिलाओं को विशेष छूट
(सरकार द्वारा रजिस्टर)

1% ब्याज 50% छूट

सभी प्रकार की योजनाओं के द्वारा लोन ऑनलाईन पाएं
एजेंट आमंत्रित वेतन - 25,000/- प्रतिमाह + कमीशन

मार्कशीट | पर्सनल | बिजनेस
कृषि | होमलोन | प्रॉपर्टी
व्यवसाय | राशनकार्ड | आधारकार्ड
मुर्गीपालन | ईंटभट्टा | समूह लोन

नया रोजगार शुरु करने के लिए जनधन मुद्रा योजना के द्वारा 1 लाख से 50 लाख तक 24/48 घंटे में घर बैठे लोन

9917370725

**छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844


# राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन की सम्भावना सम्भावना भी बन रही है।

**वृष** — कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। धैर्यशीलता में कमी हो सकती है।

**मिथुन** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भौतिक सुखों के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते

**सिंह** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — क्रोध के अतिरेक से बचें। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव बढ़ेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**धनु** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। कारोबारी यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में सफलता

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

## इंडिगो की फ्लाइट में शुगर फ्री खाना नहीं मिला



**नई दिल्ली।** इंडिगो की एक महिला पैसेंजर ने एयरलाइन स्टाफ पर डायबिटीज यात्रियों को शुगर वाला खाने खिलाने को मजबूर करने के आरोप लगाए और पूछा कि एविएशन मिनिस्टर क्या कर रहे हैं। भारत से सिएटल जाने वाली स्वाती सिंह ने 10 मई को एक्स पर पोस्ट में इंडिगो के साथ अपना बुरा अनुभव शेयर किया। उन्होंने लिखा- एक दिन पहले मेरी फ्लाइट रद्द हो गई, जिससे मुझे काफी नुकसान उठाना पड़ा। अगले दिन दोपहर 3 बजे फ्लाइट मिलने वाली थी।

## अमेरिका में भी रिजेक्ट हो चुके एमडीएच के मसाले



**नई दिल्ली।** अमेरिकी नियामक के डाटा का रॉयटर्स ने विश्लेषण किया है, जिससे पता चला है कि लोकप्रिय भारतीय मसाला ब्रांड एमडीएच के कुछ मसाले बैक्टीरिया की मौजूदगी की वजह से जांच के दायरे में हैं। 2021 के बाद से इसके अमेरिकी शिपमेंट का औसतन 14.5 प्रतिशत बैक्टीरिया की मौजूदगी के कारण खारिज कर दिया गया। हांग कांग ने पिछले महीने एमडीएच के तीन मसाले और एक अन्य भारतीय कंपनी एवरेस्ट के एक मसाले की बिक्री पर रोक लगा दी थी। दरअसल इन मसालों में कथित तौर पर कैंसर का कारण बनने वाले कीटनाशकों की उच्च मात्रा पाई गई थी।

## शब्द पहेली - 5511

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | ■ | 5 | | 6 | 7 |
| 8 | | ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| | ■ | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | ■ | |
| 14 | | | | ■ | 15 | 16 | ■ | 17 | 18 | |
| | ■ | | ■ | 19 | | | 20 | ■ | | ■ |
| 21 | 22 | | 23 | | ■ | 24 | | 25 | | 26 |
| ■ | | ■ | 27 | | 28 | | ■ | | ■ | |
| 29 | | 30 | ■ | 31 | | ■ | 32 | | | |
| | ■ | 33 | 34 | ■ | 35 | | | | ■ | |
| 36 | 37 | ■ | 38 | | | ■ | | ■ | 39 | |
| 40 | | | | ■ | 41 | | | | | |

**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 5510 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | ल | शा | ली | ■ | रु | ख | सा | र | ■ |
| आ | न | ■ | ली | ■ | प | त | न | ■ | जा | न |
| न | ■ | ज | मा | दा | र | ■ | न | म | ■ | फा |
| म | ग | रु | र | ■ | ■ | आ | ■ | द | र | स |
| ना | ■ | र | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | वा | त |
| ■ | मि | त | वा | ■ | ही | ■ | स | प | ना | ■ |
| म | ल | ■ | दा | वा | न | ल | ■ | रा | ■ | फि |
| त | न | य | ■ | ल | ■ | ■ | ह | ज | र | त |
| ल | ■ | म | त | ■ | का | र्या | ल | य | ■ | र |
| बी | ज | ■ | म | का | न | ■ | च | ■ | सा | त |
| ■ | य | ल | गा | र | ■ | ब | ल | शा | ली | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5522

★★★★☆ मध्यम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5521 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |




## राम पोथिनेनी-संजय दत्त की फिल्म का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** संजय दत्त और राम पोथिनेनी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल आईस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। दर्शकों को बेसब्री से फिल्म के रिलीज होने का इंतजार है। कुछ समय पहले फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां सामने आई हैं। वहीं अब फिल्म के निर्माता इसका टीजर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। 'डबल आईस्मार्ट' के जरिए निर्देशक पुरी जगन्नाध और अभिनेता राम पोथिनेनी दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में संजय दत्त महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। वहीं अब निर्माता फिल्म का टीजर रिलीज करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म का टीजर 15 मई को लॉन्च किया जाएगा।

लाइफ Style



# ऋचा

## 'लज्जो' को लेना पड़ा था शराब का सहारा

एजेंसी ⏭ मुंबई

'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' से ऋचा चड्ढा ने वेब सीरीज में डेब्यू किया है। कम स्क्रीन टाइम के बावजूद ऋचा चड्ढा के अभिनय की खूब तारीफ हो रही है। उन्होंने लाजवंती (लज्जो) के किरदार ने काफी प्रशंसा हासिल की है।

खासकर उनके शराबी डांस सीक्वेंस ने दर्शकों का काफी प्रभावित किया है। अभिनेत्री ने हाल ही में साझा किया कि दृश्य को बेहतर बनाने के लिए संघर्ष करने के बाद उन्होंने शराब का सहारा लिया था। पहले दिन, मुझे नशे में नाचने का मौका नहीं मिल रहा था। तो 30-40 टेक के बाद, मैंने सोचा कि मुझे एक क्वार्टर लेने दो और देखो क्या होता है। मेरे पास कुछ शराब थी। ऋचा ने आगे कहा, "मैंने थोड़ी सी शराब पी, लेकिन इससे हालात और खराब हो गए। मैं अपने शरीर में सुस्ती नहीं चाहती थी, मैं इसमें कुछ कमी भी नहीं चाहती थी। शायद कुछ स्टेप्स आगे पीछे हो सकते थे, लेकिन मैं अपनी चाल-ढाल में बदलाव नहीं कर सकती थी क्योंकि यह डांस लज्जो की भावनाओं को भी व्यक्त कर रहा था। इसलिए इसे मंजूरी मिलने में भले ही समय लगा, लेकिन इसके लिए मैंने बहुत मेहनत की थी। उन्होंने आगे कहा, यह एक तकनीकी काम है, चाहे मैं कितना भी डांस कर लूं, मेरी ड्रेस इतनी भारी थी कि मुझे उस निशान को छूना था और बातचीत करनी थी। ऐसा करना मेरे लिए मजेदार था। बता दें कि इस सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मिन सहगल, अदिति राव हैदरी, ताहा शाह बदुशाह, शेखर सुमन और अध्ययन सुमन जैसे कई सितारे अहम भूमिका में नजर आए हैं।

### हॉलीवुड मसाला




## मशहूर निर्देशक रोजर नहीं रहे

**लॉस एंजिलिस।** 70 से अधिक फिल्मों का निर्देशन कर चुके दिग्गज फिल्मकार रोजर कॉर्मन का निधन हो गया। वे 98 साल के थे। अपने फिल्मी करियर में उन्होंने 300 से अधिक फिल्मों का निर्माण भी किया था। उन्हें साल 1959 की फिल्म द वास्प वुमन और 1960 की द लिटिल शॉप ऑफ हॉरर्स जैसी फिल्मों जाना जाता है। 9 मई को सैंटा मोनिका में अपने घर पर उन्होंने अंतिम सांस ली। कॉर्मन की बेटी कैथरीन कॉर्मन ने एक बयान में कहा, 'वे खुले दिल वाले उदार और लोगों के प्रति दयालु थे।'



## लंगूरों ने दुनियाभर में मचाया धमाल...

**लॉस एंजिलिस।** डिज्नी और ट्वेंटिएथ सेंचुरी की नवीनतम फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' ने गर्मियों की छुट्टियां गुलजार कर दी हैं। फिल्म ने रिलीज के पहले सप्ताहांत में करीब 1078 करोड़ रुपए की कमाई करके डिज्नी की बांछें खिला दी हैं। फिल्म ने अमेरिका के घरेलू बॉक्स ऑफिस से बेहतर कारोबार दुनिया के दूसरे देशों में किया है। फिल्म ने अमेरिका में करीब 5.65 करोड़ डॉलर यानी कि करीब 472 करोड़ रुपए की कमाई की है लेकिन फिल्म का ओवरसीज कलेक्शन इससे कहीं ज्यादा शानदार रहा। फिल्म ने अमेरिका के अलावा दूसरे देशों में करीब 606 करोड़ रुपए की कमाई की है।



## 'हीरामंडी' के लिए देने पड़े थे 16 ऑडिशन

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की 'हीरामंडी' के ओटीटी पर रिलीज होने के बाद से बॉलीवुड अभिनेत्री शर्मिन सहगल को भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दर्शकों ने शो में अन्य अभिनेत्रियों के बराबर नहीं होने के लिए उनकी आलोचना की। अब शर्मिन ने खुलासा किया है कि 'हीरामंडी' में आलमजेब की भूमिका पाने के लिए उन्हें 16 बार ऑडिशन देना पड़ा था। सोशल मीडिया पर लोगों ने शर्मिन पर नेपोटिज्म का टैग लगाया और कहा कि यह किरदार उन्हें भंसाली की भांजी होने की वजह से मिला है। हालांकि, अभिनेत्री ने खुलासा करते हुए कहा कि उन्हें अपने मामा से किसी भी प्रकार की मेहरबानी या छूट नहीं मिली, और यह भूमिका पाने के लिए उन्हें बाकी सभी लोगों की तरह ही कड़ी मेहनत करनी पड़ी थी।



## जूनियर एनटीआर ने पूरी की वॉर 2 की शूटिंग

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर ने आगामी फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। काफी वक्त से अभिनेता इस फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में मुंबई में थे। पहला शेड्यूल पूरा करने के बाद वे मुंबई से हैदराबाद लौट गए हैं। जूनियर एनटीआर फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन के साथ नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। ऋतिक और जूनियर एनटीआर की फिल्म अगले साल रिलीज होगी। फिलहाल फिल्म से जुड़ी पूरी स्टारकास्ट और इसकी रिलीज डेट के एलान का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म वर्ष 2019 में आई एक्शन थ्रिलर फिल्म 'वॉर' का सीक्वल है, जिसमें ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। आगामी 20 मई को 'वॉर 2' का पोस्टर या टीजर जारी हो सकता है।

### टीवी मसाला

## 3 फुट के अब्दू रोजिक की 7 जुलाई को यूएई में होगी शादी

**नई दिल्ली।** 3 फुट की हाइट वाले 'छोटे भाईजान' यानी अब्दू रोजिक की उम्र सिर्फ 20 साल है और उनकी होने वाली वाइफ 19 साल की हैं, जिसके साथ अब्दू निकाह करने के लिए एकदम तैयार हैं। अब्दू ने अपनी सगाई की फोटोज शेयर करने के साथ ही फैंस के साथ अपनी शादी की तारीख का भी ऐलान कर दिया है। अब्दू रोजिक 7 जुलाई को यूएई में अमीरा के साथ शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों की मुलाकात हुई और नैन ऐसे लड़े कि दोनों दिल खो बैठे। अब्दू रोजिक ने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि उन्हें अपने जीवन का प्यार मिल गया है और वह शादी के बंधन में बंधने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अब्दू 19 साल की अमीरा से शादी कर रहा हैं, जो 'शारजाह की एक अमीराती लड़की' है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब्दू की अमीरा से मुलाकात इसी साल फरवरी में दुबई मॉल के सिप्रियानी डॉल्सी में हुई थी। अब्दू ने बताया कि 'मैं इस प्यार से ज्यादा कीमती किसी चीज की कल्पना नहीं कर सकता। मैं जीवन में अपनी नई यात्रा शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।



## बिग बॉस ओटीटी 3 होस्ट नहीं करेंगे

**मुंबई।** पिछले काफी दिनों से 'बिग बॉस ओटीटी 3' के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। वह इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि यह कब शुरू होगा। पहले खबर आई थी कि यह इस साल नहीं आएगा, लेकिन बाद में मालूम हुआ कि जून के पहले हफ्ते से इसका प्रीमियर होगा। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस बार का 'बिग बॉस ओटीटी 3' सलमान खान होस्ट नहीं कर रहे हैं। सलमान खान के पास डेट्स की दिक्कत है। काम ज्यादा है और इस वजह से डेट्स की दिक्कत हो रही है। शो के मेकर्स अब अभिनेता के रिप्लेसमेंट की तलाश कर रहे हैं। तीन नाम मिले हैं, जिसमें करण जौहर, संजय दत्त और अनिल कपूर शामिल हैं। इन तीनों नामों को शो के लिए अप्रोच किया गया है। हालांकि, अभी तक किसी भी एक नाम पर मुहर नहीं लगी है।




## ओटीटी पर कॉमेडी-क्राइम से भरपूर होगा यह हफ्ता

**मुंबई।** दर्शकों को सिनेमाघरों से ज्यादा अब घर में बैठकर फिल्म और वेब सीरीज देखना पसंद आता है। यही वजह है कि दर्शक ओटीटी पर नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। मई का तीसरा हफ्ता भी दर्शकों के लिए बेहद मनोरंजक होने वाला है। इस हफ्ते भी कई धमाकेदार फिल्में ओटीटी पर आने वाली हैं

**गॉडजिला x कॉन्ग द न्यू एम्पायर :** 'गॉडजिला x कॉन्ग द न्यू एम्पायर' गॉडजिला और सर्वशक्तिमान कॉन्ग के इर्द-गिर्द घूमती है, क्योंकि उन्हें एक ऐसे खतरे का सामना करना पड़ता है, जो मानव जाति के अस्तित्व और अस्तित्व को चुनौती दे सकता है। एडम विंगार्ड द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रेबेका हॉल, ब्रायन टायरी हेनरी, डैन स्टीवंस, कायली हॉटल, एलेक्स फर्न्स और फाला चेन हैं। यह फिल्म 13 मई को बुकमायशो पर रिलीज हुई।

**ब्रिजर्टन सीजन-3 :** 'ब्रिजर्टन सीजन 3'




पेनेलोप फेदरिंगटन और कॉलिन ब्रिजर्टन की प्रेम कहानी पर केंद्रित होगी, जिसे पहले सीजन से ही दिखाया गया है। कॉलिन पेनेलोप को उसके लिए अपने प्यार का एहसास कराने के लिए एक पति ढूंढने में मदद करेगा। निकोला कफलान और ल्यूक न्यूटन इस तीसरे सीजन में मुख्य भूमिका निभाएंगे और पेनेलोप फेदरिंगटन और कॉलिन ब्रिजर्टन के रूप में अपनी भूमिका फिर से निभाएंगे। यह 16 मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

**बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड :** एसएस राजामौली की सीरीज 'बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड' बाहुबली फिल्म की घटनाओं से पहले की कहानी है और यह बाहुबली और भल्लालदेव पर केंद्रित होगी, क्योंकि वे माहिष्मती की रक्षा के लिए एक साथ लड़ते हैं। एनिमेटेड सीरीज 17 मई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

**बस्तर द नक्सल स्टोरी :** 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में नक्सली-माओवादी विद्रोह पर आधारित है। फिल्म में अदा शर्मा, इंदिरा तिवारी, विजय कृष्णा, शिल्पा शुक्ला, यशपाल शर्मा, सुब्रत दत्ता और राइमा सेन मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म 17 मई को जी5 पर रिलीज होगी।

**मडगांव एक्सप्रेस :** 'मडगांव एक्सप्रेस' तीन बचपन के दोस्तों प्रतीक गांधी, दिव्येंदु और अविनाश तिवारी की यात्रा को दिखाती है, जो गोवा की यात्रा पर निकलते हैं। उनकी यह यात्रा पूरी तरह से पटरी से उतर जाती है। फिल्म में नोरा भी हैं। तीनों दोस्तों की यात्रा उनकी लिए तब मुसीबत बन जाती है, जब वे एक माफिया के चंगुल में फंस जाते हैं। यह सीरीज 17 मई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

**जरा हटके जरा बचके :** विक्की कौशल और सारा अली खान की फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' अपनी रिलीज के एक साल बाद ओटीटी डेब्यू के लिए तैयार है। रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म सरकारी योजनाओं की पोल भी खोलती है। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी यह फिल्म जियो सिनेमा पर 17 मई को दस्तक देगी।



## हंसिनी वाली चाल ने मचाया तहलका

**नई दिल्ली।** 'हीरामंडी' सीरीज की हर तरफ चर्चा है। संजय लीला भंसाली ने जो कमाल रचा है दर्शक उसकी तो तारीफ कर ही रहे हैं, लेकिन इन दिनों इस सीरीज की वजह से सबसे ज्यादा लाइमलाइट में अदिति राव हैदरी हैं, जो अपनी हंसगामिनी चाल की वजह से छाई हुई हैं। फेसबुक हो या इंस्टाग्राम 'हीरामंडी' से अदिति राव हैदरी का वीडियो वायरल हो रहा है। अभिनेत्री का यह सीन तब का है, जब वह मुजरा करती नजर आती हैं। वह झटककर हंसिनी सी चाल में चलती दिखी हैं। यूजर्स इस पर अदिति की तारीफ करते नहीं थक रहे। वहीं कुछ लोग इसे कॉपी बता रहे हैं। ऐसी ही चाल फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में मधुबाला की थी।

### ज्यूरी में ये अभिनेत्रियां दिखा चुकी हैं दमखम

# कान फिल्म फेस्टिवल में पहली भारतीय फिल्म थी 'नीचा नगर'

*मुंबई। हर साल धूमधाम से मनाया जाने वाला कान फिल्म फेस्टिवल इस साल 14 मई से 25 मई तक मनाया जाएगा। 1946 में जब कान की शुरुआत हुई थी तभी से भारतीय फिल्में वहां दिखाई जाने लगी थीं। कान में सबसे पहले भारतीय फिल्म 'नीचा नगर' दिखाई गई थी। इस फिल्म को 'ग्रांड प्रिक्स डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म' के अवार्ड से नवाजा गया था। ग्रांड प्रिक्स कान फिल्म फेस्टिवल का एक पुरस्कार है, जो प्रतिस्पर्धी फीचर फिल्मों में से एक को फेस्टिवल की ज्यूरी द्वारा दिया जाता है। 1946 में आई फिल्म 'नीचा नगर' को निर्देशक चेतन आनंद ने निर्देशित किया था। इस फिल्म की कहानी के लेखक थे ख्वाजा अहमद अब्बास और हायातुल्लाह अंसारी। फिल्म के निर्माता थे राशिद अनवर। अभिनेत्री कामिनी कौशल ने इस फिल्म से अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म के जरिए ही म्यूजिक डाइरेक्टर रवि शंकर ने भी बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था।*

### भारतीय ज्यूरी में ये अभिनेत्रियां हो चुकी हैं शामिल



बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अदाकाराओं में गिनी जाने वाली ऐश्वर्या राय ने अपनी फिल्म 'देवदास' की विशेष स्क्रीनिंग के लिए शेखर कपूर के साथ साल 2002 में कान्स फेस्टिवल में डेब्यू किया था और साल 2003 में उन्होंने ज्यूरी में जगह बनाई थी। ऐश्वर्या के अलावा विद्या बालन ने साल 2013 में कान फिल्म फेस्टिवल में ज्यूरी सदस्य के रूप में काम किया था। भारत की दिग्गज अदाकारा शर्मिला टैगोर भी कान फेस्टिवल में ज्यूरी सदस्य के रूप में काम कर चुकी हैं। उन्हें साल 2009 में ज्यूरी सदस्ये के रूप में बुलाया गया था। बॉलीवुड अभिनेत्रियों के अलावा फिल्म निर्माता, मीरा नायर भी कान का हिस्सा रह चुकी हैं। उन्होंने साल 1990 में कान फिल्म फेस्टिवल के सदस्य के रूप में काम किया था।

### इस साल शामिल होंगे ये भारतीय चेहरे

बॉलीवुड भी 'कान फिल्म फेस्टिवल' की शोभा बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बॉलीवुड के कुछ मशहूर चेहरे इसमें शामिल होंगे, जिसमें ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, शोभिता धुलिपाला 'रेड कार्पेट' पर जलवे बिखेरती नजर आएंगी। बता दें कि इस वर्ष कई सारे डिजिटल क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर भी 'कान फिल्म फेस्टिवल' में अपना पदार्पण करने जा रहे हैं। इसमें कुछ नए भारतीय चेहरे भी देखने को मिलेंगे। जिसमें, आरजे करिश्मा, नैन्सी त्यागी, निहारिका, अंकुश बहुगुणा और अन्य लोग शामिल हैं।

### ज्यूरी सदस्य

ज्यूरी सदस्यों का क्या काम होता है। बता दें कि कान फेस्टिवल दुनिया भर की फिल्मों का चार मुख्य और आधिकारिक श्रेणियों में प्रदर्शन होता है। जिसके बाद फिल्मों को अवार्ड के लिए चुना जाता है। इन कैटेगरीज में फिल्मों को चयनित करने के लिए ज्यूरी काफी पहले से काम करने लगती है। इस दौरान ज्यूरी द्वारा ही फिल्म को अवॉर्ड दिया जाता है।

# टी-20 विश्व कप में श्रीलंका ने बनाया है सर्वोच्च टीम स्कोर, तीसरे नंबर पर भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रूप से खेला जाना है। इस बार 20 टीमों के बीच ये प्रतियोगिता खेली जानी है। भारतीय क्रिकेट टीम ने 2007 में अपना इकलौता खिताब जीता था। इस बार रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम अपनी चुनौती पेश करेगी। पिछले कुछ सालों में कई टीमों ने एक से बढ़कर एक स्कोर खड़े किए हैं। इस बीच टी-20 विश्व कप के सबसे बड़े टीम स्कोर पर एक नजर डालते हैं।

### श्रीलंका (260/6 बनाम केन्या, 2007)

टी-20 विश्व कप में सर्वोच्च टीम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम पर है। श्रीलंकाई टीम ने 2007 में उद्घाटन संस्करण में केन्या के खिलाफ 260/6 रन बनाए थे। उस मैच में सनथ जयसूर्या ने आतिशी अर्धशतक लगाया था और जेहान मुबारक ने सिर्फ 13 गेंदों में नाबाद 46* रन बनाए थे। मुकाबले में केन्या की टीम सिर्फ 88 रन पर सिमट गई थी। टूर्नामेंट के इतिहास में कोई अन्य टीम 250+ का स्कोर दर्ज नहीं कर पाई है।



### इंग्लैंड (230/8 बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2016)

टी-20 विश्व कप मैच में 230 या उससे अधिक का स्कोर बनाने वाली इंग्लैंड एकमात्र अन्य टीम है। इंग्लैंड ने 2016 में वानखेड़े स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 230 रनों का पीछा किया था। यह टूर्नामेंट में हासिल किया गया सबसे सफल लक्ष्य है। उस मुकाबले में जो रूट ने 83 रनों की पारी खेली थी। बता दें कि प्रोटियाज टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 229/4 का स्कोर बनाया था। ये विश्व कप का तीसरा सर्वोच्च स्कोर है।



### भारत (218/4 बनाम इंग्लैंड, 2007)

भारत और इंग्लैंड के बीच 2007 के टी-20 विश्व कप मुकाबले में युवराज सिंह ने एक ओवर में 6 छक्के लगाए थे। युवराज ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में ये कारनामा कर दिखाया था। उस मुकाबले में युवराज ने सिर्फ 16 गेंदों पर 58 रन बनाए थे और भारत ने 20 ओवर में 218 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने भी अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन टीम 200/6 का स्कोर ही बना सकी थी।

## टी-20 विश्व कप में इन टीमों ने बनाए हैं सबसे कम स्कोर

टी-20 विश्व कप 2024 की शुरुआत 1 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रूप से होना है। आगामी संस्करण इसलिए भी दिलचस्प होने वाला है क्योंकि इसमें 20 टीमें हिस्सा लेंगी। इन सभी टीमों को कुल 4 ग्रुप्स में बांटा गया है। ऐसे में कुछ नई टीमों के पास विश्व क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ने का मौका होगा। इस बीच टी-20 विश्व कप में सबसे कम टीम स्कोर के बारे में जानते हैं।

### नीदरलैंड (39 बनाम श्रीलंका, 2014)

नीदरलैंड क्रिकेट टीम के नाम पर टी-20 विश्व कप इतिहास में सबसे कम स्कोर बनाने का अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज है। ये इकलौती ऐसी टीम है, जो 40 रन से कम पर सिमट गई है। 2014 के टी-20 विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ डच टीम महज 39 रन पर ढेर हो गई थी। चटगांव में खेले गए मैच में एंजेलो मैथ्यूज और अजंता मेंडिस ने 3-3 विकेट लिए थे। श्रीलंकाई टीम ने केवल 5 ओवर में लक्ष्य हासिल किया था।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 13 | 9 | 3 | 19 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| बेंगलोर | 13 | 6 | 7 | 12 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 |
| गुजरात | 13 | 5 | 7 | 11 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |
| पंजाब | 12 | 4 | 8 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
661 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
20 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर

1913 चौके

1105 छक्के

### खबर संक्षेप

#### मेइराबा थाईलैंड ओपन के मुख्य ड्रॉ में

**बैंकॉक।** भारत के मेइराबा मेसनाम ने मंगलवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी में ट्रेनिंग करने वाले मणिपुर के 21 साल के मेइराबा ने हमवतन शाश्वत दलाल को 15-21 21-14 21-16 से हराने के बाद मलेशिया के कोक जिंग होंग को 21-19 21-9 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। बुधवार को मुख्य ड्रॉ में उनकी भिड़ंत हमवतन भारतीय और पांचवें वरीय एचएस प्रणय से होगी। पुरुष एकल क्वालीफिकेशन में हिस्सा ले रहे चार अन्य भारतीय एस शंकर मुथुसामी, आयुष शेट्टी, कार्तिकेय गुलशन कुमार और रवि हार के कारण मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में नाकाम रहे।

#### गौरव सेमीफाइनल में शिवा हारकर बाहर

**अस्ताना।** भारत के गौरव चौहान एलोरडा कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट में मंगलवार को पुरूषों के 92 प्लस किलो सेमीफाइनल में पहुंच गए



जबकि शिवा थापा पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। गौरव ने स्थानीय मुक्केबाज डेनियल सापारबे को 3-2 से हराया। वहीं छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा को कजाखस्तान के अब्दुआली अलमात ने 63.5 किलोवर्ग में 4.1 से मात दी। संजय (80 किलो) भी एशियाई खेलों के चैम्पियन चीन के टी टांगलाटिहान से 0.5 से हारकर बाहर हो गए।

#### द.अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम 16 जून से भारत दौरे पर

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम 16 जून से नौ जुलाई तक भारत दौरा करके एक टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को कार्यक्रम की घोषणा की। वनडे मैच बेंगलुरू में और टेस्ट तथा टी20 मैच चेन्नई में खेले जायेंगे। श्रृंखला की शुरूआत एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर 13 जून को अभ्यास मैच के साथ होगा जिसमें दक्षिण अफ्रीका का सामना बोर्ड अध्यक्ष एकादश से होगा। वनडे मैच आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2022 . 2025 का हिस्सा हैं। वनडे मैच दोपहर 1. 30 पर और टी20 शाम सात बजे शुरू होंगे।

## आईपीएल : राजस्थान 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर

# राजस्थान और पंजाब में आज दूसरी भिड़ंत अभी तक आरआर का पलड़ा रहा है भारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 65वें मैच में राजस्थान रॉयल्स का सामना पंजाब किंग्स से आज 15 मई को होगा। आरआर ने अपने 12 में से 8 मैच जीते हैं और 4 में हार झेली है। वहीं पंजाब किंग्स अब तक 12 मैच खेले हैं, जिसमें से सिर्फ 4 में जीत दर्ज की है और 8 में शिकस्त झेली है। इन दोनों टीमों का एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन बड़े ही रोमांचक रहे हैं।

### राजस्थान रायल्स का पलड़ा रहा है भारी

पंजाब किंग्स और राजस्थान रायल्स के बीच आईपीएल के इतिहास में अब तक 27 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान पीबीकेएस को 11 मैच में जीत मिली है, जबकि आरआर ने 16 मुकाबले जीते हैं। आईपीएल 2024 की पहली भिड़ंत में आरआर ने 3 विकेट से जीत दर्ज की थी। आईपीएल 2023 में दोनों टीम के बीच 2 मुकाबले खेले गए थे। एक मैच को पंजाक किंग्स ने अपने नाम किया था और 1 मुकाबला आरआर ने जीता था।





### टीमें इस प्रकार हैं

**पंजाब किंग्स :** सैम कुरेन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, कागिसो रबाडा , हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नांद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पावेल, टॉम कोहलर-केडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुश कोटियन।

### धवन ने आरआर के खिलाफ बनाए हैं 679 रन

पंजाब किंग्स की मौजूदा टीम से शिखर धवन ने आरआर के खिलाफ 24 मैचों में 32.33 की औसत और 129.82 की स्ट्राइक रेट से 679 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 86* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 7 अर्धशतक लगाए हैं। जॉनी बेयरस्टो ने इस टीम के खिलाफ 6 पारियों में 28.66 की औसत से 172 रन बनाए हैं। हर्षल पटेल ने आरआर के विरुद्ध 13 मैचों में 7.79 की इकॉनमी रेट से 19 विकेट लिए हैं।

### संजू का पंजाब किंग्स के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन

राजस्थान रॉयल्स की मौजूदा टीम से संजू सैमसन ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 22 मैचों में 37.89 की औसत और 143.42 की स्ट्राइक रेट से 720 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 2 अर्धशतक लगाए हैं। यशस्वी जायसवाल ने इस टीम के खिलाफ 43.40 की औसत के साथ 5 पारियों में 217 रन बनाए हैं। युजवेंद्र चहल ने पंजाब किंग्स के विरुद्ध 20 मैचों में 19.20 की औसत से 30 विकेट लिए हैं।

### बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में दोनों टीमों का प्रदर्शन

बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में आरआर ने अब तक 2 मैच खेले हैं, जिसमें से 1 मैच में उन्हें जीत और 1 में हार मिली है। पंजाब किंग्स ने इस मैदान पर सिर्फ 1 मैच खेला, जिसमें उन्हें जीत मिली थी। इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर आरआर (199/4) ने बनाया है। यहां पर सर्वोच्च व्यक्तिगत पारी धवन (86*) ने खेली है। इस मैदान पर सबसे बेहतर गेंदबाजी प्रदर्शन नाथन एलिस (4/30) के नाम पर है।

खास खबर

## टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तानों में धोनी टॉप पर





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 का आगाज 1 जून को होगा। टूर्नामेंट अमेरिका और वेस्टइंडीज की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। इस बार टी-20 विश्व कप में 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। जोस बटलर की कप्तानी में इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने साल 2022 का टी-20 विश्व कप जीता था। वह एक बार फिर इंग्लैंड क्रिकेट टीम की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। आपको बता दें कि टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तानों में भारतीय टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पहले नंबर पर हैं।

### एमएस धोनी 529 रन

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कप्तान के तौर पर टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने अपनी कप्तानी में भारतीय टीम को साल 2007 का विश्व कप भी दिलाया था। यह टी-20 विश्व कप का पहला संस्करण था। उसके बाद भारतीय टीम एक भी टी-20 विश्व कप नहीं जीत पाई है। कप्तान के तौर पर उनके बल्ले से 33 मैच में 529 रन निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 45 रन रहा है।

### केन विलियमसन : 517 रन

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान केन विलियमसन इस मामले में दूसरे स्थान पर हैं। विलियमसन ने टी-20 विश्व कप में कप्तान के तौर पर 500 से ज्यादा रन बनाए हैं। उनके बल्ले से कप्तान के तौर पर 17 टी-20 मुकाबलों में 34.46 की औसत से 517 रन निकले हैं। उन्होंने 2 अर्धशतक भी लगाए हैं। विलियमसन साल 2024 में भी न्यूजीलैंड की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे।

### बाबर आजम : 427 रन

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने टी-20 विश्व कप में 35.58 की औसत से 13 मुकाबलों में 427 रन बनाए हैं। वह साल 2021 और 2022 के टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान टीम की कप्तानी कर चुके हैं। एक बार फिर वह साल 2024 के विश्व कप में पाकिस्तान के कप्तान बनाए गए हैं।

## बीसीसीआई का बड़ा फैसला अब दो फेज में खेला जाएगा रणजी ट्रॉफी का सीजन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने घरेलू क्रिकेट में महत्वपूर्ण बदलाव किया हैं। दरअसल आने वाले रणजी ट्रॉफी सीजन को दो अलग-अलग फेजों में खेला जाएगा।

जानकारी के मुताबिक बीसीसीआई ने यह निर्णय खिलाड़ियों के वर्कलोड को कम करने के लिए लिया है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया कि "मैचों के बीच गैप को बढ़ाकर, खिलाड़ियों को पूरे सीजन में खेलने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा और वे अपनी स्थिति को सुधार सकेंगे।

### इस तरह होंगे दो फेज में रणजी के मैच

नए नियम के अनुसार अब आने वाले रणजी ट्रॉफी के सीजन से हर टीम को अपने पहले पांच-पांच लीग मैच खेलने होंगे। पांच लीग मैच हो जाने के बाद, टीम को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी खेलना होगी। इन दोनों ट्रॉफी के बाद टीम फिर से, रणजी ट्रॉफी में शेष लीग मैच और नॉकआउट मुकाबले खेलेगी।



### एक और बड़ा बदलाव किया गया

*दरअसल सीके नायडू (अंडर-23) ट्रॉफी में टॉस की प्रक्रिया अब समाप्त हो गई है। जानकारी के अनुसार अब मैच की शुरुआत से पहले ही, मेहमान टीम को चुनाव के लिए अधिकार दिया जाएगा कि वे पहले बैटिंग करना चाहेंगे या फिर फील्डिंग। इसके साथ ही, सीके नायडू ट्रॉफी में एक और महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है, जिसमें नया प्वाइंट सिस्टम शामिल होगा। इसके अनुसार, जब पहली पारी खेली जाएगी, तो बल्लेबाजी और गेंदबाजी के अनुसार अंक प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, पहली पारी में बढ़त या जीत हासिल करने पर भी अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाएंगे ताकि बल्लेबाजी और गेंदबाजी के प्रदर्शन को प्रोत्साहित किया जा सके।*

### नए नियम को लेकर बोले जय शाह

दरअसल इस विषय पर बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक बयान दिया है। जय शाह ने बताया कि "घरेलू क्रिकेट का सीजन दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट के साथ आरंभ होगा, जिसमें चार टीमें शामिल होंगी जिन्हें नेशनल सेलेक्टर्स द्वारा चुना जाएगा। इसके बाद, ईरानी कप टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। दलीप ट्रॉफी और ईरानी कप के पश्चात, रणजी ट्रॉफी के पहले पांच लीग मैच खेले जाएंगे। सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट और विजय हजारे ट्रॉफी के बाद, रणजी ट्रॉफी के शेष दो लीग मैच और नॉकआउट मुकाबले होंगे।"

## टी-20 विश्व कप 2024 के लिए टीम घोषित

# नजमुल हुसैन करेंगे बांग्लादेश की कप्तानी



एजेंसी ▶▶| ढाका

आगामी 1 जून से शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप 2024 के लिए बांग्लादेश क्रिकेट टीम घोषित की गई है। नजमुल हुसैन शांतो को टीम का कप्तान बनाया गया है। शांतो के नेतृत्व वाली 15 सदस्यीय टीम में अनुभवी ऑलराउंडर महमूदुल्लाह को भी जगह मिली है उन्हें विश्व कप के पिछले संस्करण में नहीं चुना गया था। तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया है। टी-20 विश्व कप 2024 के लिए बांग्लादेश की टीम को ग्रुप-डी में रखा गया है। बांग्लादेश अपने अभियान की शुरुआत 7 जून को श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ मुकाबले से करेगी।

### महमूदुल्लाह को भी मिला मौका

महमूदुल्लाह हाल ही में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 सीरीज में भी खेलते हुए नजर आए थे। वह 2007 से 2021 के बीच 7 संस्करण में बांग्लादेश की टीम का हिस्सा रह चुके हैं। उन्होंने इस प्रतियोगिता में 30 मैचों में 110.67 की स्ट्राइक रेट के साथ 363 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 1 अर्धशतक रहा है। गेंदबाजी में उन्होंने 7.10 की इकॉनमी रेट के साथ 8 विकेट लिए हैं।

### बांग्लादेश ने टीम में चुने हैं अनुभवी खिलाड़ी

बांग्लादेश की टीम में महमूदुल्लाह के अलावा शाकिब अल हसन, सौम्य सरकार, मुस्तफिजुर रहमान और लिटन दास जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को चुना गया है। मुस्तफिजुर बांग्लादेश की तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे। अनुभवी शाकिब के अलावा मेहदी हसन, तनवीर इस्लाम और रिशाद हुसैन के रूप में 3 विशेषज्ञ स्पिन गेंदबाजी विकल्पों पर भरोसा जताया है। हसन महमूद और अफीफ हुसैन को ट्रेवलिंग रिजर्व के रूप में नामित किया गया है।

### ऐसी है बांग्लादेश की टीम

नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तंजीम हसन तमीम, लिटन दास, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमुदुल्लाह, सौम्य सरकार, जाकिर अली, मेहदी हसन, तस्कीन अहमद, तनवीर इस्लाम, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम और तंजीद हसन

## आईपीएल के इतिहास में भुवनेश्वर-प्रवीण सबसे अधिक मेडन ओवर फेंकने वाले गेंदबाज

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 संस्करण अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ चुका है। अब सभी टीमों की नजर प्लेऑफ पर टिक गई है। संस्करण के शुरुआती चरण में जहां बल्लेबाजों का दबदबा रहा, वहीं दूसरे चरण में गेंदबाजों के प्रभाव से स्कोरिंग दर कम रही। टी-20 क्रिकेट में डॉट गेंद निकालना अपने आप में बड़ी बात समझी जाती है। वैसे तो आईपीएल के इतिहास में कई गेंदबाज ऐसे हैं जिन्होंने 10 या उससे अधिक मेडन ओवर फेंके हैं लेकिन इन सबमें सबसे टॉप पर भुवनेश्वर कुमार हैं।

### भुवनेश्वर कुमार (14 मेडन)

सनराइजर्स हैदराबाद के स्टार खिलाड़ी भुवनेश्वर कुमार ने आईपीएल में 14 मेडन ओवर फेंके हैं। उन्होंने 173 मैच खेलकर 7.51 की इकोनॉमी से 181 विकेट भी चटकाए हैं। तेज गेंदबाज दो बार पर्पल कैप पर भी कब्जा जमा चुके हैं।

## फुटबॉल में येलो व रेड कार्डों से अलग होगी खिलाड़ियों को ब्लू कार्ड से दी जाने वाली सजा

**नई दिल्ली।** फुटबॉल के लिए नियम बनाने वाली संस्था इंटरनेशनल फुटबॉल एसोसिएशन बोर्ड इस खेल में कुछ नया करने जा रही है। आपने येलो कार्ड और रेड कार्ड के बारे में तो सुना होगा, लेकिन अब फुटबॉल में खिलाड़ियों को ब्लू कार्ड भी दिखाया जाएगा। यह येलो और रेड कार्डों से अलग एक खिलाड़ियों को दी जाने वाली अनूठी चेतावनी होगी। इसका उपयोग पहली बार मेक्सिको में साल 1970 के फीफा विश्व कप में किया गया था।


SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY
Established under CGPURC (Establishment and Operation) Act, 2005 (13 of 2005)
Address: NH-30, Near Shadani Darbar, New Dhamtari Road, Raipur (C.G.) 492016
Call : 8305945949, 9179888724

RECRUITMENT

Suitable Candidates may send their resume on hr@sruraipur.ac. in within 10 days from the date of this advertisement.

| S.No | Department / Subjects | Professor | Associate Professor | Assistant Professor |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Commerce | 02 | 02 | 01 |
| 2 | Management | 01 | 03 | 02 |
| 3 | Hotel Management | 01 | 02 | 02 |
| 4 | B.Sc and M.Sc (Physics, Chemistry, Zoology, Botany, Bio-Tech, Microbiology, Nutrition, Bio-Chemistry) | 07 | 07 | 00 |
| 5 | Optometry | 02 | 03 | 03 |
| 6 | Medical Lab Technology | 02 | 03 | 03 |
| 7 | Pharmacy | 02 | 04 | 16 |
| 8 | Metallurgy | 01 | 01 | 02 |
| 9 | Urban and Town Planning | 00 | 01 | 03 |
| 10 | CivilEngg | 02 | 04 | 10 |
| 11 | Computer Science & Engg | 04 | 04 | 10 |
| 12 | EEE, ECE, ETC | 02 | 04 | 10 |
| 13 | Mining Engg. | 02 | 04 | 10 |
| 14 | Mechanical Engg. | 03 | 03 | 12 |
| 15 | B.Sc, BCA, MCA and M.Sc (CS) | 02 | 04 | 03 |
| 16 | LAW | 02 | 08 | 15 |
| 17 | English | 00 | 01 | 01 |
| 18 | Sociology | 01 | 01 | 00 |
| 19 | Political Science | 01 | 00 | 01 |
| 20 | Geography | 01 | 01 | 00 |
| 21 | Psychology | 01 | 01 | 01 |
| 22 | History | 01 | 01 | 00 |
| 23 | Economics | 01 | 01 | 00 |
| 24 | Fashion Design | 01 | 01 | 00 |
| 25 | Interior Design | 01 | 01 | 00 |
| 26 | Journalism and Mass Communication | 02 | 01 | 00 |
| 27 | Physical Education | 02 | 03 | 03 |
| 28 | Library Science | 02 | 03 | 03 |
| 29 | Social Work | 01 | 01 | 00 |
| 30 | Special Education (MR/ID) | 00 | 01 | 02 |
| 31 | Nursing (Specialization in Psychiatric and Gynecology, Medical Surgical, Pediatrics and Community Health Nursing as per INC norms-For SRI) | 01 | 02 | 06 |

- Candidates having Ph.D Degree or NET/SLET/SET shall be considered.
- While applying be confirmed about essential qualifications as per details from UGC, RCI, AICTE, BCI & PCI etc.
- Candidate(s) must mention their qualification with percentages and experiences very clearly, current and expected salary in resume with joining time.

Registrar




# हरिभूमि: पाठक पुरस्कार योजना के प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

**जबलपुर।** राष्ट्रीय दैनिक हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना के परिणाम घोषित होने के बाद जबलपुर संस्करण में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किये गये। हरिभूमि के रिछाई स्थित कार्यालय में मंगलवार को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में यूनिट हैड अखिलेश रिछारिया व प्रसार प्रमुख अमरेंद्र सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गये। इस दौरान रमेश सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, शशिकांत शुक्ला, योगेश सुखदान, सुरेंद्र गोंटिया, भानु खापरे, सुधीर शुक्ला, प्रदीप खरे, राकेश मालवीय, मूरत कनौजिया, विजय कुशवाहा, शिव बर्मन, शिवशंकर तिवारी गुलाब सिंह पटेल, शिवम गुप्ता उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि हरिभूमि द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पाठक पुरस्कार योजना आयोजित की गई थी। जिसमें हरियाणा, नई दिल्ली, छत्तीसगढ के प्रतियोगी शामिल हुए। पुरस्कार मिलने से विजेता प्रतिभागी खुश नजर आये। प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय स्तर पर कार, एलईडी टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित सांत्वना पुरस्कार जीते। जबलपुर में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वालों में अमर चौधरी, अब्दुल राशिद, कुसुम, द्वारका प्रसाद सोनी, रामश्रय विश्वकर्मा शामिल रहे।












## नदी से अवैध रेत खनन पर अंकुश लगाने क्या कदम उठाए जा रहे

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य शासन से पूछा है कि शहडोल में नदी से अवैध रेत खनन पर अंकुश लगाने क्या कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं कोर्ट ने ब्यौहारी में अवैध रेत खनन करने वाले माफियाओं द्वारा एएसआई व पटवारी की हत्या के बाद की गई कार्रवाई के संबंध में जवाब मांगा है। जस्टिस डीके पालीवाल की एकलपीठ ने दो आरोपियों अनुज कौल और शुभम विश्वकर्मा की जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान उक्त निर्देश दिए। मामले पर अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी।

मामले पर सुनवाई के दौरान ब्यौहारी के एसडीओपी रवि प्रकाश कोल और तत्कालीन थाना प्रभारी राज कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता प्रदीप गुप्ता ने कोर्ट को बताया कि इस संबंध में शहडोल कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट मांगी गई है। गौरतलब है कि विगत 5 मई को ब्यौहारी क्षेत्र में रेत माफिया के लोगों ने सहायक उप निरीक्षक महेंद्र बागरी को ट्रैक्टर से कुचलकर मार डाला था। कुछ माह पहले इसी क्षेत्र में पटवारी प्रसन्न सिंह की भी रेत माफियाओं ने ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या की थी। मामले में बनाए उक्त आरोपियों ने अधीनस्थ अदालत से जमानत निरस्त होने के बाद हाईकोर्ट में आवेदन पेश किया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240